CMYK

अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 17°C
सेंसेक्स 76,617.44
निफ्टी 23,332.35
सोना 93,720
चांदी 1,05,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, गुरुवार 3 अप्रैल 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 152 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 4 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी अस्पताल में भर्ती

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### जैकब डफी आईसीसी टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर


# देश में गरीबों की तकदीर बदलेगा नया वक्फ कानून

## विपक्ष के विरोध के बीच वक्फ संशोधन विधेयक 2025 लोकसभा में पेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार ने लोकसभा में विपक्ष के विरोध के बीच मुस्लिम धार्मिक संपत्तियों के प्रबंधन करने वाले वक्फ़ संशोधन विधेयक 2025 को पेश किया और कहा कि यह विधेयक किसी भी मस्जिद, दरगाह या अन्य किसी धार्मिक स्थान को हड़पने के लिए नहीं है, बल्कि शुद्ध रूप से दान की गई संपत्ति के बेहतर प्रबंधन के लिए है, ताकि मुस्लिम समाज के गरीबों एवं महिलाओं की तकदीर बदली जा सके।

सदन में प्रश्नकाल के बाद आवश्यक दस्तावेज पटल पर रखवाने के उपरान्त अध्यक्ष ओम बिरला ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू का नाम वक्फ़ संशोधन विधेयक 2025 तथा मुसलमान वक्फ निरसन विधेयक 2024 को सदन के विचार एवं पारित करने के लिए रखने को पुकारा। सदन में उपनेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित थे। विपक्ष की ओर से आरएसपी के नेता एनके प्रेमचंद्रन ने विधेयक के मसौदे पर आपत्ति जताते हुए कहा कि किसी भी संयुक्त संसदीय समिति को विधेयक के पाठ को बदलने का हक नहीं है। अलबत्ता सरकार और मंत्री यह काम कर सकते हैं। इस पर गृह मंत्री श्री शाह ने स्पष्ट किया कि संयुक्त संसदीय समिति ने जिस मसौदे को स्वीकृति दी है, उसे केन्द्रीय मंत्रिमंडल की स्वीकृति दिलाने के बाद ही संसद में लाया गया है। इसलिए -शेष पृष्ठ दो पर



**यह विधेयक किसी भी मस्जिद, दरगाह या अन्य किसी धार्मिक स्थान को हड़पने के लिए नहीं**

**मुस्लिम समुदाय के धार्मिक अधिकारों में दखल नहीं दिया जाएगा: अमित शाह**

### वक्फ प्रबंधन समिति में 22 में से 10 लोग मुस्लिम समाज से होंगे: रिजिजू

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इसमें वक्फ़ प्रबंधन समिति में 22 लोगों में से 10 मुस्लिम समाज के लोग, दो पूर्व न्यायाधीश, एडवोकेट, मुस्लिम महिलाएं, दो गैर मुस्लिम सदस्य होंगे। उन्होंने कहा कि वक्फ़ संशोधन विधेयक में देश के कानूनों को जगह देकर ट्रिब्यूनल में लंबित हज़ारों केसों को निस्तारित करने का रास्ता खोजा है

# विपक्ष ने कहा सरासर गलत

**नई दिल्ली।** विपक्ष ने ने लोकसभा में बुधवार को पेश वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 को सरकार की संविधान विरोधी नीति का परिणाम बताया और कहा कि इस विधेयक को लाकर भाजपा देश में भ्रम फैला रही है और समाज को बांटने का काम कर रही है।

कांग्रेस के गौरव गोगोई ने अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरन रिजिजू द्वारा सदन में विधेयक को चर्चा करके पारित करने के लिए प्रस्ताव पर बहस शुरू करते हुए कहा कि विपक्ष भी चाहता है कि कानून में आवश्यक संशोधन हो, लेकिन सरकार की मंशा ठीक नहीं है और विभाजन की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार वक्फ विधेयक को लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है। देश का संविधान हर व्यक्ति को बराबरी, मौलिक अधिकारों की रक्षा, संघीय ढांचे की सुरक्षा और राष्ट्र की अखंडता सुनिश्चित करने की बात करता है, लेकिन सरकार का वक्फ विधेयक संविधान पर आक्रमण है और भ्रम फैलाकर समाज को विभाजित कर वोट बैंक की हिफाजत करना है। उनका कहना था कि सरकार यह

**■ वक्फ विधेयक संविधान पर हमला, सरकार फैला रही है भ्रम**

**■ समाज को बांटने का काम कर रही है भाजपा: गोगोई**

कहते हुए भ्रम फैला रही है कि विधेयक पर व्यापक रूप से चर्चा हुई है जबकि सरकार इस पर मनमानी करती रही और सदन में व्यापक चर्चा की बात कर भ्रम फैला रही है। उनका यह भी कहना था कि इस विधेयक को लेकर जो बैठकें हुई है उन बैठकों के मिनट्स सरकार सदन में रखेगी, तो सच्चाई सबके सामने आ जाएगी। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि यह विधेयक अल्पसंख्यक मंत्रालय नहीं बल्कि किसी और मंत्रालय ने तैयार किया है, इसलिए इसमें अल्पसंख्यकों के हितों के कोई प्रावधान नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति वक्फ कर सकता है, लेकिन सरकार इस कानून के जरिए एक व्यक्ति के अधिकार को छीनने का काम कर रही है।

### कुणाल कामरा को तीसरा समन, पांच अप्रैल को बुलाया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर पैरोडी सॉन्ग मामले में कॉमेडियन कुणाल कामरा को पुलिस ने तीसरा समन भेजा है। उन्हें 5 अप्रैल को खार पुलिस स्टेशन में पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है। इससे पहले पुलिस कामरा को दो समन भेज चुकी है। इधर, मंगलवार को कुणाल कामरा मद्रास हाईकोर्ट में पेश हुए। उन्होंने दावा किया कि पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है, इसलिए उन्हें ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी जाए। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस सुंदर मोहन ने कामरा को ट्रांजिट अग्रिम जमानत दे दी। इससे पहले 28 मार्च को हाईकोर्ट ने कामरा को 7 अप्रैल तक की अग्रिम जमानत दी थी। कामरा ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर की। इसका शीर्षक था 'एक कलाकार को खत्म करने की स्टेप-बाय-स्टेप गाइड'। कामरा ने लिखा आज के दौर में कलाकारों के पास दो ही विकल्प हैं या तो अपनी आत्मा बेचकर डॉलर की कठपुतली बन जाएं या फिर चुपचाप खत्म हो जाएं। कामरा वर्तमान में तमिलनाडु में हैं। कामरा ने एक स्टैंडअप कॉमेडी शो में पैरोडी की थी, जिसमें शिंदे को गद्दार कहा गया था।

### संसद ने ऑटिज्म से पीड़ित लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने बुधवार को विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों और व्यक्तियों के अधिकारों तथा कल्याण को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। सभापति जंगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही शुरू होने पर जरूरी दस्तावेज सदन के पटल पर रखे जाने के बाद कहा कि आज विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस है और इस मौके पर यह सदन इस रोग से पीड़ित लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि यह सदन ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्तियों के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

### पिछड़ा वर्ग के समूहों ने दिल्ली में धरना प्रदर्शन किया शुरू

**हैदराबाद/नई दिल्ली।** तेलंगाना पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ राष्ट्रीय समिति के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग समूहों ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन शुरू किया और केंद्र सरकार से 42 प्रतिशत आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करके लागू करने की मांग की। तेलंगाना विधानसभा ने पिछड़ा वर्ग विधेयक पारित कर दिया है, जिसके तहत शिक्षा, रोजगार और राजनीति में पिछड़ी जातियों के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

### पुर्तगाल व स्लोवाकिया की यात्रा पर जाएंगी मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आगामी सात अप्रैल को चार दिन की पुर्तगाल और स्लोवाकिया की राजकीय यात्रा पर जाएंगी, जिससे दोनों यूरोपीय देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत तथा व्यापक बनाने में मदद मिलेगी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रपति सात से दस अप्रैल तक इन दोनों देशों की यात्रा पर जाएंगी। श्रीमती मुर्मू पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी. सूसा के निमंत्रण पर 7 और 8 अप्रैल तक पुर्तगाल की यात्रा पर रहेंगी। यह यात्रा 27 वर्षों के अंतराल के बाद ऐसे समय में हो रही है जब भारत और पुर्तगाल राजनयिक संबंधों की पुन: स्थापना के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं।

### हाईकोर्ट ने पूर्व एमयूडीए प्रमुख को दी राहत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) के पूर्व आयुक्त डीबी नटेशा को जारी ईडी के समन को रद्द करने वाले एकल न्यायाधीश के आदेश पर रोक लगाने से बुधवार को इन्कार कर दिया। अदालत ने हालांकि, स्पष्ट किया कि यह आदेश मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की पत्नी पार्वती को कथित अवैध भूमि आवंटन की चल रही जांच में बाधा नहीं डालेगा। मुख्य न्यायाधीश एनवी अंजारिया और न्यायमूर्ति केवी अरविंद की खंडपीठ ने अपना आदेश सुनाते हुए कहा कि इस तरह की रोक की प्रार्थना स्वीकार नहीं की जाती।

# सुप्रीम कोर्ट ने रेवंत रेड्डी के 'कोई उपचुनाव नहीं होगा' वाले बयान पर जताई आपत्ति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की ओर से सदन में दिए गए इस बयान पर कार्रवाई कि अगर भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायक कांग्रेस में शामिल होते हैं, तो भी उपचुनाव नहीं होंगे, पर बुधवार को कड़ी आपत्ति जताई।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने सदन में मुख्यमंत्री के इस बयान के लिए उनकी खिंचाई की। पीठ ने कहा कि यदि यह सदन में कहा जाता है, तो आपके माननीय मुख्यमंत्री 10वीं अनुसूची का मजाक उड़ा रहे हैं। रामलीला मैदान में राजनेताओं द्वारा कही गई बात सदन में कही गई बात



**■ तेलंगाना सीएम ने अपने बयान में कहा था अगर बीआरएस के विधायक कांग्रेस में शामिल होते हैं, तो भी उपचुनाव नहीं होंगे**

से अलग है। पीठ ने कहा कि जब राजनेता विधानसभा में कुछ कहते हैं, तो उसमें कुछ पवित्रता होती है। वास्तव में निर्णय/ निर्णयों में कहा गया है कि जब हम कानूनों की व्याख्या करते हैं, तो सदन में भाषण देने वाले माननीय मंत्री के बयान का उपयोग उस कानून की व्याख्या के लिए किया जा सकता है। विधायी कार्यवाही पर न्यायिक जांच से संवैधानिक रूप से गारंटीकृत प्रतिरक्षा का हवाला देते हुए बीआरएस से कांग्रेस में शामिल होने वाले 10 पार्टी विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग की गई थी, इस पर उन्होंने यह स्पष्ट किया कि राज्य में कोई उपचुनाव नहीं होगा। श्री रेड्डी ने 27 मार्च को कथित तौर पर यह बयान राज्य विधानसभा में 2025-26 के लिए अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान विपक्षी विधायकों द्वारा उठाई गई चिंताओं का जवाब देते हुए दिया।

# एलओसी पर सेना ने पांच घुसपैठिए किए ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सेना ने 4-5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया। हालांकि, इसे लेकर सेना का आधिकारिक बयान नहीं आया है। घटना मंगलवार शाम को पुंछ में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर कृष्णा घाटी सेक्टर के फॉरवर्ड एरिया में हुई।

एलओसी से सटे इलाके में 3 माइन ब्लास्ट हुए और पाकिस्तान की ओर से फायरिंग भी हुई थी। दावा है कि इसी समय आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की थी। भारतीय सेना ने जवाबी फायरिंग की थी। जिसमें 4 से 5 घुसपैठिए मारे गए। सेना ने कहा कि एक अप्रैल को एलओसी के उस पार से पाकिस्तानी सेना ने घुसपैठ की कोशिश की। इसके कारण कृष्णा

**■ पाकिस्तानी सेना ने बिना उकसावे के फायरिंग की**

घाटी सेक्टर में एक माइन ब्लास्ट हुआ। पाकिस्तानी सेना ने बिना उकसावे के फायरिंग की और संघर्ष विराम का उल्लंघन किया गया। सेना ने कहा कि हमारे सैनिकों ने फायरिंग का जवाब दिया। स्थिति नियंत्रण में है और इस पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। भारतीय सेना एलओसी पर शांति बनाए रखने के लिए साल 2021 के डीजीएसएमओ समझौते को बनाए रखने की अपील करती है। इधर कठुआ में सुरक्षाबलों का 2 आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन जारी है।

# देश में आने वालों पर रखी जाएगी कड़ी नजर: राय

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने देश में प्रवेश, निवास और यात्रा से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल तथा पारदर्शी बनाने और विदेशियों तथा आप्रवासन से संबंधित सभी मामलों को विनियमित करने वाले आप्रवास और विदेशी विषयक विधेयक 2025 को विपक्ष के संशोधनों को खारिज करते हुए बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया।

इसके साथ ही इस विधेयक पर संसद की मुहर लग गई। लोकसभा इस विधेयक को पहले की पारित कर चुकी है। विपक्षी सदस्यों ने केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के जवाब से असंतुष्ट होकर सदन

**■ आप्रवास विधेयक को राज्यसभा की मंजूरी**

से बहिगर्मन किया। श्री राय ने कहा कि पुराने कानून के कमजोर और बिखरे हुए होने के कारण संबंधित कानूनों को समाहित करके नया कानून बनाना जरूरी हो गया था। यह विधेयक देश की आंतरिक सुरक्षा तथा अर्थतंत्र को मजबूती देगा और वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने के लिए मजबूत नींव रखने के लिए लाया गया है। यह विधेयक देश देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त विदेशियों को देश से बाहर निकालने तथा उनके देश में प्रवेश पर रोक लगाने के लिए लाया गया है।

# नक्सल विरोधी अभियान: मुठभेड़ में दो खूंखार नक्सली धराशायी

भोपाल, वार्ता

**केन्द्र एवं मध्य** प्रदेश शासन द्वारा मार्च, 2026 तक भारत को वामपंथी अतिवाद की पुरानी समस्या से मुक्त करने के उद्देश्य से अपनाई गई बहुआयामी रणनीति के तहत मध्य प्रदेश पुलिस ने बुधवार को एक मुठभेड़ में माओवादियों के एमएमसी जोन (मध्य प्रदेश- महाराष्ट्र- छत्तीसगढ़) के केबी डिवीजन की भोरमदेव एरिया कमेटी के दो हार्डकोर महिला नक्सलियों को मार गिराया।

पुलिस मुख्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सुरक्षा बलों द्वारा माओवादियों के विरुद्ध लगातार आक्रामक कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के मुंडीदादार- गनेरीदादर-परसाटोला जंगल क्षेत्र में माओवादियों की सूचनाएं मिलने पर इनकी तलाश के लिए सुरक्षा बलों को जंगल में भेजा गया था। बुधवार सुबह सर्चिंग के दौरान माओवादियों ने सुरक्षा बलों को हताहत करने तथा उनके हथियार लूटने की नियत से अंधाधुंध फायरिंग की गई। सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी जवाबी फायरिंग की गई। इस कार्रवाई में दो वर्दीधारी हार्डकोर महिला माओवादी मारी गईं। इनके कब्जे से एक एसएलआर राइफल तथा एक अन्य राइफल, भरी मैगजीन, एक वॉकीटॉकी सेट तथा चाकू बरामद किया गया। मुठभेड़ के दौरान घने जंगल का फायदा उठाकर भागे अन्य माओवादियों की तलाश में सुरक्षा बलों द्वारा मुठभेड़ क्षेत्र के आसपास सघन सर्चिंग अभियान संचालित किया जा रहा है।

### ऑर्गन डोनेशन पर सरकारी कर्मचारियों को 42 दिन की छुट्टी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए आर्गन डोनेशन (अंगदान) पर 42 दिन की स्पेशल कैजुअल लीव देने का प्रावधान किया है। लोकसभा में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस संबंध में जानकारी दी। यह छुट्टी सर्जरी के टाइप पर निर्भर नहीं करेगी और इसे सरकारी डाक्टर की सिफारिश पर अधिकतम 42 दिनों तक लिया जा सकता है। यह आमतौर पर अस्पताल में भर्ती होने के दिन से शुरू होगी, लेकिन जरूरत पड़ने पर सर्जरी से एक सप्ताह पहले भी ली जा सकती है। यह प्रावधान 2023 में कार्मिक मंत्रालय के आदेश के तहत लागू किया गया था, जिससे आर्गन डोनेशन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

# बिहार में पुल ढहने के मामले में जांच के लिए दायर याचिका पटना हाईकोर्ट स्थानांतरित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बिहार में कई पुलों के ढहने की घटनाओं की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति के गठन की मांग वाली जनहित याचिका को बुधवार को पटना उच्च न्यायालय स्थानांतरित कर दिया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने यह आदेश पारित किया।

याचिका में यह गुहार लगाई है कि एक साथ कई पुलों के ढहने की घटनाओं की संपूर्ण संरचनात्मक ऑडिट और कमजोर पुलों का आकलन करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन करने का निर्देश दिया जाए। पीठ ने बिहार सरकार के जवाबी हलफनामे में दिए गए विवरणों की समीक्षा करने के बाद मामले को पटना उच्च न्यायालय स्थानांतरित करने का फैसला किया। पीठ की ओर से मुख्य न्यायाधीश खन्ना ने कहा कि हमने जवाबी हलफनामे को देखा है और हम इसे पटना उच्च न्यायालय स्थानांतरित कर रहे हैं। हलफनामे में निरीक्षण और किए जा रहे उपायों का विवरण है। याचिकाकर्ता के वकील ने कार्यवाही के दौरान इस बात पर जोर दिया कि बिना किसी तीसरे पक्ष के निरीक्षण के कई पुल ढह गए थे। पीठ की ओर से न्यायमूर्ति कुमार ने स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि तीन निर्माणाधीन पुल ढह गए।

### भारत और आयरलैंड के बीच गहरे कानूनी संबंध: सीजेआई खन्ना

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने बुधवार को कहा कि भारत और आयरलैंड के बीच गहरे कानूनी संबंध हैं। न्यायमूर्ति खन्ना ने इन संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आयरलैंड तथा भारत राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों पर ऐतिहासिक संबंध साझा करते हैं। इसके अतिरिक्त यह सिद्धांत कि भारत राज्यों का संघ है, आयरिश संविधान से लिया गया था। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 3 आयरिश संविधान के अनुच्छेद 5 से समानता रखता है। मुख्य न्यायाधीश ने अदालती कार्यवाही के दौरान कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आयरलैंड के शीर्ष अदालत के न्यायाधीश जेरार्ड होगन हमारे साथ हैं।

### महादेव सट्टा एप मामले में बघेल पर प्राथमिकी दर्ज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर सीबीआई ने महादेव सट्टा एप मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी में सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल समेत 21 आरोपियों के नाम शामिल हैं। मामले में श्री बघेल को आरोपी बनाया गया है। वह छह नंबर के आरोपी बनाए गए हैं। प्राथमिकी के बाद सीबीआई इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री से पूछताछ कर सकती है। सीबीआई ने हाल ही में देशभर में श्री भूपेश बघेल समेत तमाम आरोपियों के 60 जगहों पर छापेमारी की थी। कई राजनेता, नौकरशाह और पुलिस अधिकारियों के यहां छापेमारी की गई थी। इनमें छत्तीसगढ़, भोपाल, कोलकाता और दिल्ली में छापे मारे गए थे।

# हाईवे पर ट्रक की टक्कर से दो युवतियों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद जिले के मूंढापांडे थाना इलाके में दिल्ली-लखनऊ हाईवे के जीरो प्वाइंट पर मंगलवार रात 12 बजे सीमेंट की पाइप से भरे ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार हरियाणा के रोहतक की मॉडल टाउन निवासी सिमरन (18) और शिवानी (25) की मौत हो गई। वहीं युवतियों के दो दोस्त राहुल और संजू को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। चारों दोस्त 31 मार्च की सुबह नैनीताल गए थे।

पुलिस के अनुसार, कार सवार चारों दोस्त नैनीताल से वापस हरियाणा जा रहे थे। काशीपुर के रास्ते मुरादाबाद पहुंचे थे। जैसे ही उनकी कार मूंढापांडे क्षेत्र में जीरो प्वाइंट पर हाईवे पर चढ़ी तभी दिल्ली की ओर से आ रहे ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार ट्रक में फंस गई। ट्रक चालक कार को 50 मीटर तक घसीटते हुए लेकर चला गया। इसके बाद कार निर्यात फर्म की दीवार से टकरा गई। कार के इंजन से धुआं निकलने लगा। चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग निकला। आसपास के लोग मौके पर जुट गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों दोस्तों को बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने दोनों युवतियों को मृत घोषित कर दिया। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि घायल युवकों का उपचार चल रहा है। घायलों के परिजनों को जानकारी दे दी गई है। पुलिस ने बताया -शेष पृष्ठ दो पर



**■ दो युवक घायल, कार में रखे मोबाइल में गूगल लोकेशन ऑन थी**

**■ आशंका: कार गूगल मैप की लोकेशन पर ड्राइव हो रही थी**

# लोन नहीं मिलने पर बैंक से लूटा 17 किलो सोना

बेंगलुरु, वार्ता

**कर्नाटक के** दावणगेरे जिले के एक शख्स ने लोन नहीं मिलने पर बैंक से 17 किलो सोना लूट लिया। पुलिस ने बताया कि लूट का मुख्य आरोपी विजय कुमार (30 साल) आर्थिक तंगी से जूझ रहा था।

उसने अगस्त 2023 में एसबीआई बैंक में 15 लाख रुपये के लोन के लिए अप्लाई किया था, लेकिन उसका एप्लीकेशन रिजेक्ट हो गया। इससे नाराज होकर उसने बैंक से 13 करोड़ रुपये का सोना लूटा। पुलिस ने कहा कि आरोपी विजयकुमार को स्पैनिश क्राइम ड्रामा सीरीज मनी हाइस्ट से चोरी का आइडिया आया। इसके बाद उनके यूट्यूब वीडियो देखकर 6-9 महीने में बैंक लूट की प्लानिंग की। बैंक लूटने में उसने भाई अजयकुमार, बहनोई परमआनंद और तीन अन्य साथी अभिषेक, चंद्रू और मंजूनाथ की भी मदद ली। पुलिस ने फिलहाल सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी विजयकुमार ने बैंक लूटने से पहले अपने 5 साथियों के साथ मिलकर कई महीने प्लानिंग की। विजयकुमार और चंद्रू ने कई बार बैंक की रेकी की। उन्होंने रात को सुनसान खेतों से बैंक तक जाने की मॉक ड्रिल की, ताकि पुलिस और आम लोगों की मूवमेंट का अंदाजा ना हो सके। इसके बाद गैंग ने खिड़की से बैंक में एंट्री ली। साइलेंट हाइड्रोलिक आयरन कटर और गैस-कटिंग टूल्स का इस्तेमाल करके बैंक के लॉकर तोड़े। किसी ने भी फोन का इस्तेमाल नहीं किया।

**■ मनी हाइस्ट सीरीज से आया आइडिया फिर यूट्यूब वीडियो देखकर बनाया प्लान, छह आरोपी गिरफ्तार**

## संक्षिप्त समाचार

### युवती से गैंगरेप केस में इंस्पेक्टर व चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रताप गढ़ जिले में थाना क्षेत्र रानी गंज के दुर्गागंज बाजार में प्राइवेट हॉस्पिटल में काम करने वाली दलित युवती की ड्यूटी के दौरान गैंगरेप और हत्या मामले में इंस्पेक्टर रानीगंज आदित्य कुमार सिंह और चौकी इंचार्ज रोहित यादव को लाइन हाजिर कर दिया है। पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार ने इस मामले में बड़ा एक्शन लिया है। एसपी ने दुर्गागंज बाजार में मामले को लेकर हुए बवाल में बुधवार को बताया कि मामले में मिली जांच रिपोर्ट के अनुसार पुलिस के अड़ियल रवैए से दुर्गा गंज के ग्रामीण भड़क गए थे और बवाल हो गया था,जिसमे ग्रामीणों द्वारा किए गए पथराव में कई पुलिस कर्मी घायल हो गए थे। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह दुर्गा गंज बाजार के एक निजी अस्पताल में रात में ड्यूटी के दौरान एक 22 वर्षीय दलित युवती घी मौत हो गई थी। मृतका के परिजनों ने अस्पताल के डाक्टर सहित अस्पताल कर्मियों पर दलित युवती के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या का आरोप लगाया था।

### नक्सलियों ने शांति वार्ता की अपील की

**सुकमा।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) की केंद्रीय समिति ने मध्य भारत में युद्ध को तत्काल रोकने का आह्वान किया है। समिति ने शांति वार्ता को सुगम बनाने के लिए भारत सरकार और भाकपा (माओवादी) दोनों से बिना शर्त युद्ध विराम की मांग करते हैं। समिति ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों के साथ मिलकर माओवादी-प्रभावित क्षेत्रों को लक्षित करते हुए 'काग' नामक एक गहन आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया। इस अभियान के परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर हिंसा, हत्याएं और सामूहिक गिरफ्तारियां हुई हैं। इस अभियान के दौरान 400 से अधिक माओवादी नेता, कार्यकर्ता और आदिवासी नागरिक कथित तौर पर मारे गए हैं। महिला माओवादियों को कथित तौर पर सामूहिक यौन हिंसा और फांसी का सामना करना पड़ा है। इसके अलावा कई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है और उन्हें अवैध हिरासत और यातना दी गई है। शांति वार्ता के लिए माओवादियों ने कुछ शर्तें भी रखीं हैं। माओवादियों ने बुद्धिजीवियों, मानवाधिकार संगठनों, पत्रकारों, छात्रों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं से शांति वार्ता के लिए सरकार पर दबाव बनाने का आग्रह किया।

### देश अब मांग रहा है आंदोलन: सपा

**लखनऊ।** केंद्र सरकार के बुधवार को लोकसभा में पेश किए गए वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि सपा इस बिल का विरोध करती है और करती रहेग। इसके साथ ही सपा नेता ने इशारे में कहा कि सरकार समाज के कुछ लोगों को चुन-चुन कर अपमानित करने का काम कर रही है। देश अब आंदोलन मांग रहा है। सीएम योगी के सवाल पर शिवपाल ने कहा की सभी धर्म के कार्यक्रमों पर सरकार को व्यवस्था करनी चाहिए। अगर व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं, तो गद्दी को छोड़ देना चाहिए। संविधान में लिखा है कि सभी समाज के लोगों को अपने-अपने धार्मिक त्योहार मनाने का अधिकार है और सरकारों की उनके त्योहार को मनाने की व्यवस्था देने का काम होता है।

# तीस जून तक बेच सकेंगे फसल

**लखनऊ, वार्ता**



**उत्तर** प्रदेश के किसानों के लिए राहत की खबर है क्योंकि अब वे मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत अपने घर बैठे सीधे सरकार को अपनी दालें और तिलहन बेच सकेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि 2 अप्रैल से 30 जून तक चलने वाली योगी सरकार की इस पहल के तहत किसान बिचौलियों या बाजार में उतार-चढ़ाव के बिना न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर अपनी उपज बेच सकेंगे। सूत्रों ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य उचित मूल्य सुनिश्चित करना और किसानों की आय बढ़ाना है, जिससे उन्हें निर्बाध और पारदर्शी बिक्री प्रक्रिया प्रदान की जा सके। इस अवसर का लाभ उठाकर किसान अपनी फसलों के लिए बेहतर रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं। पीएसएस के तहत, यूपी के विभिन्न जिलों को फसल खरीद के लिए दो प्रमुख एजेंसियों को सौंपा गया है, जिनमें नैफेड और एनसीसीएफ शामिल हैं। नैफेड के राज्य प्रमुख रोहित जैमन ने कहा कि किसानों को अपनी फसल बेचने

**■ सीपीएस के तहत घर बैठे सीधे यूपी सरकार को बेच सकेंगे**

के तीन कार्य दिवसों के भीतर सीधे उनके आधार से जुड़े बैंक खातों में भुगतान प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि सुचारू खरीद की सुविधा के लिए, पीसीएफ, पीसीयू, जेएएफईडी और यूपीएसएस के माध्यम से फसल उत्पादक जिलों में खरीद केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए किसान हेल्पलाइन 18002101222 पर संपर्क कर सकते हैं। यह विशेष खरीद योजना केंद्र सरकार और यूपी सरकार द्वारा संयुक्त रूप से कार्यान्वित की जा रही है, जिसमें नैफेड के प्रबंध निदेशक दीपक अग्रवाल व्यक्तिगत रूप से प्रक्रिया की देखरेख कर रहे हैं।

# दिल्ली विस के इतिहास में सबसे झूठा बजट: आतिशी

**नई दिल्ली, वार्ता**

**आम** आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार की ओर से पेश बजट के झूठ को उसकी सरकार के ही आदेश ने उजागर कर दिया है।

आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में बुधवार को कहा कि पिछले दिनों भाजपा की दिल्ली सरकार ने दिल्ली विधानसभा में बजट पेश किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री रेखा गुप्ता ने बार-बार कहा कि एक लाख करोड़ का बजट दिल्ली विधानसभा में पेश हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक बजट है, क्योंकि पहली बार इतना बड़ा बजट दिल्ली विधानसभा में पेश किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार का यह बजट ऐतिहासिक इसलिए है, क्योंकि यह दिल्ली विधानसभा के इतिहास में अब तक का सबसे झूठा बजट है। उन्होंने कहा कि



मैंने बजट सत्र में अपने संबोधन में इसे सिलसिलेवार और तार्किक तरीके से समझाया कि दिल्ली सरकार के पास एक लाख करोड़ रुपये की न आय है और न तो हो सकती है। अगर टैक्स के आंकड़े देखें, तो जितने आंकड़े इस बजट में दिए गए हैं, उससे कम से कम 5,000 करोड़ रुपये कम टैक्स आएगा, 10 हजार करोड़ रुपये कम लोन मिलेगा और केंद्र सरकार ने अभी तक अपने बजट में दिल्ली सरकार के लिए एक पैसा भी नहीं रखा है। मैंने अनुमान लगाया

**■ हवा-हवाई और जुमलों वाला बजट कागजों पर दिल्ली के लोगों को मिल गया: आप**

था कि दिल्ली सरकार का बजट वास्तविक करीब 78 हजार करोड़ रुपये का है। आप नेता ने दिल्ली सरकार के कागजात का हवाला देते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के वित्त विभाग को भी पता है कि सरकार के पास एक लाख करोड़ तो छोड़िए, 78 हजार करोड़ रुपये का भी बजट नहीं है। दिल्ली सरकार के पास महज 60 हजार करोड़ रुपये का बजट है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च को भाजपा की दिल्ली सरकार के वित्त विभाग ने आदेश जारी करके सभी विभागों को आवंटित बजट में पांच फीसद राशि ज्यादा खर्च करने पर रोक लगा दी है। जिन विभागों को यह हवा-हवाई और जुमलों वाला बजट कागजों पर मिल गया है, उन विभागों को उसे खर्च करने पर रोक लगा दी गई है।

कपिल मिश्रा के इस्तीफे की मांग को लेकर विधानसभा में हंगामा

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के कला एवं संस्कृति तथा भाषा मंत्री कपिल मिश्रा के इस्तीफे की मांग को लेकर बुधवार को आम आदमी पार्टी के विधायकों ने जमकर हंगामा किया। सदन की कार्यवाही जैसे ही अपरा]न दो बजे शुरू हुई, तो आप के विधायक श्री मिश्रा के इस्तीफे की मांग करने लगे। इस दौरान आप के विधायक अपने हाथों में पोस्टर लिए हुए थे, जिस पर 'कपिल मिश्रा इस्तीफा दो[ लिखा हुआ था। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आप विधायकों से बार- बार शांत रहने और सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की, लेकिन आप विधायक शांत नहीं हुए। इसके बाद श्री गुप्ता ने विपक्ष की नेता आतिशी , आप विधायक संजीव झा, अनिल झा, मुकेश अहलावत और जरनैल सिंह सहित आप के कई अन्य सदस्यों को मार्शल के जरिये सदन से बाहर निकलवा दिया और सदन की

## वक्फ संशोधन बिल को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश का हमला

# नाकामियां छिपाने के लिए लाई सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**

**सपा** प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि मोदी सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए वक्फ विधेयक लेकर आई है और भारतीय जनता पार्टी इसके जरिये ध्रुवीकरण की राजनीति कर अपने गिरते मतों को संभालना चाहती है।

श्री यादव ने वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पर सदन में हो रही चर्चा के दौरान कहा कि नोटबंदी, किसानों की आय दुगुनी करने, गंगा सफाई, स्मार्ट सिटी, आदर्श ग्राम योजना आदि कामों में सरकार की विफलताओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए यह विधेयक लाया गया है। उन्होंने कहा कि जो सरकार प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ में मरने वालों की संख्या नहीं बता पा रही है, वह वक्फ की संपत्तियां गिनने की तैयारी में लगी है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के पीछे नीयत करोड़ों मुस्लिमों के घरबार और दुकान छीनने की है और यह विधेयक भाजपा की साम्प्रदायिक राजनीति का नया रूप है। समाजवादी पार्टी के नेता ने कहा कि इसके



**■ इस विधेयक के पीछे नीयत करोड़ों मुस्लिमों के घरबार और दुकान छीनने की साम्प्रदायिक राजनीति का नया रूप है ये बिल**

माध्यम से सरकार मुसलमानों को भड़काना चाहती है ताकि समाज में ध्रुवीकरण हो और भाजपा के वोट में आ रही गिरावट रुके। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के कई साथी दल भी अंदर से इस विधेयक के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह विधेयक भारत के लोकतंत्र के बारे में दुनिया में एक गलत संदेश भेजेगा। उन्होंने कहा कि मैं भी हिदू हूं, हिदू सबको साथ लेकर चलने वाला होता है। श्री यादव ने इसी संदर्भ में अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू की ओर संकेत करते हुए कहा कि आप हमारे बहुत से धर्मग्रंथों को नहीं मानते, उपनिषदों को स्वीकार नहीं करते, फिर भी हम आपको अपनाकर चलते हैं। उन्होंने कहा कि श्री रिजिजू ने कहा है कि रेलवे और रक्षा विभाग की जमीनें देश की जमीनें हैं, वह पूछना चाहते हैं कि क्या रेलवे की जमीनें बेची नहीं जा रही, रक्षा विभाग की जमीनें बेची नहीं जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से वक्फ की जमीनों की बातें खूब की जा रही हैं, वक्फ की जमीनों से ज्यादा बड़ा मुद्दा देश की उन जमीनों का है, जिन पर चीन ने कब्जा करके गांव बसा लिए हैं। उन्होंने पूछा कि क्या श्री रिजिजू बताएंगे कि चीन ने भारत की जमीनों पर कितने गांव बसा लिए हैं। श्री यादव ने कहा कि भाजपा के मतों में गिरावट आ रही है, उस गिरावट को संभालने के लिए यह वक्फ विधेयक लाया गया है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे के बंटवारे के लिए लाया गया है, समाजवादी पार्टी इस विधेयक का विरोध करती है,और मत विभाजन होने पर इसके खिलाफ वोट देगी।

### देश में भय का माहौल बना रही सरकार: कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि मोदी सरकार देश में भय का माहौल बना रही है और व्यक्तियों के बीच भेदभाव कर रही है। कांग्रेस के अभिषेक मनु सिघवी ने 'आप्रवास एवं विदेशी विषयक विधेयक 2025' पर सदन में चर्चा शुरु करते हुए कहा कि उनकी पार्टी इसका विरोध करती है। उन्होंने कहा कि इससे देश में भय का माहौल बनेगा और यह संविधान की मूल भावना के विरुद्ध होगा। यह अधिकारियों को प्रताड़ना का अधिकार देता है। व्यक्तियों के बीच भेदभाव करता है। यह विदेशियों को मनमाने ढंग से देश से बाहर करने का अधिकार सरकार को देता है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक आव्रजन अधिकारी को असीमित अधिकार देता है। उसके निर्णय के विरुद्ध अपील भी नहीं की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि यह अधिकारी किसी भी व्यक्ति को विदेश जाने से रोक सकता है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक भारत के लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए संकट है। फिलहाल यह विदेशियों के लिए हैं, लेकिन जल्दी ही भारतीय नागरिकों पर भी इसकी छाया पड़ेगी। इससे पहले गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सदन में चर्चा कराने के लिए यह विधेयक पेश किया। भारतीय जनता पार्टी की रेखा शर्मा ने कहा कि विदेशियों का स्वागत राष्ट्र के हितों की कीमत पर नहीं होना चाहिए। कांग्रेस के शासन में राष्ट्रहित के इस पक्ष को अनदेखा किया गया जिससे बंगलादेश के लाखों लोग भारत में जमने में कामयाब हो गए। पश्चिम बंगाल में बंगलादेशियों के कारण हालात बहुत खराब हो गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत एक धर्मशाला नहीं है। यह विधेयक भारत को भारतीयों के लिए सुरक्षित बनाने में मदद करेगा। देश में आप्रवासन के कारण जनसंख्या की समस्या बढ़ती जा रही है।

# यूजीसी के मसौदा नियम पर सुझाव दे सकते हैं: प्रधान

**नई दिल्ली, वार्ता**



**केन्द्रीय** शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मसौदा नियम सार्वजनिक कर दिया गया है और राज्य अपने सुझाव दे सकते हैं।

श्री प्रधान ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान द्रविड मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के सदस्य तिरुची शिवा द्वारा पूछे गए सवाल के उत्तर में यह बात कही। श्री शिवा ने पूछा था कि क्या यूजीसी के मसौदा दिशा-निर्देशों के संबंध में राज्यों के साथ कोई परामर्श किया गया है। श्री प्रधान ने कहा कि यूजीसी के पास सुधारवादी नियम बनाने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि मसौदा प्रस्ताव जनता के लिए उपलब्ध है और प्रत्येक राज्य के मुख्य सचिव और प्रधान सचिवों को इसकी जानकारी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि दस से अधिक राज्यों ने अपने सुझाव दिए हैं, साथ ही राज्य, केंद्रीय, निजी और डीम्ड विश्वविद्यालयों सहित 52 विश्व. विद्यालयों ने भी अपने सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने व्यापक रूप से परामर्शी दृष्टिकोण अपनाया है और सुधारित मसौदा सार्वजनिक डोमेन में डाल दिया गया है और कोई

**■ राज्य सचित व चीफ प्रधान सचिव को दी गई है मसौदे की जानकारी**

भी इसके लिए सुझाव दे सकता है। श्री प्रधान ने कुलपति के चयन से संबंधित प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि स्वतंत्रता के बाद से इस पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया है। हर बार जब राज्य न्यायालय गए हैं, तो उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि यूजीसी के सुझाव ही किसी भी मामले में मान्य होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र के बीच समन्वय है। उन्होंने गैर-शैक्षणिक व्यक्ति को कुलपति नियुक्त किए जाने पर चिंता जताते हुए कहा कि वर्तमान परिवेश और प्रौद्योगिकी को देखते हुए, विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को शैक्षणिक संस्थानों का नेतृत्व करना चाहिए।

## अर्थ व्यापार

# लिवाली से शेयर बाजार ने लगाई छलांग

**मुंबई, वार्ता**

**अमेरिकी** टैरिफ की अनिश्चितताओं के बावजूद स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत पिछले दिवस के कोहराम से उबरकर आज शेयर बाजार ने लंबी छलांग लगाई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 592.93 अंक अर्थात 0.78 प्रतिशत उछलकर 76,617.44 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 166.65 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की तेजी के साथ 23332.35 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.38 प्रतिशत मजबूत होकर 41,667.65 अंक और स्मॉलकैप 0.99 प्रतिशत चढ़कर 47,136.15 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4085 कंपनियों के शेयरों में



कारोबार हुआ, जिनमें से 2863 में तेजी जबकि 1091 में गिरावट रही वहीं 131 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2977 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2148 में लिवाली जबकि 757 में बिकवाली हुई वहीं 72 के भाव स्थिर रहे। विश्लेषकों के अनुसार, पारस्परिक टैरिफ को लेकर अनिश्चितता आज की टैरिफ घोषणा के साथ कुछ हद तक कम हो सकती है। लेकिन, ट्रम्प के पहले भी टैरिफ को लेकर बार.बार अपने रुख में बदलाव करने की वजह से यह अनिश्चितता आज के बाद भी जारी रहने की संभावना है। निवेशकों को सलाह है कि वे टैरिफ और बाजार के रुझान के बारे में स्पष्टता का इंतजार करें। यदि टैरिफ की घोषणाएं उम्मीद से भी अधिक कठोर होती हैं तो बाजार में एक और बड़ी बिकवाली देखी जा सकती है। हालांकि, ऐसी स्थिति में भी घरेलू खपत से जुड़े सेक्टर मजबूत बने रहेंगे और उनमें स्थिरता दिख सकती है। बीएसई के सभी 21 समूहों में तेजी का रुख रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 122 अंक की तेजी लेकर 76,146.28 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 76,064.94 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। इसके बाद शुरू हुई लिवाली के दम पर बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 76,680.35 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 76,024.51 अंक के मुकाबले 0.78 प्रतिशत की छलांग लगाकर 76,617.44 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी भी 23,158.45 अंक के निचले जबकि 23,350.00 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा।

## अर्थ व्यापार

### कर्नाटक सरकार ने ईंधन पर बिक्री कर बढ़ाया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने ईंधन पर बिक्री कर दरें तत्काल प्रभाव से बढ़ा दी है, जिससे पेट्रोलियम उत्पादों की दरों में भारी उछाल आ सकती है। राज्य के वित्त विभाग की बुधवार को यहां जारी एक आधिकारिक अधिसूचना में अपर सचिव जे आर ललिता ने बताया बिक्री कर की दरों को 18-44 प्रतिशत से बढ़ाकर 21-17 प्रतिशत कर दिया गया है।

कर्नाटक बिक्री कर अधिनियम 1957 के तहत जारी इस अधिसूचना के अनुसार यह बढ़ोतरी ईंधन करों पर तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। सरकार ने हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं किया है कि यह वृद्धि किन विशेष उत्पादों को प्रभावित करेगी। गौरतलब है की यह परिवर्तन पूर्व में जून 2024 के संशोधित आद. ेश का ही हिस्सा है। यह बढ़ोतरी राज्यभर में आवागमन के साधनों की कीमतों को प्रभावित करेगी जिससे जरूरी सामानों और सेवाओं की कीमतों में भी वृद्धि होने की आंशका जताई गई है। इससे वाणिज्यिक वाहनों में इस्तेमाल होने वाले प्रमख ईंधन डीजल की कीमतों में भी बढ़ोतरी होने की संभावना है जिसके कारण माल ढलाई की कीमतों में उछाल के साथ-साथ मुद्रास्फीती पर भी गहरा असर पड़ सकता है। इससे पेट्रोल की दरों में बढ़ोतरी के कारण रोजमर्रा की यात्रा करने वाले यात्रियों की जेब पर असर पड़ेगा।

## अर्थ व्यापार

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

**विदेशी** बाजार में लगातार तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 83 रिंगिट उबलकर 4845 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0-11 सेंट की तेजी के साथ 47-55 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे।



इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5450-5550, दाल चना 6450-6550, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 8800-8900, अरहर दाल 8300-8400 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : द्धभाव प्रति क्विंटलत्रः गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपये और चावल : 3150-3250 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15751 रुपये, मूंगफली तेल 18681 रुपये, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये, सोया रिफाइंड 15201 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16849 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**देश में गरीबों की तकदीर बदलेगा.....**

किसी नियम का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। श्री शाह ने कहा कि जेपीसी ने विधेयक में कई संशोधन किए हैं। कांग्रेस के जमाने में कमेटियां ठप्पा होतीं थीं। हमारे समय में कमेटियां विचार करके जरूरी परिवर्तन करतीं हैं। इसके बाद अध्यक्ष श्री बिरला ने विपक्ष की आपत्तियों को खारिज करके विधेयक को पेश करने की अनुमति प्रदान की। श्री रिजिजू ने विधेयक को सदन के समक्ष विचार के लिए प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति ने पूरे देश में तमाम वर्ग के लोगों के साथ व्यापक चर्चा के बाद अपनी रिपोर्ट दी थी और उसके आधार पर यह विधेयक पारित कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेपीसी ने इस विधेयक के बारे में अभूतपूर्व परिश्रम किया है। करीब 97 लाख, 27 हजार 772 सुझावों, अपीलों, ज्ञापनों एवं सिफारिशों का निस्तारण किया है। सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों, अलग-अलग संगठनों, धार्मिक समुदायों, शोधकर्ताओं आदि ने अपने विचार साझा किए हैं। उन्हें पूरा विश्वास है कि जो लोग इस विधेयक का विरोध कर रहे हैं, इसके तथ्यों के बारे में जानकर उनका दिल बदलेगा और वे सब समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह विधेयक शुद्ध रूप से संपत्ति के प्रबंध का मामला है और इससे किसी धर्म के कार्यकलाप में कोई हस्तक्षेप नहीं होता है। उन्होंने कहा कि सरकार किसी धार्मिक कार्य में हस्तक्षेप नहीं कर रही है, यह कोई मंदिर, मस्जिद का विषय नहीं है। यह शुद्ध रूप से संपत्ति के प्रबंधन से जुड़ा मामला है। उन्होंने कहा कि वक्फ की संपत्तियों का प्रबंध मुतव्वली करता है और यह विधेयक उसी प्रबंध से संबंधित है। संसदीय कार्य मंत्री ने इस संबंध में केरल और इलाहाबाद उच्च न्यायालयों तथा उच्चतम न्यायालय के तीन निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा कि तीनों ही निर्णयों में न्यायालयों ने स्पष्ट किया है कि मुस्लिम वक्फ या हिन्दू मंदिरों की संपत्तियों के प्रबंध का काम स्वाभाविक रूप से सेक्युलर (गैरधार्मिक प्रकृति का काम) है। उन्होंने विपक्षी सदस्यों की टोका-टोकी के बीच कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक के बारे में 'आप यह तर्क बंद करें, कि मुसलमानों (की संपत्ति) के मामले में गैर-मुस्लिम को क्यों जोड़ा जा रहा है।' मंत्री ने विपक्ष खासकर कांग्रेस पर वोट बैंक की निरर्थक राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि 2014 के चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस के नेतृत्व वाली तत्कालीन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने शहरी विकास मंत्रालय की दिल्ली में 123 संपत्तियों को दिल्ली वक्फ बोर्ड को हस्तांतरित कर दिया था। श्री रिजिजू ने कहा कि आपको तो इसका फायदा हुआ नहीं, आप चुनाव हार गए। फिर ऐसा काम क्यों करते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष को इस विधेयक पर चर्चा करनी चाहिए और इसको लेकर कोई भ्रम पैदा नहीं करना चाहिए। यह विधेयक किसी के खिलाफ नहीं है, बल्कि मुसलमानों के हित में है और तमाम मुसलमान चाहते हैं कि वक्फ की संपत्तियों का कायदे से प्रबंध हो। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू नेकहा कि यह कहा जा रहा है कि सेना एवं रेलवे के बाद वक्फ़ के पास सबसे ज़्यादा ज़मीन है, तो यह समझना चाहिए कि रेलवे की जमीन पर पटरी बिछी है और उस पर देश की जनता चलती है। इसलिए रेलवे की ज़मीन देश की ज़मीन है। इसी तरह से सेना की जमीन भी देश की जमीन है, लेकिन वक्फ़ की संपत्ति निजी संपत्ति है। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे ज़्यादा वक्फ़ संपत्ति भारत में है, लेकिन हमारा गरीब मुसलमान परेशान क्यों हैं।

**हाईवे पर...**

कि कार में रखे मोबाइल में गूगल लोकेशन ऑन थी। इससे आशंका जताई जा रही कि कार गूगल मैप की लोकेशन पर ड्राइव हो रही थी।मूंढापांडे पुलिस ने क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। जीरो प्वाइंट के पास मंगलवार रात करीब 12 बजे हुए हादसे के बाद दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर लंबा जाम लग गया। हाईवे के दोनों छोर पर वाहनों की कई किलोमीटर तक कतार लग गई। मौके पर पहुंची कटघर और मूंढापांडे थानों की पुलिस ने हादसे में क्षतिग्रस्त कार और ट्रक को हाईवे से हटवाया। करीब डेढ़ घंटे बाद यातायात बहाल हो सका। नैनीताल से लौट रहे युवक-युवतियों की कार जैसे ही जीरो प्वाइंट पर हाईवे पर चढ़ी तभी दिल्ली की ओर से आ रहे सीमेंट के पाइप से लदे ट्रक ने जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे के बाद हाईवे लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद हाईवे के दोनों ओर वाहनों के पहिये थमते चले गए। वाहनों की कई किलोमीटर तक लंबी लाइन लग गई थी। सूचना पाकर कटघर, मूंढापांडे और हाईवे पुलिस ने मौके पर पहुंच गई। जैसे तैसे कार और ट्रक को मार्ग से हटाकर यातायात सुचारू करवाया। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक जाम लगा रहा। हादसे के बाद कार सवार दो युवक और दो युवतियां क्षतिग्रस्त कार में ही फंस गए। ट्रक चालक मौके पर ही ट्रक छोड़कर भाग निकला। हादसा देखकर दौड़े आसपास के लोग अभी कार सवारों को निकालने की कोशिश कर ही रहे थे कि कार में आग लग गई। जैसे-तैसे दोनों युवक तो कार से बाहर निकल आए, लेकिन युवतियां कार में ही फंसी रह गईं। लोगों ने पानी और मिट्टी आदि डालकर आग पर काबू पाया। बाद में युवतियों को कार से निकाला गया। सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्टरों ने दोनों युवतियों सिमरन व शिवानी को को मृत घोषित कर दिया।

### सरकार ने उत्तर पूर्वी राज्यों को पहला अंग बनाने का काम किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिधिया ने कहा कि पूर्व में उत्तर पूर्वी राज्यों को आखिरी टापू के रूप में देखा जाता था अब उत्तर पूर्वी राज्यों को पहला अंग बनाने का काम किया है।

श्री सिधिया ने प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के जवाब में कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी ने उत्तर पूर्वी राज्यों के विकास को प्राथमिकता दी है। पूर्व में उत्तर पूर्वी राज्यों को देश के आखिरी टापू के रूप में देखा जाता था अब प्रधानमंत्री ने इसे पहला अंग बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 के बीच 54 मंत्रालय के बजट आवंटन 27 हजार करोड़ रुपये का था जो वर्तमान में 91 हजार करोड रुपये प्रति वर्ष हो चुका है जो साढे तीन गुणा अधिक है। उत्तरी पूर्वी राज्यों में 19 रेलवे प्रोजेक्ट 80 हजार करोड़ की लागत से चलाए जा रहे हैं। इन राज्यों के 4500 गांव को 4जी नेटवर्क से जोड़ा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसंकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# मंच पर डिप्टी सीएम को मिला नीला ड्रम, महापौर को मिला टॉयलेट क्लीनर, ब्रजेश पाठक ने ड्रम की बताई खूबियां

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के वार्षिक आयोजन लंतरानी में मंगलवार की रात हास्य सीट पर बैठे नेताओं ने पर्ची निकाली और उस पर लिखे उपहार उन्हें भेंट किए गए। उपहारों पर नेताओं को कुछ बोलना भी था। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पर्ची निकाली, तो उस पर नीला ड्रम लिखा था। उन्हें नीला ड्रम भेंट किया गया, तो उन्होंने ड्रम की विशेषताएं बताकर वाहवाही लूटी।

नीला ड्रम इन दिनों जिस वजह से चर्चाओं में उसका बिना नाम लिए लोगों के बीच इसको लेकर चर्चा रही। हास्य सीट पर बैठीं महापौर सुषमा खर्कवाल को हारपिक भेंट किया गया और पूर्व मंत्री स्वाति सिंह को आईना भेंट किया गया। मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव और दीपक रंजन भी हास्य सीट पर बैठे। मुकेश बहादुर सिंह को जोरू का गुलाम सम्मान से नवाजा गया। लोहिया पार्क के मुक्ताकाशी मंच पर आयोजित कार्यक्रम में कवियों ने रचनाओं से गुदगुदाया। संचालन सर्वेश अस्थाना ने किया। आठवें वार्षिक हास्य उत्सव लंतरानी के दौरान हास्य कवि अरुण जेमिनी को लंतरानी सम्मान से नवाजा गया। उन्होंने रचनाओं से मनोरंजन किया। राजस्थान से आए पार्थ नवीन ने सुनाया- जादू भी जोरदार है, टोना भी जोरदार है, बाबू भी जोरदार है और शोना भी जोरदार है। कवयित्री शिखा श्रीवास्तव ने पढ़ा- इस अंधेरे में अब रोशनी के लिए, ये शिखा रात भर यूं ही जलती रहे। मुकुल महान ने सुनाया - कोई दोहा बनाता है, कोई चौपाई लिखता है, कोई गीतों में रंगता है, कोई रुबाई लिखता है। पुणे से आए दिलीप शर्मा ने पढ़ा- ऐसी जिंदगी जिओ हर पल तुम्हें चौंका दे, वक्त इतना मेहरबां नहीं है कि फिर तुम्हें मौका दे। विकास बौखल ने भी हास्य से भरपूर मुक्तकों से सभी का खूब मनोरंजन किया। उन्होंने सुनाया- प्यार के रोग को आधार से जोड़ा जाए...। एमएलसी पवन सिंह चौहान, इं. अवनीश सिंह, सपा के दीपक रंजन, कांग्रेस के मनीष हिंदवी, डा. अनिल रस्तोगी और आत्मप्रकाश मिश्र आदि मौजूद रहे।



# वक्फ संशोधन बिल संवैधानिक ढांचे पर आक्रमण : विजय शंकर

शाह टाइम्स संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** संसद में पेश हुआ वक्फ संशोधन बिल भारत के संवैधानिक ढांचे पर करारा प्रहार है जिला कांग्रेस कमेटी अम्बेडकर नगर के मीडिया प्रभारी और उप्र कांग्रेस सदस्य डा.विजय शंकर तिवारी ने भाजपा सरकार द्वारा संसद में पेश वक्फ बोर्ड संशोधन बिल को संविधान प्रदत्त मूल अधिकारों को कमजोर करने की साज़िश करार देते हुए कहा कि भाजपा और उसके आनुषंगिक संगठनों ने लगातार अल्पसंख्यक समुदाय और वक्फ बोर्ड के विषय में समाज में भ्रामक बातें फैलाईं।

डा. विजय शंकर तिवारी ने कहा कि संसद में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सांसद गौरव गोगोई ने स्पष्ट कर दिया है कांग्रेस समाज में दूरियां फैलानेवाली,नफरत और झूठ फैलाने वाले हर कानून का जोरदार विरोध करती है,संसद और देश चलाने के लिए हमारे पास भारतीय संविधान का मूलमंत्र है।डा. विजय शंकर तिवारी ने कहा कि देश संविधान से चलेगा जो कि सबको समानता का अधिकार देता है गौरतलब है कि वक्फ बोर्ड संशोधन बिल पर गठित जेपीसी की रिपोर्ट से कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन के सुझावों को सत्ता के अहंकार में चूर भाजपा ने हटा दिया था।

## दहेज हत्या में मां और बेटे को सात वर्ष कठोर कारावास

**सीतापुर।** कोतवाली महोली में वर्ष 2017 में महोली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महेवा निवासी रामेंद्र सिंह व रामेंद्र सिंह की मां किरन के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया गया था। इस मामले की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 2 ने सबूत को देखने, गवाहों और दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद रामेंद्र सिंह और उनकी मां किरन को दोषी करार दिया। इसके बाद न्यायाधीश ने दोनों को 7 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। वही 14000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

## दुकान से लाखों का माल ले गए चोर

**सीतापुर।** थाना थानगांव इलाके के नसीरपुर देवरिया गांव निवासी कैलाश पोरवाल की सोने चांदी के जेवरों की दुकान है। मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ दिया। इसके बाद चोर दुकान में मौजूद लाखों कीमत के सोने चांदी के जेवर समेट कर फरार हो गए। बुधवार की सुबह होने पर दुकान स्वामी को वारदात की जानकारी हो सकी। पीड़ित दुकान स्वामी ने इस संबंध में थानगांव थाने में तहरीर दी है। पुलिस घटना की जांच की बात कह रही है। वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

## सेवानिवृत्त एनएमएस को दी विदाई

**सीतापुर।** गोंदलामऊ सीएचसी में तैनात एनएमएस इंद्र देव को विदाई दी गई। इंद्र देव 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए थे। इसके बाद समारोह कर उन्हें विदाई दी गई। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। मौके पर मौजूद स्टाफ और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी धीरज मिश्रा ने कहा कि इंद्रदेव का कार्यकाल बहुत ही अच्छा रहा। सभी लोगों ने फूल माला पहनकर उनके कार्यकाल को याद किया और उन्हें विदाई दी । सीएचसी अधीक्षक धीरज मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित इस विदाई समारोह में पूरा मेडिकल स्टाफ मौजूद रहा। इस मौके पर डा. पंकज कनौजिया, डा. आशुतोष ने अपने वरिष्ठ सहयोगी को शुभकामनाएं दीं। फार्मासिस्ट एनके तिवारी, ओपी सिंह, पियूष बाजपेई और अश्विनी सिंह भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके अलावा राजेंद्र सिंह, प्रभात, वीके वर्मा और राम प्रकाश सहित समस्त स्टाफ ने विदाई समारोह में हिस्सा लिया।

# गर्मी को लेकर आपदा प्रबंधन में जारी की एडवाइजरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** भीषण गर्मी में लोगों को लू से बचाने के लिए आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने एडवाइजरी जारी की है।

एडवाइजरी को लेकर जिला. धिकारी अभिषेक आनन्द ने जिले के लोगों को सावधान रहने के लिए कहा। वहीं अधिकारियों को उचित प्रबंध करने को कहा है। अपर जिला. धिकारी/प्रभारी अधिकारी दैवीय आपदा नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार अप्रैल से मई के मध्य अधिक तापमान रहने की संभावना है। ऐसे में लोगों को हीट वेब से बचाव के लिए आवश्यक तैयारियां कर ली जाएं। उन्होंने हीटवेब से बचाव को लेकर जनसामान्य के बीच जागरूता अभियान चलाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि जब वातावरण का तापमाप 37 डिग्री सेल्सियस से 3-4 डिग्री अधिक पहुंच जाता है तो उसे हीटवेब या लू कहते हैं। आपदा विशेषज्ञ हीरालाल ने बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि गर्म हवाओं से बचने के लिए खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एलुमिनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढककर रखें ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाजों पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आतीं हैं, काले परदे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सजग रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। बच्चों तथा पालतू जानवरों को कभी भी बन्द वाहन में अकेला न छोड़ें। जहां तक सम्भव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के ताप से बचें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें। संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। मादक पेय पदार्थों का सेवन न करें। घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढककर रखें। घर में पेय पदार्थ जैसे लस्सी, छांछ, मट्ठा, बेल का शर्बत, नमक चीनी का घोल, नीबू पानी या आम का पना इत्यादि का प्रयोग करें।

# आवास सर्वे में ग्रामीणों ने लगाया धांधली का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** सकरन विकास खंड इलाके में आवास सर्वे के दौरान धांधली बरते जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत विभागीय अधिकारियों व पुलिस से की है।

विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत तारपारा के ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी सकरन व सकरन थाना पुलिस को शिकायती पत्र दिए हैं। आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत में इस समय आवास सर्वे का कार्य चल रहा है। जिसमें सर्वेयर द्वारा सर्वे के दौरान फर्जी जाबकार्डो को फीड किया जा रहा है। ग्रामीण संजय सिंह जाबकार्ड संख्या 628,बलराम 117, मुन्नीलाल 196,सुनील 449,गोबर्धन 723,विमला 267, सुनीता 478, रामसागर 14, सार्थक 664, सोहन 180 आदि जाबकार्ड धारकों का आरोप है कि आवास सर्वे के दौरान सर्वेयर द्वारा सर्वे के दौरान हम लोगों के जाबकार्ड संख्या दूसरे लोगों के सर्वे में डाल दिए है। हम लोगों के आवास के सर्वे के समय हम लोगों के जाबकार्ड दूसरे लोगों के नाम शो कर रहे है। उक्त ग्रामीणों ने मामले में खंड विकास अधिकारी व सकरन थाने पर शिकायती पत्र देकर मामले की जांच कराए जाने की मांग की है द्य पंचायत सचिव अजय गौतम ने बताया शिकायत मिली है । यह फाल्ट सेल्फ सर्वे के दौरान आई है। मामले की जांच करवा कर उसे ठीक करवाया जाएगा।

# हैंडबॉल प्रतियोगिता आयोजन को लेकर कलक्ट्रेट में हुई बैठक

**अंबेडकरनगर।** जनपद में आयोजित होने वाले 47वें आल इंडिया बायस हैंडबाल चौंपियनशिप के सफल आयोजन के संबंध में जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद वासियों के लिए बड़े ही हर्ष का विषय है कि यहां आगामी 20 अप्रैल से 24 अप्रैल तक बालक वर्ग की राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने कहा कि पहली बार जनपद में इतने बड़े राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। व्यापक खेल हित में जिलाधिकारी अविनाश सिंह के अनुरोध पर हैंडबाल फेडरेशन आफ इंडिया द्वारा यह प्रतियोगिता जनपद को एलाट की गई है, बेहतर तरीके से प्रतियोगिता संपन्न कराने को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री खेल और खिलाड़ियों के हित के लिए सब कुछ कर रहे हैं उन्हीं की प्रेरणा से जनपद में यह प्रतियोगिता कराई जा रही है, खेल की यह बड़ी प्रतियोगिता है जिसमें देश भर से खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बहुत ही बेहतर तरीके से कार्यक्रम होना है, जिससे पूरे देश में हमारे जनपद से अच्छा संदेश जाएगा कार्यक्रम के सफल आयोजन के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी आनंद शुक्ल द्वारा भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। मीटिंग का संचालन कर रहे अपर जिलाधिकारी सदानंद गुप्ता द्वारा पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को संपन्न कराने हेतु विभिन्न समितियों का गठन भी किया गया।जिलाधिकारी ने प्रत्येक समिति में सम्मिलित अधिकारियों को अपने-अपने समिति से संबंधित कार्यों की तैयारी को तत्काल प्रारंभ कर देने की निर्देश दिए। एडीएम ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां बुधवार से शुरू कर दी गई हैं। बैठक में मौजूद यूपी हैंडबाल संघ के आर्गनाइजिंग सचिव अमित पांडे ने बताया कि इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश, हरियाणा,तेलंगाना,मणिपुर, चंडीगढ़,पांडिचेरी, दिल्ली, छत्तीसगढ़,मध्य प्रदेश,कर्नाटक, राजस्थान,उड़ीसा,जम्मू एवं कश्मीर,गुजरात,बिहार,केरल, महाराष्ट्र,पश्चिम बंगाल,पंजाब, झारखंड,आंध्र प्रदेश,हिमाचल प्रदेश,तमिलनाडु,मुंबई हैंडबाल अकैडमी, स्पोर्ट्स कैस्टल, असम,आर्यावर्त,यशस्वी एकेडमी, एसएन पांडे हैंडबाल एकेडमी,दमन एवं दीव, अरुणाचल प्रदेश,गोवा, पांडिचेरी और नागालैंड की टीमें प्रतिभाग करेंगी। पांडे ने बताया कि इसप्रतियोगिता को लेकर देश भर के खिलाड़ी काफी उत्साहित हैं। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी,प्रभारी वनाधिक. ारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर पुलिस अधीक्षक,पीडी डीआरडीए,जिला विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं जिला हैंडबाल संघ के सचिव मौजूद रहे।

# कानून व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए जिलाधिकारी ने की बैठक

**सीतापुर ।** जिले में कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए बुधवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कलेक्टर सभागार में हाई लेवल बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला. धिकारी ने कहा कि शांति भंग करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और उनसे सख्ती से निपटा जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के संवेदनशील इलाकों में ड्रोन कैमरों से निगरानी करें। जमानत पर छूटे अपराधियों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाए। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि अगर कोई पूर्व अपराधी या अराजक तत्व गड़बड़ी करने की कोशिश करता है, तो उसे तत्काल गिरफ्तार कर लिया जाएगा।और कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। सोशल मीडिया पर अराजकता फैलाने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की तैयारी है। भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट डालने वालों को सीधे कानूनी शिकंजे में लिया जाएगा। साइबर सेल को पूरी तरह एक्टिव कर दिया गया है, और यदि कोई व्यक्ति सोशल मीडिया के जरिए अफवाह फैलाने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने स्पष्ट किया कि जिले में सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। कस्बों में लगातार गश्त बढ़ाई जाएगी और उपद्रवियों को पहले ही चिन्हित कर लिया गया है। पुलिस ने अशांति फैलाने वालों की सूची तैयार कर ली है, और इनपर 24 घंटे नजर रखी जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी ने साफ कहा कि अनावश्यक भीड़ इकट्ठा नहीं होने दी जाएगी। धार्मिक स्थलों और बाजारों में भीड़ नियंत्रण के विशेष इंतजाम किए गए हैं। पुलिस व प्रशासन हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखेगा, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति को रोका जा सके।

## सहसपुर जा रही महिला से फिर उचक्कों ने ठगे कुंडल

**कांठ ( शाह टाइम्स )** सहसपुर जा रही महिला आज फिर कांठ में ठगी का शिकार हो गई ठगों ने अपने झांसे में लेकर उसके कुंडल उतरवा लिए और नौ दो ग्यारह हो गए। पुलिस हर बार की तरह अब सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है घटना दोपहर बाद की है उमरी कला के मोहल्ला पछियान निवासी फोजिया पुत्री मोहम्मद आजम सहसपुर जा रही थी जैसे ही वह कांठ में करनपुर अड्डे पर पहुंची तभी पीछे से आए दो बाइक सवारों ने महिला को रोक कर दरगाह के बारे में जानकारी की महिला के इनकार करने पर उन्होंने उसे थोड़ा आगे चलकर रोक लिया और एक व्यक्ति को बहुत बड़ा आमिल बताकर उसे कुछ जानकारी हासिल करने का आग्रह किया। महिला कुछ देर बाद अपने होश खो बैठी और कुंडल उतार कर उन्हें दे दिए, बताया गया कि ठगों ने कुंडल पुड़िया में रखकर महिला के बैग में रख दिए लेकिन बाद में देखा तो कुंडल गायव थे महिला रोती हुई परेशान हालत में अपने घर पहुंची और परिजनों को उसने बात बताई परिजन थाने पहुंचे और पुलिस को घटना से अवगत कराया। बतादे कि इससे पहले भी बस स्टैंड से स्टेशन रोड मोड़ के बीच इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं लेकिन किसी भी घटना का खुलासा न होने के कारण ठगो के हौसले बुलंद है पुलिस सीसीटीवी खंगालने के बाद शांत हो जाती है कुल मिलाकर लोगों ने इस तरह के लोगो पर नजर रखते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम का महिला थाने से किया गया शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** विभिन्न महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं क्षेत्रीय निदेशालय राष्ट्रीय सेवा योजना लखनऊ के तत्वाधान में संचालित छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम का द्वितीय चरण के अंतर्गत महिला थाना से शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर महिला थाना प्रभारी शिवांगी त्रिपाठी, महिला थाना उपनिरिक्षक सुषमा मौर्या एवं जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डा. दिनेश वर्मा बीएनकेबी.पीजी कालेज अकबरपुर अंबेडकर नगर उपस्थित होकर स्वयंसेवकों को आगमी प्रशिक्षण के लिए अपनी शुभकामनाएं दी और उन्हें अगले एक महीने 120 घंटे के लिए प्रशिक्षण से संबंधित थानों में उपस्थित होकर पुलिस की कार्यात्मक प्रक्रिया और उनके कौशल को सीखने की बात कही साथ ही साथ छात्रों ने महिला थाने



में उपस्थित होकर कार्यालय, जनसुनवाई कक्ष, साइबर सेल, लमहिला हेल्पडेस्क आदि का भ्रमण किया। साथ ही महिला थानाध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी द्वारा बच्चों को प्रेरित किया गया आप अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें और आगे बढ़े। साथ ही यह बताया गया कि किसी भी समस्या आने पर 112, 1076 ,1090,1930 पर अपनी कंप्लेंट दर्ज कर सकते हैं।महिला थाने पर महिला उपनिरिक्षक द्वारा छात्रों को महिला थाने में होने वाली कार्यवाहियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर अटेवा ने मनाया काला दिवस डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन




**गोंडा ( शाह टाइम्स संवाददाता )** । पुरानी पेंशन बहाली को लेकर अटेवा के जिलाध्यक्ष अमर यादव के नेतृत्व मे सैकड़ों की संख्या मे शिक्षक कर्मचारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रर्दशन करके आवाज उठाई। शिक्षकों कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अमर यादव ने कहा कि आज पूरे देश के हर जिला मुख्यालयों पर अटेवा द्वारा प्रर्दशन किया जा रहा है। 1 अप्रैल 2005 को हमारी पेंशन बंद कर दी गयी थी इसलिए इस दिन को हम लोग काला दिवस के रूप मे मनाते हैं। विशिष्ट बीटीसी के सतीश पाण्डेय एवं सफाई कर्मचारी संघ के राघवेन्द्र तिवारी ने कहा कि सरकार एनपीएस यूपीएस लाकर केवल हमे गुमराह कर रही है जबकि हम निरन्तर पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे हैं। संगठन प्रभारी गौरव पांडेय एवं मृतक आश्रित शिक्षक संघ के उमेश मिश्र ने कहा कि जब तक सरकार हमारी पुरानी पेंशन बहाल नही करेगी आंदोलन जारी रहेगा। फार्मासिस्ट एसोसिएशन के सालिक राम त्रिपाठी एवं महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष नीतू जायसवाल ने कहा कि अब 1 मई को हम सभी दिल्ली कूच करेगे और जतर मंतर पर प्रर्दशन करके देश की सरकार से पुरानी पेंशन की मांग करेगे। प्रर्दशन मे विशिष्ट बीटीसी संघ के जिलाध्यक्ष अनूप सिंह, शिवकुमार, अमीर अहमद, शिवराम शुक्ला, कुमारी सुंदरम, वीरागंनी श्रीवास्तव, जगन्नाथ चौरसिया,शिव पूजन कनौजिया, विनोद यादव, दिलीप कुमार, विशाल वर्मा, शौनक शुक्ला, रामकरन यादव, अजीत कुमार, पुनीत कुमार, प्रबल कुमार, विष्णु कुमार, राम प्रकाश मिश्रा, हिमांशु शुक्ला, अब्दुल्ल खालिक सहित सैकड़ों की संख्या मे शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महेशपुर में आयोजित किया गया विदाई समारोह

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** कसमण्डा विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय महेशपुर में कक्षा 5 के छात्रों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतीत खंड शिक्षा अधिकारी कसमंडा सुरेंद्रनाथ प्रजा. पति ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया।

तत्पश्चात कक्षा पांच के छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि के द्वारा माला पहनाकर आशीर्वाद दिया गया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी कसमंडा सुरेंद्रनाथ प्रजापति ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं। इनको अच्छी से अच्छी शिक्षा देने का सभी अध्यापकों का कर्तव्य होता है। जो बच्चे कक्षा 5 पास करके दूसरे विद्यालय में जाएंगे। अगर उनको अच्छी शिक्षा प्राप्त होगी तो वहां के अध्यापकों के द्वारा विद्यालय के अध्यापकों की प्रशंसा की जाएगी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अचल सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष गिरिजेश अवस्थी, मंत्री अजीत सिंह ,अनूप शुक्ला, सुबोध शर्मा, रविंद्र मिश्रा,आशुतोष अवस्थी, विनोद बिहारी दीक्षित, पूर्व प्रधान राघवेंद्र सिंह ,रमेश चंद्र संदीप यादव, शैलेंद्र सोनी कमलेश कुमार, हिमांशु सहोलिया, सुरेंद्र भार्गव ,अभिषेक सिंह, प्रशांत सिंह संदीप कश्यप, अंकित कुमार, अनूप सिंह नीरज कुमार मीनू सिंह सरिता वर्मा ख्रति वर्मा प्रियंका मिश्रा काजल द्विवेदी, सुनीता शर्मा आदि मौजूद रहे।

# तीन गोवंशों को लेकर पिकअप चालक फरार

## रोकने का प्रयास कर रहे युवाओं पर तस्करों ने किया पथराव

शाह टाइम्स संवाददाता

**गोंडा।** जिले के नवाबगंज थानाक्षेत्र क्षेत्र के महंगूपुर गाँव में गो तस्करी का मामला प्रकाश में आया। जहाँ रात में तीन गोवंशों को गो तस्कर पिकअप पर लाद रहे थे जिन्हें छुड़ाने का प्रयास कर रहे युवाओं पर पिकअप पर सवार लोगों ने ईंट और पत्थर से हमला भी किया। गनीमत रही कोई चोटहिल नहीं हुआ।

इस संबंध में बजरंगदल खण्ड संयोजक महंगूपुर गाँव के शांत प्रकाश उर्फ़ लाल दूबे ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि मंगलवार की दोपहर करीब एक बजे गाँव के दक्षिण टोला में दुर्गा मंदिर के पास गोवंशो को गलत तरीके से बांधा जा रहा था। अपने साथियों संग जब वह उन्हें खोलने को गए तो उसी टोले के अभिमन्यु सिंह व विन्देश सिंह आजाद ने आकर विरोध कर रोक दिया। कहा ये गौशाला भेजे जायेंगे और धमकाते हुए भगा दिया। वहीं रात 11 बजे एक पिकप महंगूपुर रघुनाथपुर के बाडर पर आयी इसमें गौवंश लादे जाने लगे। जगवाही कर रहे युवकों को जब इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत डायल 112 को सूचित किया। और इकट्ठा होकर पिकअप के पास जानवरो को छुड़ाने जाने लगे। लेकिन लोगों की आहट पाकर पिकप चालक भागने लगे। मोटरसाईकिल से पीछा करने पर पिकअप पर सवार लोगों द्वारा ईंट गुम्मे फेंके जाने लगे। जब हम लोग रुक गए तो वे लोग तेज स्पीड से भाग निकले। घंटे भर बीत जाने के बाद भी डायल 112 नहीं पहुंची। वहीं जब वापस आकर देखा तो एक गौवंश रस्सी से बँधा था। तब पुन: डायल 112 को फोन कर बुलाया गया। उनकी मौजूदगी में गौवंश को आजाद कराया गया। सुबह इसी बात को लेकर इंदल सिंह आये और धमकाने लगे। कहा तुमने क्यों साड़ को खोला था। तुम्हे काटकर फेंक दूंगा। लाल दूबे ने बिना नाम लिए यह भी बताया कि गाँव के कई लोग उनपर इस मामले को दबाने के लिए दबाव बना रहे हैं। वहीं हल्के में तैनात मुख्य आरक्षी सुनील यादव शिकायत लेकर थाने पहुंचे युवकों को यह कहकर धमकाने लगे कि तुम लोगों ने रात में मुझे फोन क्यों नहीं किया। तुम लोग भी मिले हुए हो। दूसरी तरफ बुधवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने हल्का दरोगा को टीम के साथ मौके पर जाकर जानकारी करने व घटना में संलिप्त लोगों को गिरफ्तार करने को कहा। यही नहीं उन्होंने गस्त में ढिलवाई को लेकर भी फटकार लगाई।

## बजरंग दल ने की थी शिकायत, बावजूद लापरवाही

लोगों की माने तो क्षेत्र में भारी संख्या में गौवंश रात में तस्करो को सौंपे जा रहे हैं। इसमें हल्का पुलिस की गस्त बस नाम की है जिसके चलते बेखौफ़ गौतस्करी जारी है। गौवंशो को गौशाला के बजाय कत्ल खाने भेजा जा रहा है। बीती 27 फरवरी को टिकरी जंगल के पास भी दिन में ही कुछ लोग गौवंशो को बांध रखे थे। रात में वहां भी छुट्टा पशुओं को लादकर भेजनें की शिकायत बजरंग दल के जिला सह संयोजक राहुल निषाद ने की थी। किन्तु उस मामले में पुलिस ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। बल्कि राहुल की बात को ही झूठा बता कर मामला समेट दिया। बजरंग दल की टीम में शांत दूबे उर्फ़ लाल, सूरज पांडेय, गोलू पांडेय, मधुकर मिश्र, आदित्य पांडेय आदि लोग रहे।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।
सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎ 0522-4041004
मुख्यालयः
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन

# गन्ने की उत्पादन क्षमता बढ़ाने को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंकेटेश्वरा विश्व. विद्यालय में 'वैज्ञानिक विधि द्वारा गन्ना उत्पादन बढ़ाकर किसानों की आय में वृद्धि' विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में देश के विख्यात कृषि वैज्ञानिक पदमश्री डा. बक्शीराम यादव ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, कृषि वैज्ञानिकों एवं प्रगतिशील किसानों को सम्बोधित करते हुए बताया कि 'उन्नत किस्मों के चयन' एवं 'कीट रोग नियंत्रण' द्वारा कम लागत में ज्यादा गुणवत्तापूर्ण गन्ने का उत्पादन होगा। इसके साथ ही गन्ना उत्पादों के 'खाद्य प्रसंस्करण' से किसानों की आय न सिर्फ दोगुनी बल्कि चार गुनी तक बढ़ायी जा सकती है। बुधवार को विवि में एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, मुख्य अतिथि 'पदमश्री' डा.बक्शीराम यादव, प्रतिकुलाधिपति डा.राजीव त्यागी, कुलपति प्रो.कृष्णकान्त दवे, प्रधान कृषि वज्ञानिक एवं निदेशक वेंकेटेश्वरा कृषि स्कूल प्रो.(डा.) तेजपाल सिंह आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि ने उपस्थित एग्रीकल्चर के छात्र-छात्राओं, विभिन्न प्रदेशों से आये कृषि वैज्ञानिकों एवं पश्चिमी यूपी के प्रगतिशील किसानों को गन्ने की सबसे उन्नत किस्म / प्रजाति 'सी ओ 038' (जिसको मैंने खुद 2009 में विकसित किया) के चयन एवं 'कीट रोग नियंत्रण' द्वारा गन्ने की पैदावार को 100 टन प्रति हैक्टेयर तक पहुंचा दिया है, जिससे किसानों की आय दोगुनी से भी ज्यादा हो गयी है। सेमीनार को प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. (डा.) कृष्णकांत दवे, प्रो. पीयूष पांडेय, कृषि वैज्ञानिक डा. टी.पी. सिंह, डा.सी.पी.सिंह आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो.पीयूष पांडेय, डा. राजेश सिंह, डा. ज्योति सिंह, डा. माता प्रसाद, डा.विनय कुमार आदि मौजूद रहे।



गजरौला। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि।

# किसान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** घरेलू क्लेश के चलते किसान ने फांसी के फंदे पर झूलकर खुदकशी कर ली। बिना कानूनी कार्रवाई किये हुए लाश का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बीती रात 35 वर्षीय किसान ने फांसी के फंदे पर झूलकर खुदकशी कर ली। जिस समय किसान ने आत्मघाती कदम उठाया उस समय परिवार के अन्य लोग गहरी नींद में सो रहे थे। आत्महत्या करने वाले किसान ने बिना आहट किये हुए अपनी जीवन लीला को फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया। सुबह होने पर जब परिवार के लोगों की किसान की झूलती हुई लाश पर नजर पड़ी तो उनकी चीख निकल गई। कुछ ही देर में किसान के घर पर ग्रामीणों की काफी भीड़ जमा हो गई। आनन फानन में परिवार के लोगों ने बिना कानूनी कार्यवाही किये हुए किसान के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बताया जाता है कि घरेलू क्लेश के चलते किसान ने फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या की है। मृतक किसान अपने पीछे तीन बच्चे व पत्नी को रोता बिलखता छोड़ गया है।

# छेड़छाड़ करने के मामले में सात पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** महिलाओं के साथ अश्लील हरकतें करने के साथ ही मारपीट करने के मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर 7 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना सैदनगली इलाके के गांव ईशापुर शर्की निवासी विवेक पुत्र महेश सिंह ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कहा था कि उसकी तहेरी बहन की बारात 18 फरवरी को आई थी। शादी में नाच गाना चल रहा था। इस दौरान गांव के कुछ लोगों ने उनके मेहमानों के साथ गाली गलौज करते हुए महिलाओं के साथ अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दी। उसने व उसके चचेरे भाई अभिषेक ने उनका विरोध किया तो उन्होंने लाठी डंडों व सरिया से हमला बोलकर उनके साथ मारपीट कर घायल कर दिया था। मोबाइल छीनने व सोने की चेन तोड़ने का भी आरोप लगाया गया था। उनका कहना था कि वह थाने गये थे। लेकिन पुलिस ने उनका मुकदमा दर्ज नहीं किया था। उसके बाद वह न्यायालय की शरण में पहुंच गया। कोर्ट ने जगत सिंह, विजय सिंह, अजय कुमार, सुमित, करन सिंह, दिनेश, प्रदीप के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पति समेत ससुरालियों पर मुकदमा

# विवाहिता की फंदा लगाकर हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने व फंदा लगाकर जान से करने के आरोप में पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जनपद मुरादाबाद के थाना भगतपुर निवासी ओमप्रकाश का आरोप है कि उनकी पुत्री पिंकी की शादी करीब तीन माह पहले गांव के ही विकास पुत्र ब्रह्मपाल के साथ की थी। वह अब मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव पहाड़पुर पट्टी में रह रही थी विवाहिता को उसका पति विकास और उसके परिवार वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। बीती 29 मार्च को विवाहिता को फंदा लगाकर मार दिया। मृतका के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करायी हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही।

# बीस अप्रैल के बाद नहीं चलेंगे अवैध ई-रिक्शा

## डीएम व एसपी ने बैठक में दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने निर्देश दिये कि किसी भी हाल में अवैध ई रिक्शा नहीं चलने चाहिए। यदि बीस अप्रैल तक इन्हें वैध नहीं कराया गया तो सीज कर दिया जायेगा।

कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम निधि गुप्ता वत्स व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने अपंजीकृत एवं अवैध ई रिक्शा वाहनों के बिक्रय एवं संचालन संबंधी बैठक ली। डीएम ने निर्देश दिये कि बीस अप्रैल के बाद यदि कोई भी अपंजीकृत रिक्शा सड़कों पर दोड़ता पाया गया तो उसे परिवहन विभाग द्वारा सीज किया जाये। इसके अलावा कोई अवैध व्यक्ति रिक्शे का संचालन न करें। खादी ग्रामोद्योग एवं उद्योग विभाग द्वारा सरकार की योजनाओं के अन्तर्गत जो लोन दिया जा रहा है उसे प्राप्त कर लोग ई रिक्शा लेकर पंजीकरण कराने के बाद ही चलायें। पुलिस लाइन, किसान इंटर कालेज, श्रीराम इंटर कालेज, रामलीला ग्राउंड गजरौला, रमाबाई, सुखदेवी इंटर कालेज हसनपुर में केन्द्र बनाये गये हैं। जहां ट्रैफिक पुलिस, फाइनेंसर, बैंक, योजनाओं से जुड़े अधिकारी आदि इसमें सहयोग देंगे।



# हमेशा प्रासंगिक रहेंगे स्व.रमाशंकर कौशिक के विचार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य व उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व.रमाशंकर कौशिक की 94 वीं जयंती के अवसर पर समा. जवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष चौ.भूपेन्द्र सिंह ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करके उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

**■ कार्यकर्ताओं ने मनाई पूर्व मंत्री की जयंती**



गजरौला। पूर्व मंत्री स्व.रमाशंकर कौशिक की जयंती मनाते सपा कार्यकर्ता।

कहा कि स्व.कौशिक ने अपने राजनैतिक जीवन में साफ और बेदाग राजनीति की। उन्होंने कभी अपने पद पर अहंकार नहीं किया, अपने गृह जनपद के साथ साथ पूरे उत्तर प्रदेश में विकास कराया। वे राज्यसभा के सांसद भी रहे, उन्होंने राज्यसभा सांसद रहते हुए राज्यसभा में गरीब, मजदूरों, वंचितों, किसानों के हकों की आवाज बुलंद की। उनकी छवि स्पष्टवादी रही। कहा कि हमें उनके विचारों को आत्मसात करते हुए समाजवादी पार्टी की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाना है। आने वाले 2027 के चुनावों में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार की स्थापना करना है और स्व.कौशिक की विचारधारा को आगे बढ़ाना है। इस अवसर पर अमन सिरोही, विपिन सिरोही, निशांत ठाकुर, सुभाष ठेकेदार, कपिल कुमार, अरूण, शुभम चड्ढ़ा, नमन, सतेन्द्र सिंह, संजय सिंह, रविन्द्र सिंह, आकाश चौधरी, प्रेमराज सिंह, सीताराम, सुरेन्द्र चौहान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विवाहिता का दहेज के लिए उत्पीड़न

## पति समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ससुराल में विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। विरोध करने पर मारपीट की। मामले में राज्य महिला आयोग की सदस्या के निर्देश पर महिला थाना पुलिस ने दिल्ली में रहने वाले ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ल जट बाजार में रहने वाले स्व. जगदीश राजपूत ने अपनी बेटी पूजा राजपूत की शादी 25 फरवरी 2020 को दिल्ली के रोहिणी में रहने वाले विपिन सुनारिया के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज कम लाने का ताना देकर पूजा को प्रताड़ित करने लगे। मायके से कार और तीन लाख रुपये दिलाने की मांग की जाने लगी। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच कई बार पंचायत भी हुई लेकिन बावजूद इसके ससुराल वालों के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। 22 अगस्त 2024 को ससुराल वालों ने पूजा को मारपीट कर घर से निकाल दिया। दोबारा घर में लौटने पर जान से मारने की धमकी दी। सीओ अवधभान भदोरिया ने पीड़िता की तहरीर पर मामले में पति विपिन सुनारिया, ससुर किशोर सुनारिया, सास नीलम सुनारिया, ननद स्नेहा सुनारिया, कंचन माथुर और मोनिका राजोरिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही। बताते चलें कि पीड़ित पूजा ने इस बाबत राज्य महिला आयोग की सदस्या के समक्ष पेश होकर शिकायत दर्ज कराई थी।

# जरूरतमंदो की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य नहीं: नागपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम चौकपुरी गंदासपुर मार्ग पर ह्यूमन राइट्स अवेयरनेस आर्गेनाईजेशन द्वारा संचालित 'मानव सेवा संस्थान' का शिलान्यास अमरोहा लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल ने पूजन हवन के साथ किया। बुधवार को

**■ पूर्व सांसद ने किया मानव सेवा संस्थान का शिलान्यास**



आयोजित कार्यक्रम में पंडित दयानंद शर्मा तथा पंडित नितिन शर्मा के माध्यम से हवन पूजन कराया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद देवेंद्र नागपाल ने कहा कि मानव सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। क्षेत्र में समाज सेवा के लिए इस प्रकार के संस्थान खोलना बेहद जरूरी है। ह्यूमन राइट्स संस्था का यह प्रयास निश्चित रूप से क्षेत्रवासियों के लिये किसी सौगात से कम नहीं है। ह्यूमन राइट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.एलसी गहलोत ने मानव सेवा संस्थान को खोलने का उद्देश्य बताते हुए जनमानस से सहयोग की अपील की। जिला सहकारी बैंक के निदेशक चौ.वेदपाल सिंह ने कहा कि इस संस्थान के माध्यम से जनमानस की सेवा और सामाजिक कार्यक्रमों को बल मिलेगा। पंडित विजय शर्मा ने समाजसेवा के क्षेत्र में किए जा रहे इस प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर मानव सेवा संस्थान के संस्थापक हेम सिंह सैनी, गौरव चौधरी, चौधरी हेमेंद्र सिंह, राजकुमार कुशवाहा, नवीन गर्ग, वीरेंद्र शर्मा, साबिर हुसैन, धर्मेंद्र सिंह, राजकुमार गिरी, सुनील गुप्ता, सुरजीत सिरोही, प्रदीप मिश्रा, अजय चौधरी, विपिन वर्मा, उद्यम सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन राष्ट्रीय महासचिव मनमोहन सिंह सेन ने किया।

# मां कूष्मांडा की भक्ति में लीन रहे श्रद्धालु

## मंदिरों में महिलाओं ने किया भजन कीर्तन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नवरात्र भक्तों का उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। सुबह से ही मंदिरों में उनकी भीड़ देखने को मिल रही है। चौथे नवरात्र पर श्रद्धालुओं ने मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी।

भक्तों ने मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना की। सुबह से ही देवी मंडपों में प्रसाद व जल चढ़ाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। माता के भक्तों ने उपवास रखकर उनसे परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। सारा दिन भक्ति की उमंग उड़ती रही। नगर के अधिकांश मंदिरों में भजन कीर्तन का दौर चलता रहा। भक्तों में मान्यता है कि मां कूष्मांडा से जो भी भक्त सच्चे मन से प्रार्थना करता है वह पूरी होती है। यहीं कारण है कि इनके प्रति श्रद्धालुओं में अपार श्रद्धा है। हर कोई माता की भक्ति में लीन नजर आ रहा था। सांय के समय भक्तों ने माता का गुणगान कर उनकी पूजा अर्चना करने के बाद व्रत का पारायण किया। माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रजवल्लित कर उनसे परिवार की सुख समृद्धि के लिये प्रार्थना की गई। नगर के अधिकांश देवी मंडपों में भक्तों की भीड़ दिखाई दी।

# स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के अल्लीपुर भूड़ में स्थित कंपोजिट विद्यालय में खंड विकास अधिकारी अश्विनी कुमार ने संचारी रोग अभियान तथा स्कूल चलो अभियान की रैली को शुभारंभ किया। उन्होंने संचारी रोग अभियान के बारे में बताते हुए शिक्षा के महत्व को उजागर किया, साथ ही अभिभावकों को प्रेरित किया कि, प्रत्येक बच्चे का नामांकन कराएं और पढ़ाएं। इस

**■ शिक्षा के महत्तव पर डाली रोशनी**

अवसर पर प्रधानाध्यापिका संगीता सिद्धू के साथ बबीता वर्मा, निधि सक्सेना, पिंकी रानी, आशा कमल, रजनी बजाज, अंजलि कर्दम, शिल्पी अग्रवाल, तीरथ सिंह उपस्थित रहे। रैली में शामिल छात्र-छात्राओं ने नारे लगाते हुए जनमानस को शिक्षा के महत्तव के प्रति जागरूक किया।

# दहेज उत्पीड़न व रेप में सात पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** दहेज लाने के लिए प्रताड़ित कर विवाहिता के साथ जबरदस्ती बलात्कार कर विरोध पर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने 7 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना सैदनगली क्षेत्र के कस्बा उझारी के मोहल्ला सुनारों वाला निवासी राजेंद्र वर्मा की बेटी पूजा की शादी 23 अगस्त 2020 को देवेंद्र पुत्र हरिओम ढवारसी थाना आदमपुर के साथ हुई थी। पूजा का आरोप था कि उसके ससुराल पक्ष के लोग व पति दहेज लाने के लिए उसे प्रताड़ित कर रहे थे। ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घर से निकाल दिया था। 29 जनवरी की दोपहर को वह घर पर अकेली थी। जिसका फायदा उठाकर प्रदीप वर्मा घर में घुस आया तथा उसके साथ मारपीट कर जबरदस्ती उसके साथ बलात्कार कर दिया। वह चिल्लाने लगी लेकिन किसी ने उसकी फरियाद को नहीं सुना। उसके बाद वह उसे जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया। पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर पति देवेंद्र, देवर प्रदीप व अंकित, गौरव, त्रिलोकी वर्मा, देवर सिद्धांत व पंकज के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बाइक लहराने से मना किया तो चलाई गोली

## मौके से एक आरोपी को पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सड़क पर बाइक लहराने से मना करने पर तमंचा निकालकर गोली चला दी। गनीमत रही कि हमले में किसान बाल-बाल बच गया। लोगों ने एक आरोपी को मौके पर पकड़ लिया जबकि दो भाग निकले। तलाशी में आरोपी के पास से तमंचा और बाइक बरामद हुई। मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव पृथ्वीपुर खुर्द में दिलनवाज का परिवार रहता है। मंगलवार को दिलनवाज अपने चाचा अनवार खां के घर के पास खड़े थे। पुलिस के मुताबिक उसी वक्त वहां से एक बाइक गुजरी, जिस पर तीन युवक सवार थे जो बाइक लहराते हुए चल रहे थे। दिलनवाज ने बाइक की रफ्तार कम करने को बोला तो तीनों बाइक मोड़कर वापस आए और गाली-गलौज करने लगे। इतने में ही उनमें से एक युवक ने अंटी से तमंचा निकालकर फायर कर दिया, गोली दिलनवाज के पास से गुजर गई। शोर मचाने पर पहुंचे लोगों ने दौड़कर एक युवक को पकड़ लिया। उसके पास से तमंचा मिला जबकि उसके दो साथी बाइक छोड़कर भाग गए। पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम कोमल निवासी गांव धावड़ी बताया। जबकि, भागे हुए साथियों का नाम मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव फौलादपुर निवासी परविंद्र और लोकेंद्र बताया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। आरोपी कमल को हिरासत में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मामले में तीनों युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार आरोपी का चालान करने की बात कही।

कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद, सार्वजनिक सूचना- सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नदीम परवेज द्वारा संस्था फल सब्जी थोक व्यापारी एसोसिएशन, नवीन मण्डी स्थल, मण्डी समिति पो० व तह० अमरोहा, जनपद अमरोहा का अध्यक्ष दर्शाते हुए संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये हैं। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. राजेन्द्र कुमार सैनी संरक्षक, 2. अलीम अहमद-अध्यक्ष, 3. गजेन्द्र सिंह-उपाध्यक्ष, 4. नदीम परवेज प्रबन्धक, 5. मौ० आलम- उपप्रबन्धक, 6. आलम जमी-कोषाध्यक्ष, 7. आकाश रघुवंशी मीडिया प्रभारी, 8. फैसल सह संस्थापक, 9. मौ० जुहेब-सलाहकार, 10. शाहबुद्दीन, 11. प्यारे नबी सदस्य दर्शाये गये हैं। अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो०रजि०एक्ट 1860 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है। आज्ञा से (आनन्द विक्रम सिंह) सहायक निबन्धक

# पालिका ने संचारी रोग व दस्तक अभियान को कमर कसी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** 01 से 31 अप्रैल तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर नगर पालिका ने भी कमर कस

**■ चेयरपर्सन ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

ली है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये बनाए गए माइक्रोप्लान व नगर विकास के दायित्वों को पूरा करने के लिये कर्मचारियों की टीम को मोहल्ला अम्बेडकरनगर, कांशीराम कॉलोनी से चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा इस कार्यक्रम के लिये लगातार बेहतर योजना के साथ काम किया जाएगा, ताकि लोगों को संचारी रोग से राहत मिले। उन्होंने सभी कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे पूरी मेहनत के साथ काम करें। कार्यक्रम में पूर्व विधायक व नगर स्वच्छता प्रेरक हरपाल सिंह, लेखाकार/स्वच्छता प्रभारी आदेश कुमार, लिपिक इरशाद खॉ, अजय कुमार, ललित कुमार, वन्दना अग्रवाल, रविन्द्र, महेश चन्द्र, जयचन्द्र, मुनेश, गौतम, अक्षय शुक्ला, वांशिक शेखर, शुभम सिंघल, कपिल भटनागर, नदीम, कपिल कुमार, गौरव, रामपाल व्यास एवं सफाई कार्य में लगे पुरूष एवं महिला कर्मचारी तथा सफाई नायक उपस्थित रहे।



# दम्पत्ति के साथ घर में घुसकर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** दंपति के घर में घुसकर उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं तो पीड़ित ने घटना की शिकायत सीओ की। पुलिस ने सीओ के आदेश पर महिला समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। नगर के मोहल्ला गंगानगर निवासी गुरूबेन्द्र सिंह व उसकी पत्नी सुषमा 3 मार्च को अपने घर में थे। तभी उसी के मोहल्ला निवासी परम सिंह अपने परिवार वालों के साथ मिलकर गुरूबेन्द्र सिंह के घर में घुस आया और किसी बात को लेकर गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर दंपति को मारपीट कर घायल कर दिया। शोर-शराबा होने पर आसपास लोग दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई तो पीड़ित ने सीओ श्वेताभ भास्कर से घटना की शिकायत की। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि सीओ के आदेश पर नगर के मोहल्ला गंगानगर निवासी परम सिंह, राजू, ज्योति समेत दो अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। वहीं दूसरी घटना में किसी काम बाहर जा रहे छात्र को युवकों ने रास्ते में रोककर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के गांव टोकरा पट्टी निवासी मनु बुधवार की सुबह किसी काम से अपने घर से बाहर जा रहा था। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी छात्र को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है।

# मनरेगा घोटाले में शमी की बहन-बहनोई समेत 12 दोषी

## बहन की सास ग्राम प्रधान से होगी 8 लाख 68 हजार रुपये की रिकवरी, पद हटाने की सिफारिश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** क्रिकेटर मौहम्मद शमी की बहन व बहनोई द्वारा मनरेगा लाभ लेने के मामले में उनके परिवार के पांच लोग बुरी तरह फंस गये हैं। ग्राम प्रधान से आठ लाख 68 हजार 444 रूपये की रिकवरी के अलावा उनके खाते सीज व उन्हें पद से हटाने की सिफारिश की गयी है। जबकि तीन बीडीओ को तत्काल निलम्बित करने उनके खिलाफ रिपोर्ट रिपोर्ट दर्ज करने तथा विभागीय कार्रवाई करने के आदेश दिये गये हैं। एक वीडीओ के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए शासन को लिखा जाएगा। इसके अलावा एपीओ, कम्प्यूटर सहायक, रोजगार सेवक, मनरेगा ऑपरेटर के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

**■ तीन वीडीओ पर एफआईआर व विभागीय जांच के आदेश**


शबीना। गजनबी।

**■ एक बीडीओ, एपीओ मनरेगा, कम्प्यूटर ऑपरेटर, लेखाकार, तकनीकी सहायक के खिलाफ होगी विभागीय कार्रवाई**

बताते चलें कि क्रिकेटर मौहम्मद शमी की बहन शबीना व उसके पति गजनबी, देवर शेखो, नसरूद्दीन व आमिर सोहेल, नन्द नेहा, सारिया व सबा रानी ने पिछले चार साल से मनरेगा मजदूरी का लाभ ले रहे थे। जब यह मामला मीडिया में आया तो प्रशासनिक हलकों में हड़कम्प मच गया। आनन फानन में डीएम श्रीमति निधि गुप्ता वत्स ने मामले की जांच पीडी अमरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में जांच बैठायी। आनन फानन में परियोजना निदेशक अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने पिछले तीन साल का रिकार्ड खंगाला। शमी की बहन व बहनोई के अलावा उसके ससुरालियों पर मनरेगा मजदूरी का लाभ उठाने के लगे आरोप सही पाये गये। आज जांच टीम ने सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र को जांच सौंप दी। सीडीओ ने जांच डीएम को थमा दी। जिसमें शमी की बहन-बहनोई व परिवार समेत 12 लोग दोषी पाये गये। जांच टीम ने शमी की बहन सास ग्राम प्रधान गुले आयशा से आठ लाख 68 हजार 444 रूपये की रिकवरी कर उनके खाते सीज करने तथा उन्हें पद से हटाने की सिफारिश की है। जबकि तत्कालीन बीडीओ प्रतिभा अग्रवाल के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने तथा तीन तत्कालीन वीडीओ हुमा परवीन, अंजुम, पृथी सिंह पर एफआईआर करने तथा वीडीओ विजेन्द्र त्यागी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने तथा एपीओ मनरेगा ब्रजभान, कम्प्यूटर आपरेटर गौरव गुप्ता, मनरेगा ऑपरेटर शराफत अली, संबंधित लेखाकार विजेन्द्र सिंह व तकनीकी सहायक अजय निमेश, रोजगार सेवक के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दिये हैं। चूंकि उक्त घोटाला भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मौहम्मद शमी के परिवार से जुड़ा था। इसकी गूंज केन्द्र तक पहुंच गयी थी। केन्द्र सरकार ने भी तत्काल मामले की जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये थे। जिससे अधिकारियों में पिछले कई दिनों से हड़कम्प मचा था। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने बताया कि तत्कालीन बीडीओ प्रतिभा अग्रवाल के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए ग्राम्य विकास आयुक्त को पत्र लिखा गया है।


■ अमरोहा। गांव पलौला में हुए मनरेगा घोटाले की जांच करते अधिकारी।

### आरएसएस से जुड़ा होने का मिला लाभ

## दोषी वीडीओ को बचा गये अधिकारी...

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** क्रिकेटर मौहम्मद शमी की बहन, बहनोई व ससुरालियों द्वारा मनरेगा का लाभ उठाने के मामले में मुख्य दोषी को आरएसएस का कार्यकर्ता होने के कारण बचाया गया है। उसके खिलाफ न तो मुकदमा तथा न ही निलम्बन की कार्रवाई नहीं की गयी। मात्र विभागीय कार्रवाई के नाम पर इतिश्री कर दी गयी है।

बताते चलें कि जोया ब्लाक की ग्राम पंचायत पलौला में क्रिकेटर मौहम्मद शमी की बहन शबीना की शादी ग्राम प्रधान के बेटे गजनबी हुई है। तीन साल से शमी की बहन शबीना, बहनोई गजनबी, देवर आमिर सोहेल, शेखू, नसरूद्दीन, नन्द नेहा, सारिया व सबा रानी मनरेगा का लाभ ले रहे थे। यहां तैनात बीडीओ विजेन्द्र त्यागी को 24 अगस्त 2024 को इसका पता लग गया था। जिस पर बीडीओ विजेन्द्र त्यागी ने शमी की बहन के ससुरालियों के जॉबकार्ड निरस्त कर दिये थे। परन्तु उनसे कोई रिकवरी नहीं की गयी। जैसे जैसे मामला आगे बढ़ा, आरोपियों पर शिंकजा कसता गया। आज जांच कमेटी ने डीएम को जो रिपोर्ट सौंपी है उसमें तत्कालीन बीडीओ को मनरेगा घोटाले का आरोपी बताते हुए उनके खिलाफ रिपोर्ट तथा विभागीय कार्रवाई के आदेश दिये हैं परन्तु आरएसएस का कार्यकर्ता होने के कारण विजेन्द्र त्यागी को इस मामले में बचाया जा रहा है। जबकि उसे पूरे मामले की जानक.ारी थी परन्तु उसके खिलाफ मुक.दमा दर्ज नहीं कराने के आदेश हुए हैं तथा उस पर विभागीय कार्रवाई मामले में लीपापोती की जा रही है। विजेन्द्र त्यागी पर सत्तारूढ पार्टी के नेताओं से करीबी रिश्ते होने के भी आरोप हैं।

## प्रेम विवाह करने वाले युवक ने लगाई फांसी

### तीन माह पहले किया था विवाह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** तीन महीने पहले प्रेम विवाह करने वाले युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। उसका शव घर के बरामदे में लगे पंखे के कुंडे में रस्सी के सहारे लटका हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर मौके से साक्ष्य जुटाए और बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक ने जिस वक्त आत्मघाती कदम उठाया उस वक्त उसकी पत्नी मायके में थी। किसी बात को लेकर दोनों के बीच नाराजगी चल रही थी।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरनपुर की है। यहां पर स्व. होराम सिंह का परिवार रहता है। उनके 24 वर्षीय बेटे सौरभ कुमार ने तीन महीने पहले प्रेम विवाह किया था। बताया जा रहा है कि परिजन उसके इस फैसले के खिलाफ थे। पुलिस के मुताबिक तीन दिन पहले सौरभ अपनी ससुराल गया था। उसकी पत्नी होली से मायके में ही थी। दोनों के बीच किसी बात को लेकर नाराजगी चल रही थी। ससुराल से लौटने के बाद मंगलवार को सौरभ डिडौली के साप्ताहिक बाजार गया था। शाम को उसने गांव के युवकों से आत्महत्या करने की बात भी कही थी लेकिन किसी ने भी उसकी बात को गंभीरता से नहीं लिया। शादी के तीन महीने बाद ही घरेलू विवाद के चलते सौरभ ने बुधवार सुबह घर के बरामदे में पंखे के कुंडे में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। आस-पड़ोस में रहने वाले लोगों ने शव फंदे पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराए और फंदे से नीचे उतारकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि सौरभ की पत्नी का नाम पायल है, जो दिव्यांग है। तीन महीने पहले ही दोनों ने प्रेम विवाह किया था। आत्मघाती कदम उठाने के पीछे आखिर क्या कारण रहे, इसका पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक सौरभ के परिवार में कोई नहीं हैं, उसके माता-पिता और भाई की मौत हो चुकी है।

## पति व भाई के साथ प्रेमिका ने की थी चिकित्सक की हत्या

### प्रेमिका ने पकड़े हाथ, पति ने घोंटा गला, पुलिस ने 48 घंटे में किया खुलासा


■ अमरोहा। चिकित्सक हत्याकांड का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अमरोहा। कोतवाली पुलिस एसओजी एवं सर्विलांस की टीम ने 48 घंटे के भीतर चिकित्सक की हत्या का खुलासा कर दिया है। चिकित्सक की हत्या उसकी प्रेमिका ने अपने पति व भाई के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर खादर निवासी चिकित्सक कोशिंदर की लाश 2 दिन पूर्व लुहारी खादर में भट्टे के समीप पड़ी हुई मिली थी। पुलिस हत्या का खुलासा करने में जुट गई थी। अधिकारियों ने एसओजी एंव सर्विलांस की टीम को भी इसमें लगाया था। कोतवाली पुलिस ने चिकित्सक की हत्या का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने बताया को.शिंदर का जमुना देवी से प्रेम प्रसंग था। उसके पति वीरपाल को उसके बारे में जानकारी हुई तो जमुना ने कोशिंदर से मिलना बंद कर दिया। 30 मार्च को चिकित्सक कोशिंदर को वीरपाल ने घर पर बुलाया था। उसके बाद वीरपाल ने कोशिंदर के पैर चारपाई से बांध दिये। जमुना ने उसके हाथ पकड़े और वीरपाल ने कोशिंदर गला दबाकर हत्या कर दी थी। आरोपियों ने तीन चार घंटे चिकित्सक कोशिंदर के शव को अपने घर में ही रखा था। अंधेरा होने पर जमुना ने अपने भाई राजीव को बुला लिया था। राजीव ने चिकित्सक की मोटरसाइकिल पर लुहारी खादर मार्ग पर मलिक भट्टे के पास कोशिंदर के शव को फेंक दिया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज एवं मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल और लोकेशन के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान कर कोर्ट में पेश कर दिया। वहां से उनको जेल भेज दिया गया।

**■ तीन घंटे घर में छिपाये रहे थे कौशिन्द्र की लाश**

## दीवार तोड़ ब्लाक में जा घुसी डीसीएम

### तेज धमाके की आवाज से हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** बाईपास मार्ग से गुजर रही से कपड़े की कतरन से भरी डीसीएम अनियंत्रित होकर ब्लॉक परिसर में जा घुसी। घटना से ब्लॉक परिसर में हड़कंप मच गया। जोरदार आवाज सुनकर कार्यालयो में बैठे अधिकारी भी बाहर निकल आये आसपास के लोग सड़क पर आ गए, गनीमत रही कि उस दौरान वहां कोई भी मौजूद नहीं था।

जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर कतरन से भरी डीसीएम मंडी धनौरा से अमरोहा की तरफ जा रही थीं जब डीसीएम एसडीएम आवास से कुछ दूर पहले ब्लॉक मुख्यालय के पास से गुजर रही थी तो अचानक अनियंत्रित होकर दीवार तोड़ते हुए ब्लॉक परिसर में जा घुसी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दीवार को तोड़ते हुए डीसीएम ब्लॉक परिसर में घुस गई। इससे जोरदार आवाज हुई, जिससे कार्यालयो में बैठे अधिकारी आसपास के लोग घरों से घबराकर बाहर निकल आए। गनीमत रही कि इस दौरान वहां कोई भी मौजूद नहीं था। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने मामले के की जानकारी से इनकार किया। खंड विकास अधिकारी नरेंद्र गंग.वार ने बताया कि डीसीएम अनियंत्रित होकर ब्लॉक की दीवार तोड़कर अंदर घुस गई थी, हालांकि किसी को कोई चोट नहीं आई है। बताया जा रहा हैं कि चालक मामूली चोटिल हुआ है



## डा. अम्बेडकर की मूर्ति को किया खंडित

### दलित समाज के लोगों में रोष, ग्रामीणों ने किया जोरदार प्रदर्शन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** शरारती तत्वों द्वारा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को खंडित किये जाने से दलित समाज के लोगों में रोष फैल गया। दलित समाज के लोगों ने हंगामा काटते हुए जोरदार प्रदर्शन कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव भीमा ठीकरी में बिजौरा लिंक मार्ग पर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के पार्क में उनकी मूर्ति है। बुधवार की शाम बाबा साहब अंबेडकर की मूर्ति को खंडित हुआ देखकर दलित समाज के लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। कुछ ही देर में मौके पर कई गांव के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। दलित समाज के लोगों ने हंगामा काटना शुरु कर दिया। सूचना मिलने पर डायल 112 मौके पर पहुंच गई। दलित समाज के लोगों में भारी रोष था उनका कहना था कि कोतवाली पुलिस को भी सूचना दी गई है लेकिन वह मौके पर नहीं पहुंची है। शरारती तत्व द्वारा कई बार बाबा साहब के बोर्ड को तोड़ दिया गया है। पुलिस से कार्रवाई करने की पहले भी मांग की जाती रही है। लेकिन शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई न होने के कारण उनके हौसले बुलंद है। गुस्साये दलित समाज के लोगों ने जमकर हंगामा काटते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। दलित समाज के लोगों ने कहा कि यदि पुलिस ने शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की तो वह आंदोलन करेंगे। प्रदर्शन करने वालों में पवन कुमार मनोज कुमार राजीव डॉक्टर ओम प्रकाश मेवाराम अनिल गौरव राजपाल विजयपाल थान सिंह सतीश सहदेव मुनि.राज जितेंद्र टेकचंद आदि मौजूद थे

## महिलाओं पर फब्तियां कसने पर बवाल

### लाठी डंडों से बुरी तरह पीटा, कार में तोड़फोड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** महिलाओं पर फब्तियां कसने के विरोध पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। लाठी-डंडों से बुरी तरह पिटाई की। इतना ही नहीं आरोपियों ने कार में भी तोड़फोड़ की। बचाव में आई महिलाओं से भी अभद्र व्यवहार किया। मामले में पुलिस ने गांव के ही तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

**■ गांव के ही तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा**

मामला नौगावां सादात थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाले एक व्यक्ति उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक थे। मंगलवार को गांव में अमरो.हा शहर में उनके सेवानिवृत्त होने पर कार्यक्रम था। घर में सिर्फ महिलाएं मौजूद थीं। बताया जा रहा है कि घर पर रिश्तेदारों की कार आकर रुकीं। जिनमें दो महिलाएं भी थीं। उन्हें देखकर गांव के रहने वाले वेदपाल, सतेंद्र और बब्बू ने अश्लील फब्तियां कसनी शुरू कर दीं। महिलाओं ने जब इस हरकत का विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट करते हुए कार में तोड़फोड़ की, धारदार हथियार से हमला कर महिलाओं को घायल कर दिया और बाद में धमकी देते हुए वहां से भाग गए। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरो.पियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा

### एक नजर

## पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** महिला परामर्श केन्द्र गजरौला में एक विवाहिता की तहरीर पर पति समेत ससुराल पक्ष के चार लोगों के विरूद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग पचास लाख रूपये डिमांड विवाहिता से करते थे और इनकार करने पर उसके साथ मारपीट भी की और घर से निकाल दिया। जानकारी के अनुसार मण्डी धनौरा निवासी एक व्यक्ति ने अपनी बेटी की शादी बरेली निवासी एक चिकित्सक के साथ की थी। उपहार स्वरूप काफी बड़ा व्यय भी किया था, मगर आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति व ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता का दहेज के लिये उत्पीड़न करना प्रारंभ कर दिया। इस बीच 12.02.2024 व 24.03.2025 को मारपीट करके घर से भी निकाल दिया। रिश्तेदारों व पुलिस के माध्यम से भी पति व ससुराल पक्ष को समझाने का प्रयास किया गया मगर वे नहीं माने और पचास लाख रूपये डिमांड पूरी करने पर ही विवाहिता को घर में कदम रखने की बात कही। बुधवार को महिला परामर्श केन्द्र पर इस मामले में पति डॉ.हरिदत्त शर्मा, ससुर डॉ.भुवनेश्वर शर्मा, सास सरोजनी देवी व देवर शिवदत्त शर्मा निवासी बरेली के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया।

**■ पचास लाख रूपये की डिमांड करने का आरोप**

## गंगा पुल तक सर्विस रोड बनाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** ग्रामीणों ने गंगा एक्सप्रेसवे पर पुल तक सर्विस रोड बनवाये जाने की मांग की है। रोड न बनवाये जाने पर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। तहसील क्षेत्र के गांव पिपलोती खुर्द के जंगल से गंगा एक्सप्रेसवे निकल रहा है। बुधवार को दर्जनों ग्रामीणों ने पिपलोती खुर्द से गंगा के पुल तक सर्विस रोड बनवाये जाने की मांग करनी शुरू कर दी। ग्रामीणों का कहना था कि मंगरौला से पिपलोती खुर्द तक गंगा एक्सप्रेसवे के बराबर से सर्विस रोड बनाया गया है। उन्होंने कहा कि पिपलोती खुर्द से गंगा के पुल तक सर्विस रोड बनवाया जाये। सर्विस रोड न बनने के कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सर्विस रोड को नहीं बनाया गया तो ग्रामीण धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। मांग करने वालों में मुबतलिब चौधरी, युसूफ चौधरी, जमशेद, शराफत, शमशाद, निजाम, फुरकान, महेंद्र गिरी आदि मौजूद थे।

## पंचायत में अधिकारियों को बुलाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगावां सादात।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति पार्टी की पंचायत सात अप्रैल को तहसील प्रांगण में होगी। आज कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सोंप उक्त पंचायत में अधिकारियों को बुलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि किसान अपनी समस्याओं को लेकर पिछले काफी समय से आंदोलन कर रहे हैं परन्तु अधिकारी इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे। यदि सात अप्रैल को पंचायत में अधिकारी नहीं पहुंचे तो आंदोलन शुरू किया जायेगा।

## ई रिक्शा पलटने से तीन किशोर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ई रिक्शा पलटने के कारण नुमाईश देखकर घर लौट रहे किशोर नीचे गिरकर बुरी तरह से घायल हो गये। पुलिस को तहरीर देकर न्याय करने की गुहार लगाई है।

नगर के मोहल्ला कायस्थान पत्थर वाली मस्जिद निवासी इरशाद पुत्र मोहम्मद इशहाक ने कोतवाल को पत्र देकर कहा है कि बीते दिन दोपहर उसके साल का बेटा कैफ पुत्र तस्लीम अयान सुफियान नुमाईश देखकर ई रिक्शा में बैठकर वापस घर लौट रहे थे। ई रिक्शा को नशेड़ी युवक चला रहा था। नशेड़ी युवक ने ई-रिक्शा को अमरोहा बस स्टैंड पर पलट दिया। जिससे ई-रिक्शा में बैठे किशोर व परिवार के बच्चे घायल हो गये। राहगीरों ने घायलों को घर पहुंचा दिया। हादसे में कैफ के ज्यादा चोटे लगी हैं। गंभीर हालत होने पर कैफ को मेरठ रेफर किये जाने की तैयारी की जा रही थी। इरशाद ने ई-रिक्शा चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

# ट्रक से बचने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पेड़ में घुसी कार

## सचिव हुए गंभीर रूप से घायल हायर सेंटर किया रेफर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** बुधवार को ड्यूटी पर वापस लौट रहे वजी. रगंज में तैनात विकासखंड सचिव की गाड़ी सैदपुर और रेहड़ियां के वीच अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई ड्यूटी जा रहे हैं सचिव हुए गंभीर रूप से घायल हम आपको बता दें कि जनपद बदायूं के वजीरगंज थाना क्षेत्र में अंकुर पुत्र विनोद निवासी तैय्यबपुर काजी उर्फ काजीवाला जनपद बिजनौर वजीरगंज विकासखंड में सचिव पद पर कार्यरत है वहीँ आज बुधवार को सचिव अंकुर कार पर सवार होकर वजीरगंज विकासखंड में ड्यूटी करने के लिए जा रहे थे तभी रेहड़िया और सैदपुर के बीच पहुंचते ही ट्रक को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित हो गई और पेड़ से जा टकराई जिसमें कार सवार सचिव गंभीर रूप से घायल हुए वहीं सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस द्वारा घायल सचिव को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदपुर में भर्ती कराया गया जहां उपस्थित डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद घायल की गंभीर हालत को देखते हुए मुरादाबाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

# सरकारी चकरोड़ तोड़कर पेड़ लगाने से रास्ता तंग, किसान परेशान, जिम्मेदार बेखबर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** क्षेत्र के गांव नगला जैत में ग्रामीणों ने सरकारी चकरोड तोड़कर पेड़ लगा दिए जिससे आम किसानों को अपनी खेतिहर जमीन व फसलों की देखभाल करने व अपने खेतों पर चार पहिया वाहन लाने ले जाने में खासा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । ग्रामीणों के मुता. बिक विकास खंड आसफपुर क्षेत्र के गांव नगला जैत में सरकारी चकरोड कुछ हेकड़ी लोगों ने धींगा मस्ती के चलते जबरन तोड़कर यूको लिपटिस के पेड़ लगा दिए हैं जिससे आम आदमी का अपने घर से खेतों तक पहुंचाना दूभर हो गया है ।लोगों का मानना है कि शासनादेश विपरीत गांव के कुछ दबंग लोगों ने सरकारी चकरोड तोड़ दिया इस जन हित की अवहेलना करने वाले दबंगों के सामने संबंधित अधिकारी अपनी निगाहें बचाए हुए हैं आखिर क्यों ।

# डी पॉल स्कूल में नए सत्र का समारोहपूर्वक हुआ शुभारंभ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** डी पॉल स्कूल में बुधवार से नए सत्र का हुआ शुभारंभ स्कूल के प्रबंधक फादर डॉक्टर मार्टिन बीसी व प्रधानाचार्या सिस्टर जोशीता स्टाफ सेक्रेटरी ज्योति वार्ष्णेय तथा कक्षा एक की छात्रा अनिका मिश्रा, कक्षा 5 के छात्र रिदांश वार्ष्णेय के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

स्कूल के प्रबंधक फादर डॉक्टर मार्टिन बीसी ने सभी छात्र/छात्राओं को नए सत्र 2025 - 26 के शुभारंभ में अपनी शुभकामनाएँ प्रदान की, और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने सभी छात्र /छात्राओं को अनुशासन में रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि हमें अपने बड़ों एवं गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए। हमें अपने हौंसले तथा इरादों को हमेशा बुलंद रखना चाहिए। उन्होंने कहा हमें किसी भी असफलता से घबराना नहीं चाहिए हमें उसका डटकर सामना करना चाहिए तभी हम सफलता प्राप्त कर सकते हैं और सफल होकर अपना और अपने परिवार का नाम रोशन कर सकते हैं। प्रधानाचार्या सिस्टर जोशीता ने भी नए सत्र में आए सभी छात्र /छात्राओं को अपनी शुभ कामनाओं से आशिषित किया।

कक्षा 10 के छात्रों ने एक नाट्य प्रस्तुत किया जिसका मुख्य उद्देश्य सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखना तथा अपने गुरुजनों का आदर व बुरी संगति से दूरी बनाए रखना था। डी पॉल स्कूल में आए नए छात्र तथा नए शिक्षकों को प्रबंधक फादर मार्टिन बीसी के द्वारा पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया गया।

# दबंगों ने युवक को लाठी-डंडों से पीट-पीटकर किया लहूलुहान, जिला अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** सहसवान थाना कोतवाली क्षेत्र के गांव बाजपुर में दबंगों ने घर में घुस कर ग्रामीण युवक को लाठी डंडों से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। गंभीर हालात में परिजनों ने युवक को सीएचसी पर भर्ती कराया है डॉक्टर ने उसके बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज चल रहा है। आरोप है कि युवक अपनी दवाई लेकर घर में घुसा था पीछे से दबंग लोग आ गए और किसी बात को लेकर गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर दबंगों ने युवक को लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। शोर होते ही आस पास के लोग इकट्ठे हो गए उसके बाद दबंग लोग वहां से फरार




पुलिस को तहरीर देते हुए

हो गए। परिजनों ने युवक को गंभीर हालत में सीएचसी में भर्ती कराया हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है अभी भी हालत गंभीर बनी है। जिसकी थाने में तहरीर दी गई है मगर अभी तक कोतवाली पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है । पीड़ित ने आहत होकर बुधवार को एसएसपी को शिकायती पत्र देकर पांच आरो. पियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव बाजपुर निवासी यासीन पुत्र रियासत ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 31मार्च की शाम करीब 8:00 बजे अब्दुल वासिद, अब्दुल तारिक, अब्दुल कलाम, अहमद हसन पुत्रगण वहीद समेत पीड़ित युवक के घर में घुस गए। उन लोगों ने लाठी-डंडे और रॉड से यासीन के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। आरोप है कि दबंगों ने पीट-पीटकर हाथ पैर तोड़ दिए और मरा हुआ जानकर छोड़कर भाग गए। परिजनों ने घायल हुए युवक को सीएचसी पर भर्ती कराया हालत को गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां घायल का इलाज चल रहा है युवक की अभी भी हालत गंभीर बनी हुई है। उसके बाद अगले दिन यासीन के घर में महिलाओं ,को अकेली देखकर दबंगों ने घर में घुसकर धावा बोल. कर भूरी,असराना के साथ मारपीट कर कपड़े फाड़ दिए और अश्लील हरकतें करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए दबंग वहां से फरार हो गए। जिसकी पीड़ित ने बुधवार को एसएससी ऑफिस में शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर न्याय की मांग की है।

# पुलिस ने बिना लॉक लगी मोटर साइकिल वालों को चेताया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** बीते बुधवार को स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी अली मियां जैदी , उपनिरीक्षक चंद्र शेखर सिंह , कांस्टेबल आकाश ढाका ने पंजाब नैशनल बैंक शाखा व जिला सहकारी बैंक शाखा परिसर में खड़ी बिना ताला लगी मोटर साइकिल चालकों को अपनी अपनी मोटर साइकिलों में ताला लगाकर खड़ी करने की सख्त हिदायत दी । इस दौरान पंजाब नैशनल बैंक शाखा प्रबंधक रिचिन कुमार , रजनीश यादव , देव कुमार , प्रदीप कुमार के अलावा जिला सहक. ारी बैंक शाखा प्रबंधक अर्जुन सिंह , खजांची अरविंद कुमार मिश्रा व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी विनोद यादव आदि मौजूद रहे । यह जानकारी पुलिस चौकी प्रभारी अली मियां जैदी ने दी । पुलिस द्वारा यह बैंक चेकिंग अभियान कड़ी सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए समय समय पर किया जाता है ।

# सीएम को संबोधित 7 सूत्रीय ज्ञापन अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट को सौंपा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** बुधवार को राष्ट्रवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश सिंह के नेतृत्व में बदायूं जिला अध्यक्ष सुनील कुमार व कार्यकर्ताओं द्वारा आम जनमानस विभिन्न समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित 7 सूत्रीय ज्ञापन अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ गुप्ता को सौंपकर अवगत कराया कि प्रदेश के योगी सरकार द्वारा आवारा छुट्टा पशुओं को सुरक्षित व संरक्षित रखने के लिए अतिरिक्त धन प्रशासन को मुहैया कराया गया है।

लेकिन जिम्मेदारों की हठधर्मिता के चलते धरातल पर स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है आज भी आवारा गोवंश सड़कों व खेतों में घूमते दिखाई दे रहे हैं जिससे ग्रामीण किसान बेहद परेशान है समस्या का तत्काल प्रभाव से निस्तारण किया जाए। वहीं राज्य के सभी कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल की जाए। उत्तर प्रदेश में सभी संविदा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को स्थाई किया जाए। समस्त उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को ऑनलाइन प्रक्रिया पर स्थानीय सचिव व प्रधानों के नियंत्रण चलते पात्रों को नहीं मिल पा रहा हैं प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते गरीबों को दर-दर भटकना पड़ रहा है जिसकी धरातल पर जांच करा कर जल्द से जल्द गरीब पात्रों को आवास दिलाए जाने की मांग की आने वाले दिनों में आम जनमानस पर भीषण गर्मी की मार ध्यान में रखते हुए नगर कस्बा एवं महानगरों में चौराहा तिराहो पर शुद्ध शीतल पेय जल की जल्द से जल्द व्यवस्था की जाए व क्षेत्र में होने वाली अघोषित बिजली कटौती एवं 24 घंटे विद्युत आपूर्ति देने की मांग की इन सभी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बदायूं अतरिक्त जिला मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ गुप्ता को सौंपकर सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करने की मांग की गई इस दौरान राष्ट्रवादी पार्टी बदायूं जिला अध्यक्ष सुनील कुमार, जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह यादव विधानसभा अध्यक्ष श्याम पाल गोला, जिला महासचिव महिपाल सिंह, शिवम ओमेंद्र पाल रविन्द्र सिंह उर्फ दिवान व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दादी की रसोई पर बरेली से पहुंचे आईजी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** सिलहरी थाना सिविल लाइन क्षेत्र के पटेल चौक स्थित दादी की रसोई पर सेवानिवृत्ति होने के वाद पहुंचे आईजी शिकायत प्रकोष्ठ प्रभारी परिक्षेत्र बरेली मंडल राजकुमार तिवारी का भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुखदेव सिंह राठौर और ब्लॉक प्रमुख पति सलारपुर अनेक पाल सिंह फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया ।

तिवारी ने बताया 31 मार्च को 41 वर्ष 6 माह का सर्विस कार्यकाल पूरा कर सेवानिवृत हुए वह बदायू मे एसएसपी पीआरो, सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक, थाना सिविल लाइन, थाना हजरतपुर प्रभारी निरीक्षक के पद पर रहे उन्होंने बताया कि सर्विस कार्यकाल में सुंदर छवि और चरित्रवान बनकर कार्य किया इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उझानी नीरज मलिक, एसओजी प्रभारी राकेश कुमार, पुलिस चौकी प्रभारी शहीद भगत सिंह खेड़ा नवादा संजीव कुमार, महेश तेवतिया, हरेंद्र सिंह पटेल, सत्यवीर सिंह, प्रेमपाल सिंह, अवधेश पटेल, टिल्लू पटेल अवनेश राठौर , नरेंद्र सिंह रामेश्वर सिंह, व गांव सिलहरी,सनाय,दहेमी मोंगर आदि गांवों के लोग मौजूद रहे।

# 14 बच्चों का किया नामांकन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला बदायूं के विकास खंड उसावां के प्राथमिक विद्यालय मिर्जापुर अतिराज में खंड शिक्षा अधिकारी उसावां ओमप्रकाश वर्मा स्कूल चलो अभियान की रैली को हरी झन्डी दिखा कर रवाना किया तदुपरांत परीक्षाफल वितरण नवीन नामांकन के अंतर्गत 14 बच्चों का नामांकन किया गया

इस अवसर पर विधालय प्रबंधन के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार विद्यालय के प्र0अ0 गयाराम भारती स0अ0 रोहिणी सोनकर व सोनू राठौर शि0मि0 विमलादेवी, व सदनपाल सिंह सहित तमाम अभिभावक उपस्थित रहे।

# निजीकरण का असर विद्युत कर्मचारियों पर ही नहीं, जनमानस पर पड़ेगा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन जनपद बदायूं की कार्यकारिणी के पदाधिकारी द्वारा विद्युत वितरण खंड बिसौली पर बैठक आयोजित कर आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। बुधवार को विद्युत वितरण खंड बिसौली पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष धर्मात्मा गौड ने कहा कि ऊर्जा प्रबंधन द्वारा पूर्वांचल, दक्षिणांचल के निजीकरण की कार्रवाई पूरी तरह से एक तरफा है, जो कर्मचारियों की सेवा शर्तों एवं उपभोक्ताओं के हित में भी नहीं है। ऊर्जा प्रबंधन को तत्काल अपना फैसला वापस लेना चाहिए। जिला संगठन सचिव रणवीर यादव ने कहा कि निजीकरण से सिर्फ ऊर्जा क्षेत्र के कर्मचारियों की सेवा शर्तें ही प्रभावित नहीं होगी, बल्कि इसका सीधा असर गरीबों किसानों एवं आम जनमानस पर पड़ेगा। इस दौरान जिला सचिव रवि साहू, विकास, सचिन, संजीव वार्ष्णेय, मो. मियां कुरैशी, भोलानाथ, मनोज भारद्वाज, महेश तोमर, अभिषेक रवि, रणजीत, पूर्णमासी आदि अवर अभियंता उपस्थित रहे।

## एक नजर

# पूरी आस्तीन के पहनें कपड़े सोते समय लगाएं मच्छरदानी

### स्वास्थ्य विभाग ने संचारी रोग नियंत्रण पर जारी की एडवाइजरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रामेश्वर मिश्रा ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 से 30 अप्रैल 2025 तक संचालित रहेगा जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा विभिन्न गतिविधियों व कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे साथ ही आमजन को भी संचारी रोग से बचाव व उपाय के प्रति जागरूक किया जाएगा। 10 से 30 अप्रैल तक आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा दस्तक अभियान में मध्यान्ह 12 से अपरान्ह 4 बजे तक घर-घर जाकर आमजन को दिमागी बुखार अन्य वैक्टर जनित रोगों, जल जनित रोगों तथा उष्ण मौसम से संबंधित रोगों के संबंध में लक्षण व उपचार के संबंध में जागरूक किया जाएगा। उन्होंने आमजन को संचारी रोग से बचाव, उपाय व नियंत्रण के लिए क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए ।

इस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, मच्छरों से बचाव हेतु घर के दरवाजों, खिड़कियों पर जाली लगवाएं, व्यक्तिगत साफ सफाई का ध्यान रखें, जानवरों के बाड़ो की नियमित सफाई करें तथा बाड़ो को घरों से दूर बनाएं, पानी की टंकी को ढक कर रखें, गमलों/फूलदान एवं कूलर का पानी साप्ताहिक अंतराल पर बदलते रहें, नालियों की साफ सफाई रखें। उन्होंने बताया कि खुले में शौच न करें, घर और कार्य स्थल के आसपास पानी जमा होने ना दें, सुबह वह शाम के समय घर के खिड़की दरवाजों को खुला ना छोड़े, पुराने एवं खराब सामान को छत पर ना फेकें, पुराने टायर प्लास्टिक के कप फ्रिज की ट्रे बोतलों कबाड़ फूलदानों आदि में पानी इकट्ठा न होने दें, बुखार आने पर लापरवाही न करें और बिना चिकित्सक के परामर्श के दवा का सेवन न करें।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
कामिल खान ब्यूरो चीफ
दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221
Email: mkkhan741@gmail-com

# प्रदेश की मण्डिया किसानों को उपज का दिला रही हैं सही मूल्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** किसानों को उनकी उपज का वाजिम मूल्य दिलाने के लिए राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद द्वारा प्रत्येक जिले में मण्डी समितियों की स्थापना की है। प्रदेश में 251 से अधिक मण्डी समितिया विनियमित है जिनमें 220 मण्डी क्षेत्र में मण्डी स्थल निर्मित हैं। इन मण्डी समितियों में लाइसेन्स प्राप्त व्यापारी ही मण्डी समिती में निर्दिष्ट कृषि उत्पादों का क्रय-विक्रय करने हेतु अधिकृत होते है। किसान अपने उत्पाद को वाजिब मूल्य मिलने पर किसी भी व्यक्ति को बेच सकता है।

मण्डी स्थल पर जब किसान अपना उत्पाद लेकर आता है तो प्रवेश द्वार पर उसे निर्धारित प्रारूप पर प्रवेश पर्ची दी जाती है। जिसमें किसा का नाम पता, वाहन का विवरण कृषि उत्पाद आदि सूचनाएं अंकित की जाती है। जिस कृषि उत्पाद का जो मूल्य केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किया जाता है उससे कम मूल्य पर उस उत्पाद का क्रय नहीं किया जाता है। निर्धारित मूल्य/निर्धारित मूल्य से अधिक पर किसान से क्रय किया जाता है। इसे किसान को अपने उत्पाद का सही मूल्य मिल जाता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलाने के लिए अनेक हितकारी कदम उठाएं हैं।

प्रदेश सरकार में मण्डियों का आधुनिकीकरण किया गया है। प्रदेश में मुख्यमंत्री कृषक कल्याणकारी योजना के अन्तर्गत मण्डी परिषद द्वारा 79796 कृषकों को रू134.76 करोड़ का अनुदान दिया है। प्रदेश में 27 नवीन मण्डी स्थलों का आधुनिकीकरण एवं 185 नग हाट-पैठ का निर्माण किया गया है। मण्डियों में किसानों हेतु प्री-अराइवल ई-पास लागू किया गया है तथा 1 मंडी व्यापारियों को डिजिटल पेमेन्ट की सुविधा दी गयी है।

प्रदेश के कृषकों को उपज का उचित मूल्य दिलाने हेतु प्रदेश की 125 मण्डियों में जनवरी, 2025 तक लगभग 06 हजार 99 करोड का डिजिटल व्यापार किया गया है। ई-मण्डी योजना के अंतर्गत इस अवधि में 06 हजार 922 ई-लाइसेंस निर्गत किये गये हैं और ई-मण्डियों में 04 करोड़ 18 लाख से अधिक ऑनलाइन पर्चियां निर्गत की गयी है। प्रदेश के किसानों के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं के माध्यम से उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। मण्डी समितियों के माध्यम से कृषकों एवं व्यापारियों/आढ़तियों हेतु संचालित योजनाओं के तहत 2019-20 से वर्तमान तक 48 हजार 210 कृषक लाभार्थियों को लगभग 98 करोड़ 50 लाख के अनुदान की धनराशि वितरित की जा चुकी है। प्रत्येक कृषि मण्डी में माता शबरी के नाम पर कैण्टीन और विश्रामालय स्थापित किया जा रहा हैं। कैण्टीन में सब्सिडाइज्ड दरों पर किसानों को भोजन उपलब्ध कराया जाता हैं। प्रदेश के 08 जनपदों में किसानों की उपज का उचित मूल्य दिलाने की प्रक्रिया को और सरल बनाने हेतु 08 नयी मण्डिया/उपमण्डिया तथा लखनऊ में 49 करोड़ की लागत से किसान एग्रीमॉल का निर्माण पूर्ण होने की स्थिति में हैं। किसानों की उपज को सही पैकिंग के लिए प्रदेश के अमरोहा, वाराणसी एवं सहजनवा में इंटीग्रेटेड पैक हाउस का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।

प्रदेश में 88 ग्रामीण हाट बाजार भी पूर्ण कर लिये गये हैं। कृषकों के हित के लिए एंड्रायड मोबाइल एप यू०पी० मण्डी भाव का शुभारम्भ किया गया है, जिसमें कृषि बाजारों के बाजार भाव एवं मौसम की जानकारी प्रतिदिन नि:शुल्क उपलब्ध करायी जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के अंतर्गत पूर्व प्रधानमंत्री स्व० चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस को शिकसान सम्मान दिवसश् के रूप में मनाते हुए किसानों को ट्रैक्टरों का वितरण कराया गया। कृषकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से वर्ष 2017-18 के पूर्व यू०पी० डास्प में केवल 01 योजना संचालित थी जो बढ़ाकर वर्तमान में 05 नयी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

फार्मर रजिस्ट्रेशन केरते हुए वर्ष 2024-25 में माह दिसम्बर, 2024 तक कुल 60.48 लाख फार्मर कार्ड प्क् निर्गत की गयी है। प्रदेश में किसानों की फसलों को वर्षा के पानी/नदियों के बाढ़ से बचाने के लिए 'बाढ़ सुरक्षा हेतु अब तक कुल 1551 बाढ़ परियोजनाएं पूर्ण करते हुए 32.87 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि का बचाव करते हुए करोड़ों की आबादी को लाभान्वित किया गया। महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सीडलिंग का उत्पादन किया जा रहा है, जिससे लगभग 60 हजार महिलाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। प्रदेश सरकार ने लखनऊ में रू0 251 करोड़ की लागत से भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी के नाम पर एक सीड पार्क की स्थापना का निर्णय लिया है।

# डीएम ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

## नेकपुर वार्ड में मिलेगी 24 घंटे जलापूर्ति, जून 2026 तक होगा कार्य पूर्ण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में जल जीवन मिशन ग्रामीण व नगरीय के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कार्यों में तेजी लाने के लिए कहा। उन्होंने जल जीवन मिशन ग्रामीण के अधिकारियों से कहा कि जो कार्य हो गए हैं उसको हैंडओवर की प्रक्रिया प्रारंभ करें। जल जीवन मिशन नगरीय अंतर्गत नेकपुर वार्ड 24 घंटे जलापूर्ति के लिए वार्ड को शासन स्तर से चिन्हित किया गया है।

जिस पर कार्य प्रकियाधीन है तथा यह कार्य जून 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। डीएम ने रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करने व हर घर जल के कार्यों के प्रमाणीकरण करने के लिए कहा। अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण नरेंद्र वर्मा ने बताया कि जनपद के 1444 आवासीय ग्राम में से 759 ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही है। 685 ग्रामों के लिए कार्य प्रकियाधीन है। उन्होंने बताया कि 857 ओवरहेड टैंक बनाए जाने हैं जिनमें से 288 पूर्ण हो गए हैं शेष 569 पर कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि इन ओवरहेड टैंक में से 29 जो की पूर्व में बनाए गए थे वह बिजली से संचालित होंगे तथा 828 सोलर पंप व बिजली से संचालित होंगे। अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय शाहजहांपुर डिवीजन कपिल सिंह ने बताया कि जनपद में 07 परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है, जिसमें सहसवान, कछला, इस्लामनगर, दातागंज, बदायूं, उझानी व बदायूं शहर का नेकपुर वार्ड है।

उन्होंने बताया कि सहसवान व कछला में अप्रैल 2025, इस्लामनगर में मई 2025, दातागंज में जुलाई 2025, बदायूं में जुलाई 2025, उझानी में मार्च 2026 तथा नेकपुर में जून 2026 तक कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया इनमें से नेकपुर वार्ड शासन द्वारा चिन्हित किया गया है जहां 24 घंटे जलापूर्ति की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए कार्य प्रकियाधीन है तथा शासन स्तर से टाटा कंसलटेंसी सर्विस को नामित भी कर दिया गया है। प्रत्येक 07 परियोजनाओं पर ओवरहेड टैंक, ट्यूबवेल, पाइप सप्लाई आदि कार्य कराए जाएंगे। इस अवसर पर कार्यदायी संस्था पीएनसी इंफ्रा के सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर गुरु प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे।

# 05 अप्रैल तक 08 विकास खण्डों में चलेंगे रोजगार मेले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 मार्च से 05 अप्रैल 2025 तक जिला सेवायोजन कार्यालय बदायूॅं के तत्वाधान में जनपद के 08 विकासखण्डों में एक-एक दिवसीय रोजगार मेला जी0डी0एक्स सिक्योरिटी कम्पनी प्रा0लि0 नोयडा द्वारा आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस कम्पनी द्वारा सुरक्षा कार्यों के लिए शिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्थाई रोजगार दिये जाने हेतु पंजीयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें जी0डी0एक्स ग्रुप ग्रेटर नोयडा एवं भारत सरकार के पसारा एक्ट अधिनियम 2005 के तहत सुरक्षा जवान का चयन हुआ, वे सभी को 15 दिन के प्रशिक्षण के लिए टेनिंग सेन्टर परी चौक मेटो स्टेशन नियर सी0ओ0 एक्स0 नोयडा बुलागा गया है। भर्ती अधिकारी ने बताया कि आगामी रोजगार शिविर 02 अप्रैल को विकासखण्ड उझानी, 03 अप्रैल को विकासखण्ड वजीरगंज, 04 अप्रैल को विकासखण्ड दातागंज, और 05 अप्रैल को विकासखण्ड अम्बियापुर में सुवह 10:30 बजे से सायं 3:00 बजे तक रोजगार शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# डीएम ने जनसुनवाई के दौरान कलक्ट्रेट में सुनीं जनसमस्याएं

## शिकायतों का वास्तविक एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के दिए निर्देश



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** बुधवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने प्रत्येक दिवस की भांति कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जन सामान्य की शिकायतों को सुना, और सम्बंधित अधिकारियों को शिकायतों का वास्तविक एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये। जन समस्याओं को समस्त सम्बंधित अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि आमजन की शिकायतों को सुनकर शत प्रतिशत उनका निराकरण किया जाये।

जनसुनवाई के दौरान कहा कि जमीन से संबंधित समस्या को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम के द्वारा तत्काल मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान जो भी शिकायतें आ रही हैं, उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण स-समय सुनिश्चित कराएं और शिकायतकर्ता निस्तारण से संतुष्ट हो और आमजन को न्याय मिले।

# किशोरी से रेप, दो संदिग्ध हिरासत में

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** सिटी स्टेशन के पास बृहस्पतिवार रात ट्रेन से धक्का देकर एटा की 14 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में जीआरपी दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। दोनों सीसीटीवी कैमरे में रेलवे स्टेशन के आसपास घूमते हुए दिखाई दिए हैं। जीआरपी जल्द खुलासा करने का दावा कर रही है।

सीओ जीआरपी एके सिंह ने बताया कि अब तक आरोपी के संबंध में कोई ठोस क्लू नहीं मिला है लेकिन दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर खुलासा कर दिया जाएगा

# दो दोस्तों को घेरकर पीटा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** थाना बारादरी क्षेत्र में सब्जी मंडी जा रहे दो दोस्तों की 12 युवकों ने पिटाई कर दी। थाना बारादरी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गोसाई गौंटिया निवासी रामसिंह ने बताया कि उनका बेटा सचिन और उसका दोस्त अमन सोमवार की सुबह करीब सात बजे सब्जी मंडी जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में शिवा और ओम ने 10 अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उनपर हमला कर दिया। सभी ने उनकी पिटाई की। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दो नामजद समेत 12 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सकरस गांव के मंदिर में शरारती तत्व ने तोड़ी काली माता की मूर्ति

■ पुलिस ने ग्रामीणों को शांत कराकर दूसरी मूर्ति की कराई स्थापना

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** माहौल बिगाड़ने के मकसद से किसी शरारती तत्व ने काली माता की मूर्ति को खंडित कर दिया। जब इसकी जानकारी गांव वालों को लगी तो वह मौके पर इकठ्ठा होकर हंगामा करने लगे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँच गई, और हंगामा कर रहे लोगों को समझा-बुझाकर खंडित मूर्ति के स्थान पर दूसरी मूर्ति रखवा दी।

थाना बहेड़ी के ग्राम सकरस में शमशान मंदिर के पास काली माता का वर्षों पुराना मंदिर है। इस मंदिर में



काफी संख्या में गांव के लोग रोजाना पूजा करने आते हैं।

जानकरी के मुताबिक बुधवार की सुबह गांव के ही संदीप मिश्रा व अन्य लोग पूजा करने मंदिर पहुंचे तो मंदिर में लगी काली माता की मूर्ति टूटी हुई थी। इसपर उन्होंने मामले की शिकायत गांव के प्रधान को दी।

कुछ देर में ही गांव वालों की भीड़ मंदिर के पास जमा हो गई, और वह मिलकर हंगामा करने लगे। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर संजय तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँच गए। इंस्पेक्टर ने दूसरी मूर्ति मंगवा कर ग्रामीणों के हाथों उसकी स्थापना करवा दी।

इस मामले में गांव के प्रधान कुंव. रसेन मौर्य ने अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। उधर इंस्पेक्टर ने कहा कि मूर्ति खंडित करने वालों की तलाश की जा रही है।

# कस्बे में पहुंचे झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार

शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** भाजपा नेताओं से होली मिलने कस्बे में पहुंचे झारखंड के राज्यपाल माननीय संतोष गंगवार भाजपा नेता आशीष अग्रवाल के आवास पर पुराने कार्यकर्ताओं से अपने राजनैतिक कार्यकाल की चर्चा कर यादें ताजा की।



युवा अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री भाजपा नेता आशीष अग्रवाल के आवास पर झारखंड राज्य के राज्यपाल एवं बरेली के पूर्व सांसद/पूर्व केंदीय मंत्री संतोष गंगवार दोपहर के समय अपने राजकीय काफिले के साथ पहुंचे और अपने पुराने कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर चाय पर चर्चा कर होली मिलकर सबको बधाई दी। श्री गंगवार ने एक घंटे के कार्यक्रम में कस्बे के वरिष्ठ बुजुर्ग नेताओं के साथ अपने सांसद कार्यकाल के बाइक पर बैठकर प्रचार करने की यादें ताजा की साथ ही सभी पार्टी नेताओं को रांची राजभवन आने का न्यौता भी दिया। इस दौरान मीरग.ंज विधायक डॉक्टर डीसी वर्मा, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष वीरेंद्र गंगवार वीरू,भाजपा जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अजय सक्सेना, कृष्ण गोपाल गंग.वार,शंशाक अग्रवाल,सनी सिंह,नरेश ऐरन, विनोद अग्रवाल,दौलत राम गुप्ता, गोविंद गुप्ता,सौरभ पाठक, हरीश गंगवार,कुलवीर सिंह, संजीव शर्मा, कन्हैया लाल,दीपक गोयल, मिथलेश कश्यप,अंशुल सक्सेना, राजेश गुप्ता, शानू मिश्रा, तरुण गंग.वार,हरदेव गंगवार आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षक कभी रिटायर नहीं होता बढ़ जाती हैं जिम्मेदारी: बीईओ

■ सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों का सम्मान-विदाई समारोह का आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** बुधवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय रुकुमपुर माधौपुर मे ब्लॉक के सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों का सम्मान-विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि बीईओ भानुशंकर गंगवार ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नही होता है बल्कि समाज मे उसकी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। यहां बीईओ ने 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए शिक्षक कमलेश भारती, कंचन अग्रवाल, रामकुमारी, नुसरत जहां, प्रतिमा सक्सेना, अर्चना सिन्हा, नाहिद जमाल, शादाब शमीम को शाल ओढ़ाकर स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। वही अपने मूल विद्यालय बापस गए एआरपी सौरभ बाजपेई, गौरव सक्सेना, नरगिस परवीन, शीला गंगवार, भगवान दास गंगवार का फूलमालाओं से स्वागत किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार ने कहा कि शिक्षक अपनी सेवावधि के साथ साथ सेवानिवृत्त होने के उपरांत भी अपने कर्तव्यों और आचरण से समाज को दिशा दिखाते है। प्रेमपाल गंगवार ने कहा कि सेवा.निवृत्त हो रहे शिक्षक हमारे वरिष्ठ है। जिनकी सेवाएं और कर्तव्य पालन हमारे लिए सदैव मार्गदर्शन का काम करती है। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश गंगवार सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षको के कार्यो की सराहना की। शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष कपिल यादव ने एआरपी के कार्यों की सराहना की। संचालन डॉ. केपी सिंह ने किया।

अंत में स्कूल की इंचार्ज अध्यापिका शबीह फातमा ने आए हुए अतिथियों व शिक्षक-शिक्षिकाओ का आभार जताया। इस अवसर पर केसी पटेल, बलवीर सिंह, योगेश गंगवार, परम कृष्ण पाल, राज.कुमार यादव, प्रेमपाल गंगवार, अखिलेश गंगवार, रुचि गंगवार, शिल्पी अग्रवाल, संदीप गुप्ता, विनोद चौधरी, रमेश पपनै, हिमांशु सक्सेना सहित शिक्षक- शिक्षिकाएं मौजूद रही। यह जानकारी शिक्षा मित्र संघ के जिलाअध्यक्ष कपिल यादव ने दी।

## एक नजर

# लखनऊ जाते समय भाजपा नेता की कार हादसे में हुई क्षतिग्रस्त

शाह टाइम्स संवाददाता



**बहेड़ी।** लखनऊ जाते समय भाजपा नेता राहुल गुप्ता की कार आवारा पशु से टकरा गई। कार में भाजपा नेता सहित उनके दो भाई भी सवार थे। हादसे में उनकी कार आगे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में भाजपा नेता व उनके भाईयों को कोई चोट नहीं लगी है।

हादसे के समय कार में सवार थे राहुल गुप्ता व उनके भाई

जानकारी के मुताबिक भाजपा नेता राहुल गुप्ता अपनी कार से लखनऊ जा रहे थे। कार में उनके साथ उनके बड़े भाई शिव कुमार गुप्ता व अनुज गुप्ता भी सवार थे। मैकलगंज के पास अचानक उनकी कार में आगे से आवारा पशु टकरा गया, जिससे उनकी कार आगे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत यह रही कि हादसे में किसी को भी कोई चोट नहीं आई।

# शिलापट से गांव का नाम नदारद, ग्रामीणों में आक्रोश

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** बरेली-पीलीभीत सीमा पर बसे गांव अधकटा नजराना में वने अटल आवासीय विद्यालय का मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकार्पण किया गया था।



मुख्यमंत्री द्वारा 73.25 करोड़ रुपये की लागत से बने इस विद्यालय का जिस जमीन पर निर्माण किया गया है उस जमीन के लिए गांव के लोगों ने एक लम्बा संघर्ष किया था। गांव के मेधावी किसान क्लव सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष रामपाल गंगवार ने इस जमीन को ओसवाल ग्रुप से लेकर कैसे ग्राम समाज में दर्ज कराई, इसका लम्बा इतिहास रहा है। आज जब इस जमीन पर 73.25 करोड़ की लागत से अटल आवासीय विद्यालय बनकर खड़ा हो गया है, और इसका लोकार्पण भी हो गया, लेकिन जो शिलापट लगाई गई उससे ग्राम अधकटा नजराना का नाम गायब कर दिया गया, जो ग्राम के लोगों का खुला अपमान है। ग्राम के मेधावी किसान क्लव सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष रामपाल गंगवार के साथ ही ग्राम के लोगों ने इस पर गहरी नाराजगी जताते हुए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से शिलापट पर गांव का नाम खुदवाए जाने की मांग की है।

# व्यापारी नेता ने की महिला से अश्लील हरकतें पुत्र के साथ मिलकर की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** ब्लाउज का कपड़ा लेने आई एक ग्रामीण महिला से कस्बे के एक व्यापारी नेता ने अश्लील हरकतें करते हुए उसके गाल पर थप्पड़ जड़ डाले। विरोध करने पर उसके पुत्र ने भी उसकी पिटाई कर डाली। महिला की तहरीर पर पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

नवाबगंज कस्बे के बाजार रोड स्थित व्यापारी नेता प्रेम प्रकाश रस्तोगी की दुकान पर थाना हाफिजगंज क्षेत्र के गांव की महिला दो दिन पहले अपने ब्लाउज का कपड़ा लेने आई थी। महिला ने कपड़ा लेकर 2 सौ रुपए व्यापारी नेता प्रेम प्रकाश रस्तोगी को देकर वाकी के रुपये लौटाने को कहा, आरोप है कि दुक.ानदार ने उसके गुप्तांगों पर हाथ चलाते हुए कहा कि इतना कपड़ा कहां लग जाएगा, महिला ने व्यापारी नेता पर अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाते हुए इसका विरोध किया तो दुकानदार ने कपड़ा उतारने की जबरदस्ती की, और उसके गाल पर थप्पड़ जड़ दिए। शोर शराबा होने पर व्यापारी नेता के पुत्र शिवम ने भी अपने पिता का साथ देते हुए महिला के साथ गाली गलौज और मारपीट की।

महिला के मुताबिक व्यापारी नेता ने शिकायत करने पर झूठे मुकदमे में फंसाए जाने और परिवार सहित सभी को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने व्यापारी नेता प्रेम प्रकाश रस्तोगी और उसके पुत्र शिवम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। दर्ज रिपोर्ट की जांच सब इंस्पेक्टर अभिषेक नागर को सौंपी गई है। इस मामले में व्यापारी नेता प्रेम प्रकाश रस्तोगी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह 40 साल से कपड़े



का कारोबार कर रहे हैं, ऐसी कोई शिकायत आज तक नहीं आई है। वह उस महिला को जानते तक नहीं हैं, उन्हें साजिश के तहत फंसाया जा रहा है। उन्होंने पुलिस से इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## वाह रे बिजली विभाग..........

# एक पंखा, दो इन्वर्टर का एक महीने का बिल 1.48 लाख

■ बिजली बिल से युवक परेशान, युवक को अटैक आते आते बचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** तहसील के थाना क्षेत्र देव.रनियां के ग्राम पंचायत गिरधरपुर में बिजली बिल से परेशान एक युवक को अटैक आते आते बचा। बिजली विभाग ने उसका एक महीने का दुकान का एक किलोवाट का बिजली बिल एक लाख 48 हजार रुपये भेज दिया है। इससे युवक मानसिक रूप से परेशान हो गया, और बिजली विभाग के अधिकारियों पर लाप.रवाही का आरोप लगाया है।

ग्राम गिरधरपुर निवासी पीड़ित सद्दाम हुसैन का कहना है कि मीटर रीडर उसको गलत रीडिंग डालकर बिल बनाकर मानसिक रूप से परेशान कर रहा है। मीटर में यूनिट 3002 है, और उसका बिल 16170 यूनिट का बनाया गया है।



पीड़ित-सद्दाम हुसैन

उपभोक्ता का कहना है कि है अगर बिजली बिल सही करना है तो अधिकारियों को खुश करना होगा, युवक ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनसुनवाई पोर्टल पर भी की है। युवक का आरोप है वह कई दिनों से विजली विभाग के चक्कर काट रहा है, मगर उसकी कोई नहीं सुन रहा है, सब अधिकारी उसको परेशान कर रहे हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर झूलता मिला महिला का शव

■ मौके पर पहुंची पुलिस व जमा हुए लोग



शाह टाइम्स संवाददाता

बहेड़ी। एक महिला का शव संदिध परिस्थितियों में अपने ही घर में फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिला। सूचना मिलने पर सीओ अरुण कुमार, कोतवाल संजय तोमर फील्ड यूनिट सहित पुलिस मौके पर पहुंच गई, और शव को फंदे से उतरवाने के बाद घटना स्थल का बारीकी के साथ मुआयना किया। फॉरेंसिक लैब की टीम ने मौके पर पहुंचकर महिला की मौत के सम्बंध में जांच पड़ताल की।

बुधवार को केसर की लेबर कॉलोनी में 36 वर्षीय नीतू सिंह पत्नी सचिन फांसी के फंदे पर झूलता हुआ पाया गया। फांसी लगने की सूचना पर सीओ और इंस्पेक्टर मौके पर पहुंच गए। कुछ देर बाद फॉरेंसिक लैब की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर महिला की मौत के सम्बंध में जांच पड़ताल की। शव को फंदे से उतरवाने के बाद पुलिस ने उसको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला ने फांसी क्यों लगाई अभी इसका कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। मौत के बाद उसके घर में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक माहिला का पति शराब पीने का आदि है इसी कारण घर में कलेश रहता था।

महिला का पति शराब पीने का आदि है, इसी कारण घर में कलेश रहता था। मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया गया है।
**संजय तोमर**
**कोतवाल-बहेड़ी**

पढ़ते रहिए दैनिक शाह टाइम्स और जुड़े रहे

## कार्यालय ग्राम पंचायत खिरका वि.खं. फतेहगंज प. (बरेली)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-2026 में ग्राम पंचायत खिरका में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है। प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेंट, रेता, बजरी, बजरफुट, सरिया, इन्टरलॉकिंग व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है आदि।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | मैन पुलिया खिरका से हरदयाल के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य | 8,83,354.00 रूपये |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 03.04.2025 से 08.04.2025 दोपहर 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 09.04.2025 को सायं 4:00 बजे निविदादाताओं या उनके प्रति.निधियों के समक्ष ग्राम पंचायत सचिवालय पर खोली जायेंगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

**जितेन्द्र गंगवार** (ग्राम प्रधान) **अतुल सक्सेना** (सचिव)

## कार्यालय नगर पंचायत शीशगढ़ जनपद-बरेली

पत्रांक-04/न०पं०शीशगढ़/वर्ष2025-26 दिनांक-02.04.2025

**ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत शीशगढ़-बरेली को वित्तीय वर्ष 2024-2025 में पं० दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्न विवरण के अनुसार दिये गये निर्माण कार्यों को कराना चाहती है जिसके लिये ई-निविदा बेवसाईट www.etender.up.nic.in पर निविदायें रजिस्टर्ड श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से शर्तों के आधार पर दिनांक 03.04.2025 को अपरान्ह 4:00 बजे से 23.04.2025 को अपरान्ह 5:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा को दिनांक 24.04.2025 को अपरान्ह 12:00 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेंगी, कार्य का विवरण व अन्य शर्तें बेवसाईट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत शीशगढ़
बरेली

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत शीशगढ़
बरेली

# भूमि न मिलने से अटका आईसीसी सैंटर के निर्माण का कार्य

**अमरोहा।** सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा होने से आरसीसी सेंटर बनने में अड़ंगा लग रहा है, कहीं भूमि विवादित तो कहीं निर्माण के लिए भूमि ही नही मिली हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवों में आरआरसी (रिसोर्स रिकवरी सेंटर) का निर्माण कराया जाना है। जिले की 18 ग्राम पंचायतों में इसके लिए जमीन ही उपलब्ध नहीं हो पा रही है। ऐसे में काम अधर में लटका हुआ है। जमीन के लिए जिलाधिकारी से पत्राचार किया जा रहा है।

शासन की ओर से स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के लिए जिले की ग्राम पंचायतों में काम चल रहा। ओडीएफ प्लस के लिए कूड़ा वाहनों के साथ ही आरआरसी केंद्रों का भी निर्माण किया जा रहा है। अभी तक जिले की 18 ग्राम पंचायतों में केंद्र निर्माण के लिए जमीन नहीं मिल सकी है। गंगा किनारे स्थित गजरौला ब्लॉक की फरीदपुर एतमली, लठीरा एतमली, गंगेश्वरी ब्लॉक की शहबाजपुर गुर्जर। वित्तीय वर्ष 2023-24 में चिन्हित ग्राम पंचायतों में गजरौला ब्लॉक की खादगुजर, वारसाबाद, सादुल्लेपुर, जोया ब्लॉक की फरीदाबाद उर्फ नसीरपुर, सलेमपुर नवादा, फत्तेपुर जिबाई व वित्तीय वर्ष 2024-25 में चयनित अमरोहा ब्लॉक की अलीपुर कला, जोया ब्लॉक की फरीदपुर अफजलपुर, रघुनाथपुर, हसनपुर ब्लॉक की ऊधनपुर, मकनपुर शुमाली, पतई भूड़, गजरौला ब्लॉक की लिसड़ी बुजुर्ग व कुदैनी सहित कुल 18 पंचायतों में भूमि न मिलने, अवैध कब्जा होने या विवादित भूमि के चलते आरसी केंद्र का निर्माण नहीं हो सका है।

## एसडीएम को निर्विवाद भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश



**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने बताया कि सभी एसडीएम को तहसील क्षेत्र अंतर्गत गांव में आरसीसी केंद्र निर्माण के लिए निर्विवाद भूमि उपलब्ध कराने या भूमि अनुपलब्धता का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं



जिले में लगभग 18 ऐसी ग्राम पंचायत हैं जहां ओडीएफ प्लस चिन्हित ग्राम पंचायत में आरसीसी केंद्र का निर्माण भूमि न मिलने, विवादित भूमि होने या अवैध कब्जे के चलते नहीं हो सका है। इसके लिए जिलाधिकारी को पत्राचार निर्विवाद भूमि उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

**पारुल सिसोदिया, जिला पंचायती राज अधिकारी, अमरोहा**

# सिटी बसों के लिए इलेक्ट्रॉनिक चार्जिंग प्वाइंट बनाए जाने को भूमि का किया जाए चिन्हांकन:कमिश्नर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** बुधवार को कमिश्नर सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में बरेली-शाहजहांपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि0 की निदेशक मण्डल की बैठक आयुक्त कार्यालय स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि सिटी बसों हेतु 14 जगह पर इलेक्ट्रॉनिक चार्जिंग प्वाइंट बनाये जाने हैं, जिसपर चार्जिंग प्वाइंट बनाने हेतु भूमि का चयन करने के निर्देश दिए गए, साथ ही पीपीई मॉडल के आधार पर पेट्रोल पम्पों से भी बात करके चार्जिंग प्वाइंट बनाये जाने का भी सुझाव दिया गया। बैठक में चार्टड एकाउंटेंट के मानदेय में वृद्धि, टैक्सऑडिटर की नियुक्ति, वैधानिक लेखा ऑडिटर, बरेली सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि0 में टोल फ्री नम्बर लगाये जाने के संबंध में, इलेक्ट्रॉनिक एसी बसों के मेटिनेंस डिपो, चार्जिंग स्टेशन पर फायर हायड्रेट सिस्टम लगाये जाने आदि के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। बैठक में बताया गया कि रेलवे जंक्शन से शीशगढ़ के लिए पांच, रेलवे जंक्शन से शेरगढ़ वांया फतेहगंज के लिए छः व मिनी बाईपास से मनौना के लिए 13 कुल 24 बसें संचालित हैं। इनमें से सबसे अधिक यात्रियों की संख्या मनौना जाने वाली बसों में ही रहती है, जिसपर निर्देश दिए गए कि मनौना के लिए अनाधिकृत बसें चलती हैं तो उन पर रोक लगायी जाए जिससे सिटी बसों को लाभ मिल सके। बैठक में निर्देश दिए गए कि पीलीभीत बाईपास से कार बाजार की दुकानों व अवैध अतिक्रमण को हटाया जाए, इसके साथ ही निर्देश दिए गए कि सथरापुर में निर्माणाधीन सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट को यथाशीघ्र संचालित करें, जिससे बाकरगंज में एकत्रित कूड़े का निस्तारण हो सके। बैठक में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, वीसी बीडीए मणिकंदन ए., एसपी क्राइम सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में शाहजहांपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि0 के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी कि शाहजहांपुर शहर में उत्पन्न जाम के निवारण के सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गयी है, जिसपर जानकारी दी गई कि ई-रिक्शा पर प्रवर्तन की कार्यवाही की जा रही है। 31 ई-रिक्शा कल सीज किए गए हैं। बैठक में निर्देश दिए गए कि बरेली की तर्ज पर शाहज.हांपुर में भी अभियान चलाकर ई-रिक्शा सीज किये जाएं, और यदि कोई नाबालिग बच्चे ई-रिक्शा चलाते मिलें तो रजिस्ट्रेशन कैंसिल किया जाए, और ई-रिक्शा मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी जाए।



बरेली-शाहज.हांपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि. की निदेशक मण्डल की बैठक हुई सम्पन्न

# दस मई को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली सुधीर कुमार के मार्गदर्शन में आगामी 10 मई दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली सौरभ कुमार वर्मा ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लघु प्रकृति के वाद, चलानी वाद, 138 एन आई एक्ट के वाद, पारिवारिक मामलों, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के वाद और बैंक संबंधी लोन के विवादों का निस्तारण सुलह समझौता एवं अभीस्वीकृति के आधार पर किया जा सकता है। प्रभारी सचिव द्वारा यह भी बताया की राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए लगातार प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

प्राधिकरण द्वारा नामित सभी पराविधिक स्वयंसेवकों की नियुक्ति अलग-अलग तहसील, ब्लॉक एवं शहरी क्षेत्रों मे की गई है, जिससे आम जनता को लोक अदालत के प्रति जागरूक किया जा सके, और लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। पराविधिक स्वयंसेवकों द्वारा शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, तहसील और ग्रामीण क्षेत्र में जाकर पोस्टर लगाकर तथा पंपलेट बांटकर राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# डीएम व एसपी ने तहसील मिलक के ग्राम पंचायत एचौरा व परम का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** बुधवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने तहसील मिलक के ग्राम पंचायत एचौरा में ग्राम के मुख्य द्वार पर लगाए गए प्लांटर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गांव में स्थापित की गई पानी की टंकी का भी निरीक्षण किया और पेयजल की आपूर्ति घर घर तक की जा रही है, इसकी स्थिति से भी अवगत हुए। ग्राम प्रधान व ग्राम वासियों के सहयोग से श्मशान घाट के पास अमरूद की बगिया की स्थापना की गयी, जिसकी प्रशंसा जिलाधिकारी ने की। जिलाधिकारी ने गांव में स्थित तालाब में गंदगी पाए जाने पर उसके नियमित रूप से साफ-सफाई के निर्देश एसडीएम व खण्ड विकास अधिकारी मिलक को दिए। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के साथ तहसील मिलक के ग्राम पंचायत





परम में संचालित गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने गायों को गुड़ व हरा चारा खिलाया। गौशाला में साफ-सफाई, पेयजल आदि की व्यवस्था ठीक पाई गई। खण्ड विकास अधिकारी ने बताया कि वर्तमान समय में गौशाला में 211 गोवर्धन संरक्षित हैं। गौशाला में हरे चारे की पर्याप्त व्यवस्था पायी गयी। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि गौशाला में सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ बनाए रखें और साप्ताहिक रूप से गौशाला का निरीक्षण अवश्य करें। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत परम में परमधाम के नाम से नवनिर्मित चौकी का शिलान्यास किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि चौकी के स्थापित होने से क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति और सुदृढ़ होगी। स्थानीय लोगों को शिकायत दर्ज करने में आसानी होगी। जनता में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी और पुलिस द्वारा शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसडीम मिलक सुनील कुमार, खण्ड विकास अधिकारी मिलक धीरेंद्र पाल सिंह चौहान सहित अन्य मौजूद रहे।

# नवीन मंडी स्थल पर गेहूँ बेचने आए किसानों का एडीएम नें किया स्वागत

**गेहूँ क्रय केंद्र पर खरीदा गया गेहूं, किसानों का हुआ फूल मालाओं से स्वागत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** नवीन मंडी स्थल शाहबाद में एडीएम हेम सिंह गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां एडीएम ने गेहूं बेचने आए किसान का माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही मुंह मीठा कराया।

गेहूं क्रय केंद्र पर 63 कुंतल गेहूं खरीदा गया। बताते चलें कि एक अप्रैल से गेहूं की खरीद चालू है। बुधवार को गेहूं खरीद के दुसरे दिन सरकारी केन्द्रों पर गेहूं खरीद की गई। नवीन मंडी गेहूं बेचने पहुंचे किसान का एडीएम हेम सिंह ने ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद उनका मुंह मीठा कराया। बताया कि शाहबाद मंडी के क्रय केन्द्र विकास खण्ड के गांव कूप निवासी गुड्डू ने 16 कुंतल, शाहदरा निवासी फारुख ने 15 कुंतल, कूप निवासी रिजवान ने 15 कुंतल एवं



फारुखी बेगम ने 17 कुंतल गेहूं विक्रय किए। वहीं, केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे गेहूं की खरीद बढाएं और केंद्र पर आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने दें।

# अपना दल एस के मासिक बैठक हुई आयोजित

**स्वार-टाण्डा विधायक शफीक अहमद भी मीटिंग में शामिल हुए**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** अपना दल एस की मासिक बैठक लखनऊ में शामिल हुऐ विधायक शफीक अहमद अंसारी आदेशानुसार लखनऊ में एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें पार्टी की सारे विधायक व पदअधिकारी मौजूद रहे।

स्वार टांडा से विधायक शफीक अहमद अंसारी भी बैठक में शामिल हुए। पार्टी की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष व केबिनेट मंत्री अनुप्रिया पटेल ने की उन्होंने सम्बोधित करते हुए कहा सबको अपनी जिम्मेदारी से काम करते रहना चाहिए और पार्टी की नीतियों को जनता की बीच में पहुंचाना चाहिए।

इसी क्रम में 34 स्वार टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी ने सबसे पहले पार्टी हाईकमान का



आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने मुझे मदरसा शिक्षा परिषद का सदस्य बनवाया। मेरी पूरी कोशिश यहीं है की आने वाले वक्त में पार्टी और आगे बड़े।

मेरी पहली प्रथिमिक्ता रहेगी की पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचना. और पार्टी को मजबूत करना यह जानकारी मीडिया प्रभारी इदरीस खां ने दी।

# ख्वाजा इनायत हसन के उर्स पर सरकारी चादरपोशी में उमड़े अकीदतमंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** बुधवार को तहसील मिलक क्षेत्र के ग्राम मुर्शिदनगर भैंसोड़ी शरीफ में इनायती राहती का उर्से पाक की शुरूआत हुई। 86 वें उर्से इनायती राहती का पहला दिन था उर्स के पहले दिन सुबह लखनऊ से तशरीफ लाए मस्जिद शाहे रज़ा के पेशे इमाम हाफिज व कारी अनवार साहब जहाँगीरी ने उर्से मे आए हुए दादा मियाँ के चाहने वालों के साथ और अकघेदतमंद हजरात के साथ दरगाह शरीफ पर फातेहा व सलातो सलाम पढ़ा और सभी के लिए दुआए खैर की। हजरत ख्वाजा मुहम्मद इनायत हसन शाह रहमतुल्लाह अलैह और हजरत ख्वाजा मुहम्मद राहत हसन शाह रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स हर साल बहुत ही शानो शौकत के साथ मनाया जाता है जिसमें शिरकत करने के लिए हिंदुस्तान के हर राज्य



से आपके चाहने वाले हजरात तशरीफ लाते हैं और आपकी बारगाह में खिराजे अकीदत पेश करते हैं। आपके मुरीदीन हजरत हिंदुस्तान के बहुत सारे राज्यों में, जैसे कि महाराष्ट्र, छत्तीसगड़, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंण्ड, मौजूद हैं। इन सभी जगहों से आपके चाहने वाले हजरात अपने अपने मुरीदों के साथ उर्स में शिरकत करने के लिए तशरीफ लाते हैं। उर्स मे आने वाले सभी जायरीन के लिए के बड़े पैमाने पर लंगर के एहतेमाम होता है और आपके लंगर खाने मे सभी लोग एक साथ बैठ कर लंगर खाते हैं और बुजुर्गों के फैजाने से मालामाल होते हैं। बुधवार को उर्स का पहला दिन था और शाम 6 बजे दरगाह शरीफ पर सरकारी चादर शरीफ पेश की गई। सरकारी चादर दरगाह इनायती, राहती और फसाहती के सज्जादानशीन हजरत खघ्वाजा मुहम्मद सबाहत हसन शाह मद्देजिल्लहुल आली के घर से चल कर दरगाह शरीफ पर पहुँची, जिसमें बड़ी तादाद में लोगों ने शिरकत की। चादर शरीफ से पहले महफिले समा का आयोजन हुआ जिसमें कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश किए और सुनने वाले लोगों को अपने कव्वाली से मस्त कर दिया। चादर चढ़ाने के बाद दरगाह शरीफ के सज्जादानशीन हजरत ख्वाजा मुहम्मद सबाहत हसन शाह मद्देजिल्लहुल आली ने सभी के लिए दुआए खैर की, और मुल्क व सूबे की खुशहाली के लिए दुआ की। सरकारी चादर के जुलूस में मुम्बई, कलकत्ता, पंजाब, बनारस, फरीदपुर, कलियर, हरिद्वार, बरेली आदि जगहों से आए हुए मंसूर भाई, फरीद सबा. हती, हकीम साहब, रफीक अहमद साहब, रईस खाँ, सुहैल खान, मौलाना अनवार जहाँगीरी लखनवी, मौलाना नवाज गाजीपुरी, मौलाना शहाबुद्दीन मिस्बाही, मुनव्वर शैख, दाऊद अहमद आदि लोगों ने शिरकत की। कल उर्स का दूसरा दिन है और कल सारे दिन आम चादरपोशी का सिल. सिला जारी रहेगा और रात को 9 बजे महफिले समां का आयोजन होगा जिसमें मशहूर कव्वाल हजरत सूफियाना कलाम पेश करेंगे। महफिले समां का सिलसिला पूरी रात जारी रहेगा।

# कार नें मारी टक्कर से बाइक सवार पिता की मौत पुत्र घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** नगर निवासी निवासी पिता पुत्र रामपुर जा रहे थे कि पिता पुत्र को अर्टिका कार ने सामने टक्कर मार दी जिसमे पिता की घटनास्थल पर मौत हो गई। टक्कर लगते ही घटनास्थल पर लोगो की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव कब्जे मे कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया और पुत्र को अस्पताल मे भर्ती कराया है। मोहम्मद अहमद अपने पुत्र कासिम मसवासी वार्ड नं. 13 अपने लड़के के साथ रामपुर किसी काम जा रहे थे कि काशीपुर आगे के पास सामने आरही कार ने वाइक मे टक्कर मार



दी। टक्कर लगने से पिता पुत्र नीचे गिर गये जिससे चोट लगने के कारण मोहम्मद अहमद की घटनास्थल पर मौत हो गई। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मोहम्मद अहमद की मौत होने से परिवार में कोहराम मचा हुआ है गाड़ी को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

244

# सीतापुर जेल में बंद आज़म खान की गिरफ्तारी पर रोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहर के 18 साल पुराने मामले में आजम की गिरफ्तारी पर हाई कोर्ट ने रोक लगा दी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट से पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान को राहत मिली है। 18 साल पुराने मामले में आजम खान की गिरफ्तारी पर हाई कोर्ट ने रोक लगाई है। वर्ष 2007 के मुक. दमें में वादी अफसर खान की मौत होने के बाद उनके बेटे जुल्फिकार अली खान ने 17 साल बाद वर्ष 2024 में फाइनल रिपोर्ट के खिलाफ प्रोटेस्ट पैटीशन दायर की थी। आजम खान को कोर्ट से किसी हद तक राहत मिली है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने साल 2007 के रामपुर के गंज थाने में दर्ज मुकदमे में आजम खान की गिरफ्तारी पर रोक



लगाई है। हालांकि आजम खान के खिलाफ अग्रिम विवेचना जारी रहेगी। इससे आजम खान को कुछ हद तक राहत मिलती दिखाई दे रही है। आजम खान सीतापुर जेल में सजा के चलते बंद हैं।

# धूमधाम से किया गया जैन मुनि का नगर में प्रवेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जैन मुनि सहज सागर एवं मुनि नव पदम सागर महाराज बिलासपुर से पैदल विहार कर माउंट लिट्रेरा स्कूल पहुंचे वहाँ मुनि का स्वागत सर्वेश जैन व सीमा जैन व विद्यालय के स्टाफ द्वारा किया गया। महाराज ने वहीं आहार ग्रहण किया। दिगम्बर जैन मुनि केवल दिन में एक बार ही व अन्न ग्रहण करते हैं। माउंट लिट्रेरा स्कूल से संध्या 4 बजे महाराज ने दिगम्बर जैन मंदिर फूटा महल के लिए विहार हुआ। मार्ग में जैन धर्म की जैन मुनी देख लो त्याग करना सीख लो के नारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। विहार का नेतृत्व प्रमोद कुमार जैन एडवोकेट एवं आदिनाथ मन्दिर के व्यवस्थापक दिनेश जैन सेठी ने किया।

विहार में डाक्टर सिद्धांत जैन, नितिन जैन, गौरव जैन, रजत



राज जैन, शिखर जैन, युग जैन, गर्वित जैन, मेहुल जैन, संयम जैन, राहुल जैन, श्रेयांस कुमार जैन, अनुराग जैन, निर्भय जैन, डाक्टर प्रदीप जैन, विशाल जैन, आशीष जैन, कस्तूर चन्द जैन, भारत भूषण जैन, अखिलेश जैन, अजय जैन रास्ते भर साथ रहे। बैंड बाजे के साथ मुनि का नगर में धूमधाम से प्रवेश हुआ। जैन धर्मावलंबियों द्वारा अपने घर पर मुनि की आरती की गई जिसमें दिव्या जैन, विवेक जैन, वर्षा जैन, मनोज जैन, अनिल जैन परिवार, रमेश कुमार जैन, अन्जु जैन, सुरभि जैन आनन्द परिवार, रेखा जैन, सरिता जैन, समर्पण जैन, अंकुर जैन आदि मुख्य रुप से शामिल रहे।

**वक्फ बिल पर रामपुर के कांग्रेस नेता बोले**

# मुसलमानों पर इससे बड़ा जुल्म नहीं, अब कोई उम्मीद नहीं



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिले में वक्फ बिल का विरोध करते हुए कांग्रेस के पूर्व शहर अध्यक्ष एडवोकेट नोमान खां ने कहा है कि अब कोई उम्मीद नहीं बची है। मुसलमानों पर इससे बड़ा कोई जुल्म नहीं। अब मुसलमानों की जमीन छीनने का काम होगा। उनकी संपत्तियों पर बुलडोजर चलेगा। वक्फ संशोधन विधेयक का क्लॉज 2। और 3 (अपप) (म) खतरनाक है, क्योंकि यूपी में वक्फ की संपत्ति को जबरन सरक. ारी घोषित कर दिया गया है। इससे विवाद और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार जिस क्लॉज को समाधान बता रही है, वही सबसे ज्यादा खतरनाक है।

नोमान खां ने कहा कि क्लॉज 3 सब क्लॉज (vii) मे खतरनाक है, क्योंकि इस क्लॉज में कहा गया है कि जिस प्रॉपर्टी पर कोई विवाद ना हो और वह सरकारी संपत्ति ना हो वह वक्फ की ही रहेगी, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार ने वहां के लगभग साढे़ 14000 हेक्टेयर जमीन जो वक्फ के नाम रजिस्टर्ड थी, उसमें से साढ़े 11 हजार हेक्टेयर जमीन सरकारी संपत्ति घोषित कर दी है। उन्होंने बताया कि इसका मतलब है कि इस क्लॉज के मुताबिक या नए बनने वाले कानून के मुताबिक अब यह सरकारी संपत्ति के रूप में दर्ज होगी, वक्फ की नहीं होगी। इसी पर ऐतराज जताया है।

# बाइक सवार पिता पुत्री को डंपर ने रौंदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** ईद मिलकर बाइक से घर लौट रहे बाइक सवार पिता पुत्री को डंपर द्वारा टक्कर मार दी गई। टक्कर से 10 साल की बालिका की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक डंपर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव और डंपर कब्जे में ले लिए। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी भेजा है।

जिले के टांडा थाना क्षेत्र के रहपुरा गांव निवासी कासिम अपनी 10 साल की पुत्री अलनाज के साथ ईद मिलने के लिए अपने बहनोई याकूब के घर गए थे। वापिस लौटते समय वह बेटी को मेला दिखाने के लिए ले गए। वहां से लौटते समय बांस मंडी के पास डंपर द्वारा बाइक में टक्कर मार दी गई, जिससे बाइक सवार पिता-बेटी दोनों नीचे गिर गए। घायल अवस्था में अलनाज और कासिम को लोग अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने अलनाज को मृत घोषित कर दिया। इस दौरान चालक डंपर छोड़कर भाग गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी भेज दिया है। डंपर को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

# केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने कोतवाली प्रभारी से की भेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** बुधवार को केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन स्वार के अध्यक्ष वकार अली के नेतृत्व में एसोसिएशन के पदाधिकारीयो ने स्वार कोतवाल कुलदीप सिंह से मुलाकात की और ईद की मुबारक. बाद दी। जिस पर कोतवाल श्री कुलदीप सिंह द्वारा आभार व्यक्त किया गया और सभी को ईद की मुबारकबाद दी इस मौके पर एसोसिएशन के महामंत्री मोहम्मद तारिक, कोषाध्यक्ष जैनुल बशर बब्लू, सचिव मोहम्मद खालिद व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



# ज्वालापुर में हुए देवी जागरण में उमड़े श्रद्धालु



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम ज्वालापुर में नवदुर्गा के अवसर पर बीती रात माँ ज्वाला जी के जागरण मे ग्राम ज्वालापुर मे गजेंद्र सैनी की कमेटी के द्वारा बहुत ही सुंदर जगराते का आयोजन किया गया।

जिसमें माता के सुंदर सुंदर भजन गाए गए। काशीपुर की टीम के द्वारा भजन गाये गए जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे प्रधान विनोद मौर्य , योगेश सैनी , धर्मवीर, चमन मौर्य , संजय कश्यप द्वारा फीता काटकर जागरण का शुभारंभ किया गया। कमेटी के सदस्यगण रिंकू दिवाकर राहुल सैनी बंटीदिवाकर, सुनील दिवाकर, विकास दिवाकर, कमल दिवाकर, रोहित दिवाकर, संजीव दिवाकर, राहुल दिवाकर, हरपाल दिवाकर आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नीलावेणी नर्सिंग कॉलेज में हुआ साइबर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं को दी गई साइबर क्राइम से बचने की जानकारी**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्रा अतुल कुमार श्रीवास्तव अपर पुलिस अधीक्षक/ नोडल अधिकारी साइबर अपराध के निर्देशों के अनुपालन में शहजादनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नीलावेणी नर्सिंग कॉलेज, मडैयान उदयराज, अन्तर्गत, साइबर थाना रामपुर से निरीक्षक देवेन्द्र कुमार, मुख्य आरक्षी मुकेश कुमार द्वारा साइबर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया तथा साइबर अपराध से बचाव हेतु कॉलेज के स्टाफ व छात्राओं को जागरूक किया गया जिसमें डिजीटल अरेस्ट, पार्ट टाइम जॉब स्कैम,यूपीआई स्कैम, ट्रेडिंग स्कैम, डिवाइट थैफ्ट स्कैम, सोशल मीडिया के द्वारा साइबर ठगी तथा विदेश से गिफ्ट भेजने के नाम पर सीबीआई अधिकारी बनकर महिलाओं से साइबर ठगी करने वाले साइबर अपराधियों से बचाव के सम्बंध में जानकारी दी गयी, जिसमें नीलावेणी नर्सिंग मैनेजमेंट स्टाफ अंकिता सरकार, प्रधानाचार्य विनय तिवारी, संदीप कौर, मौहम्मद उवैश, विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।

# मण्डी समिति में भाजपा जिलाध्यक्ष का व्यापारियों एवं किसानों ने किया स्वागत

■ राज्यपाल संतोष गंगवार नें पार्टी कार्यकर्ताओं से की भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नगर में जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी हरीश गंगवार के आवास पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कई बार के सांसद, पूर्व काल में केंद्रीय मंत्री रहे वर्तमान में भारत के झारखंड राज्य के राज्यपाल के रूप में कार्यरत संतोष गंगवार पहुंचे।

जिनका स्वागत पुष्प वर्षा कर कार्यकर्ताओं ने संतोष गंगवार जिंदाबाद के नारे लगाकर उनका अभिवादन किया।

राज्यपाल संतोष गंगवार ने सभी कार्यकर्ताओं से उनका परिचय लेते हुए उनसे शिष्टाचार भेंट की। कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद राज्यपाल संतोष गंगवार ने जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार के परिवार से भेंट की और पूर्व विधायक ज्वाला प्रसाद गंगवार और जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार ने रामपुर जनपद में बनने वाले प्रसिद्ध वायलिन को गिफ्ट कर राज्यपाल संतोष गंगवार का सम्मान किया।इस अवसर पर पूर्व विधायक ज्वाला प्रसाद गंगवार, पूर्व विधायक बीना भारद्वाज, पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी, महिला आयोग सदस्य सुनीता सैनी, नगर पालिका अध्यक्ष चित्रक मित्तल, दीक्षा गंगवार, दिनेश गोयल, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, जिला महामंत्री रविंद्र सिंह रवि, सतनाम सिंह, कपिल आर्य, देवकरन गंगवार, टेकचंद गंगवार, मोहन कुमार लोधी, पंकज लोधी, चंद्र प्रकाश शर्मा, ऋषि पांडे ,मुन्नी देवी गंगवार, विकास शुक्ला , मदन चौहान, राजीव गंगवार, देवराज गंग. वार, योगेन्द्र गंगवार, अमित गंगवार, मोनू चौधरी, शांति स्वरूप गंगवार, ममता अत्री, मनोज पांडे, देवेंद्र सिंह राजपाल, नन्हे राम पांडे, अजय बाबू गंगवार, सुरेश पटेल, हम रानी, नीशू चौधरी, श्रेयांश भारद्वाज, महेंद्र सैनी, रविंद्र नाथ, आकाश सक्सेना, आशीष गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# शाहबाद में चोरों का आतंक

## चोरों ने मोबाइल की दुकान को बनाया निशाना

### दुकान का शटर काटकर दिया गया चोरी की घटना को अंजाम

■ लाखों के मोबाइल फोन लेकर नकाबपोश चोर हुए फरार पुलिस जांच में जुटी

**( जहीर खान )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** बुधवार रात डेढ़ बजे के आसपास नगर के बिलारी तिराहे स्थित पेट्रोल पंप के ठीक सामने ऊपरी तल पर बनी मार्केट में स्थित मोबाइल की दुकान का शटर काटकर नकाबपोश चोर दुकान के अन्दर घुस गया। चोर ने दुकान में घुसकर आधे घंटे तक अंदर रखे सामान को खंगाला।

चोरी की पूरी वारदात दुकान के अन्दर लगे सी.सी.टी.वी. में कैद हो गई है। दुकान खोलने के लिए सुबह में जब दुकान मालिक दुकान पर पहुंचे तो दुकान का कटा शटर देखकर उसके होश उड़ गए। उसने तुरंत डायल 112 पर काल कर पुलिस को बुला लिया। डायल 112 ने थाना शाहबाद की पुलिस को सूचित किया। दुकान स्वामी का आरोप है कि चोर शटर काटकर दुकान के अन्दर रखे लाखों रुपए के मोबाइल फोन निकलकर ले गए। कोतवाली प्रभारी पंकज पंत ने बताया कि सीसीटीवी में चोर दुकान के अन्दर घुसता हुआ दिख रहा है। चोर के हाथ में मोबाइल भी दिखाई दिया है। हम तफ्तीश कर रहे है। हालांकि हमारे पास अभी तक लिखित में कोई तहरीर नहीं आई है।



# जिलेभर के ब्लॉक परिसर में आज से होगी सुरक्षा जवान एवं सुपरवाईजर भर्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल के निर्देशानुसार जनपद में शिक्षित आकांक्षी युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु सुरक्षा जवान एवं सुपरवाईजर भर्ती कैंप जनपद के विकास खण्डों में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जीडीएक्स ग्रुप-ग्रेटर नोएडा एवं भारत सरकार के पसारा एक्ट अधिनियम-2005 के तहत 205 सुरक्षा जवान एवं 12 सुरक्षा सुपरवाईजर भर्ती हेतु विकास खण्डवार शिविर आयोजित किए जा रहे है। जिला विकास अधिकारी ने बताया कि 03 अप्रैल को विकास खण्ड सभागार चमरौआ, 04 अप्रैल को बिलासपुर, 05 अप्रैल को शाहबाद, 07 अप्रैल को मिलक, 08 अप्रैल को स्वार और 09 अप्रैल 2025 को विकास खण्ड सभागार चमरौआ में प्रातः 10:30 बजे से सायं 03:00 बजे तक रोजगार शिविरों का आयोजन किया जायेगा। इच्छुक आकांक्षी युवा जिनकी योग्यता 10वीं पास, उम्र-19 से 45 वर्ष, ऊँचाई 168 सेमी., वजन 52 से 96 किलो, एवं सुपरवाईजर हेतु- स्नातक+ कम्प्यूटर उम्र 22 से 40 वर्ष, ऊँचाई 170 सेमी. वजन 55 से 96 किलो हो, वे सभी अपनी 10वीं पास अथवा अधिकतम प्रमाण-पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति, फोटो के साथ स्वयं ब्लाक सभागार में उपस्थित होकर ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं।

भर्ती शिविर में दूसरे जिले के युवा भी ब्लाक सभागार में स्वयं उपस्थित होकर आफलाइन आवेदन कर सकते है, अधिक जानकारी के लिए भर्ती अधिकारी के मोबाइल नम्बर-9667989993 पर सम्पर्क कर सकते हैं। चयनित सभी आकांक्षी युवाओं को जीडीएक्स ग्रुप के ट्रेनिंग सेंटर एन.आई.एम.टी कैंपस नियर परीचौक मेट्रो स्टेशन, एनआईएमटी कालेज प्रांगण में स्थित सेंटर में 15 दिन के आवासीय प्रशिक्षणोंप्रान्त प्रशिक्षित प्रमाण पत्र के साथ उत्तर प्रदेश के बड़े-बड़े औद्योगिक क्षेत्रों में गाजियाबाद, नोएडा, लखनऊ, मुरादाबाद, हरिद्वार आदि में 15000 से 20,000 तक के मासिक सैलरी के साथ 58 वर्ष तक स्थाई नौकरी के साथ ही पीएफ, पेंशन, जीवन बीमा, फेमिली मेडिकल सुविधा, सालाना वेतन में वृद्धि, लोन की सुविधा, प्रमोशन जैसे अनेकानेक सुविधाओं के साथ ड्यूटी दौरान रहने व खाने की सुविधाएं दी जायेगी।

# डॉ डी.के. वर्मा बनें जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक

**( हरमेश भाटिया )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** डॉ. डी.के. वर्मा जिला अस्पताल रामपुर के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बने पूर्व सीएमएस हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. एच के मित्रा अपने लंबे कार्यकाल के बाद रिटायर हो गए।

डॉ. डी.के. वर्मा भी काफी लंबे समय लगभग 8 साल से रामपुर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं इससे पूर्व भी डॉक्टर डीके वर्मा मिलक चिकित्सा अधीक्षक, बिलासपुर चिकित्सा अधीक्षक एवं टांडा चिकित्सा अधीक्षक के पद पर भी रह चुके हैं वर्तमान में डॉक्टर डीके वर्मा जिला अस्पताल रामपुर में फिजिशियन के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। कल डॉ एच के मित्रा चिकित्सा अधीक्षक के रिटायर होने के बाद डॉक्टर डीके वर्मा को जिला अस्पताल रामपुर का चिकित्सा अधीक्षक नियुक्त किया गया इस मौके पर डॉ. डी.क. वर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा।



# मीनाक्षी जैन को वीजी मिस इंडिया फीनेस और छत्तीसगढ़ क्वीन का खिताब

## रामपुर से जुड़ी हुई हैं देशभर में नाम रौशन करने वाली मीनाक्षी जैन

■ रामपुर फर्टिलाइजर्स में एक्सक्यूटिव अस्सिस्टेंट, एडमिन और एचआर प्रमुख का दायित्व निभा रही हैं मीनाक्षी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** वीजी मिस इंडिया फीनेस और छत्तीसगढ़ क्वीन का खिताब जीतने वाली मीनाक्षी जैन का रामपुर से भी करीबी संबंध है। वो पिछले 6 सालों से रामपुर फर्टिलाइजर्स में कार्यरत हैं और एक्सक्यूटिव अस्सिस्टेंट , एडमिन और एचआर प्रमुख का दायित्व निभा रही हैं। उन्हें यह खिताब दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हासिल हुआ है।

नोएडा में निवास करने वाली मीनाक्षी जैन ने इस साल आयोजित प्रतिष्ठित विजनारा ग्लोबल मिस और मिसेज इंडिया प्रतियोगिता में वीजी मिस इंडिया फीनेस 2025 और छत्तीसगढ़ क्वीन 2025 का खिताब जीत कर उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ का नाम देशभर में रौशन किया है। उन्हें वीजी कमांडिंग प्रेज. ेंस का खिताब भी दिया गया है। टैलेंट राउंड में उन्होंने अपनी कविता सुनाकर वहाँ मौजूद सभी को एक गंभीर विषय पर सोचने के लिए मजबूर कर दिया था, जिसके लिए उन्हें वीजी दी पॉवर परफॉर्मर का खिताब भी दिया गया।




मीनाक्षी जैन का जन्म छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के एक छोटे से गाँव सांकरा बंगला में हुआ। उन्होंने शिक्षा छत्तीसगढ़ में प्राप्त की है। छत्तीसगढ़ की मिट्टी से जुड़े इस सितारे ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और मेहनत के दम पर न केवल मंच पर, बल्कि देशभर में अपनी एक अनूठी पहचान बनाई है। अपने गृह राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि जहाँ जड़ें गहरी हों, वहाँ सफलता की ऊँचाइयाँ भी सीमाहीन होती हैं।

मीनाक्षी जैन ने प्रतियोगिता के दौरान अपनी सुंदरता, शैली और आकर्षण से सभी का दिल जीत लिया। मीनाक्षी का यह सफर न केवल उनके व्यक्तिगत संघर्ष और मेहनत का परिणाम है, बल्कि यह उन लाखों युवतियों और महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है जो अपने सपनों को सच करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। मीनाक्षी की इस उपलब्धि ने न केवल उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है, बल्कि रामपुर, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश का मान भी बढ़ाया है। उनकी चमकती हुई यात्रा आने वाले वर्षों में और भी नए मुकाम हासिल करने की ओर अग्रसर है।

उन्होंने बताया कि वह महिलाओं के लिए बहुत जल्दी एक कार्यक्रम लेकर आने वाली हैं जिससे कि जो महिलाएं जीवन में कुछ करके दिखाना चाहती हैं उन्हें अवसर मिले। मीनाक्षी जैन बाइक चलाना सीख रही हैं,वह एंकरिंग भी करती हैं साथ ही उन्हें कहानी और कविता लिखने का शौक भी है। उन्होंने अपनी जीत के लिए भगवान का धन्यवाद दिया साथ ही अपने परिवार और दोस्तों को धन्यवाद दिया जिन्होंने उनके लिए बहुत प्रार्थना की थी। इस प्रतियोगिता में आये सभी प्रतियोगी की उन्होंने बहुत तारीफ की और विजनारा ग्लोबल को बहुत धन्यवाद दिया।

पूरे भारत से आई 36 खूबसूरत और प्रतिभाशाली प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जिसने रंगीन अंदाज में अपनी छाप छोड़ी। इस भव्य आयोजन में मनोरंजन के साथ-साथ प्रतिभाओं का भी अद्भुत संगम देखने को मिला। अभिनेता राहुल देव, आईएएस ज्योति कलश और आरुषि निशंक, जिन्हें कला और प्रदर्शन के क्षेत्र में अपनी पहचान हासिल है, मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए और प्रतियोगिता को और भी शानदार बना दिया। विजनारा ग्लोबल की फाउंडर मिसेज बिनीता श्रीवास्तव ने देश के कोने कोने से आई सभी प्रतियोगी महिलाओं की जम कर तारीफ की उनके हौसले और आत्मविश्वास को बहुत सराहा।

# एक भी बच्चा छूट गया, लक्ष्य हमारा टूट गया

■ शिक्षा ऐसी सीढ़ी है जिससे चलती पीढ़ी है।
■ मम्मी पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल में चलकर नाम लिखाओ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शासन के निर्देशानुसार अप्रैल माह के प्रथम पखवाड़े में आज रामपुर के सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में सुबह प्रार्थना सभा के बाद स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई। रैली में विद्यालय आए सभी छात्र एवं छात्राएं शामिल रहे। सबसे आगे वाले बच्चे स्कूल चलो अभियान का बैनर पकड़ कर चल रहे थे और सबसे पीछे वाले बच्चे स्कूल का नाम लिखा बैनर पड़कर चल रहे थे। रैली के वापस आने पर सभी बच्चों को टॉफी का वितरण किया गया। सहायक अध्यापक चिरंजीव कुमार ने कहा कि हमारा लक्ष्य शासन के निर्देशानुसार नामांकन बढ़ाना है। इसलिए स्कूल चलो अभियान के तहत यह जागरूकता रैली निकाली गई है। ताकि कोई भी बच्चा प्रवेश से छूट न जाए। रैली विद्यालय से शुरू होकर तोपखाना रोड, ग्राम हजरतपुर, प्रानपुर रोड पर होती हुई विद्यालय पर आकर समाप्त हुई। इस अवसर पर मुजाहिद खान, चिरंजीव गुड्डू, अमरपाल सिंह, मलखान सिंह, नसरीन बी, रजिया बेगम, सीमा गौहर, शाजिया भी, शहनाज फातिमा आदि उपस्थित रहे।




**रैली में सभी बच्चे विभिन्न प्रकार के नारे लगा रहे थे और अभिभावकों को जागरुक करते हुए चल रहे थे।**

रैली में सभी बच्चों ने स्कूल चलो अभियान से संबंधित नारे लिखी तख्तियां पकड़ रखी थी। और विभिन्न प्रकार के नारे लगा रहे थे जैसे
हर बच्चे का नारा है, शिक्षा अधिकार हमारा है।
पढ़ी-लिखी लड़की, रोशनी घर की
घर-घर विद्या दीप जलाओ, अपने बच्चे सभी पढ़ाओ।
एक भी बच्चा छूट गया, लक्ष्य हमारा टूट गया।
पढ़ाई और किताबों से प्यार करो, जीवन अपना उद्धार करो।
बेटी बेटा एक समान, सबको दो शिक्षा का ज्ञान।
समग्र शिक्षा ने ठाना है, सबको स्कूल लाना है।
मम्मी पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल में चलकर नाम लिखाओ।
हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सब मिलकर के करो पढ़ाई।
शिक्षा ऐसी सीढ़ी है जिससे चलती पीढ़ी है।
समग्र शिक्षा का है अभियान, सबको मिले प्राथमिक ज्ञान।

# भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का मनाया जन्मदिन

**( जहीर खान )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** भीम आर्मी राष्ट्रीय अध्यक्ष बड़े भाई विनय रतन सिंह जी के जन्मदिन पर ग्राम महूनागर अंबेडकर पार्क में भीम आर्मी स्टूडेंट फेडरेशन के जिला संयोजक सुवीर आजाद के नेतृत्व में केक काटकर भाई का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया और इसी दौरान भीम आर्मी स्टूडेंट फेडरेशन की सदस्यता भी ग्रहण कराई गई वहीं लोगों को जल्द से ज्यादा जोड़ने के लिए आग्रह किया गया।

इस मौके पर की कमान संभाल रहे संचालक बड़े भाई धर्मेंद्र सिंह चीफ गेस्ट कुलदीप अंबेडकर मंडल प्रभारी मुरादाबाद, आंसू प्रधान मुरादाबाद जिला संयोजक (बीएएसफ) आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह , जुल्फिकार तुर्की, जागीरदास फौजी 38 विधानसभा अध्यक्ष,पूर्व जिला अध्यक्ष भीम आर्मी शिवम सागर , संजीव कुमार पूर्व मंडल प्रचारक, राहुल सागर जिला प्रभारी आजाद समाज पार्टी महा सिंह जिला उपाध्यक्ष आजाद समाज पार्टी राम भरोसे जी कोषाध्यक्ष आजाद समाज पार्टी सोनू आर्य जिला कोषाध्यक्ष (बीएएसएफ) मुरादाबाद, अंश जिला सहसंयोजक (बीएएसएफ), आशीष कुमार ,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष बसंत कुमार, राहुल सागर, अमित कुमार, संजीव कुमार जिला कोर कमेटी सदस्य रामपुर, सत्यवीर सिंह जिला कोर कमेटी सदस्य, विमल कुमार ब्लॉक अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी कुन्नू एवं साथ में चलकर आए मुख्य अतिथियों के साथ मौजूद रहे।



# डीएम के आदेश पर पुरानी तहसील के मैदान की हुई सफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** कुछ दिन पूर्व एडवोकेट फराज उन नबी द्वारा नगर के बीचों-बीच बनी पुरानी तहसील के मैदान मे गंदगी को लेकर काफी अंबार लगा हुआ था। जिसकी एडवोकेट फराज उन नबी पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी से शिकायत की थी। जिस पर कल जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से संज्ञान लेकर नगर पंचायत शाहबाद को आदेशित कर पुरानी तहसील की सफाई दुरुस्त कराई गई। इस पर फराज उन नबी एडवोकेट ने जिलाधिकारी व नगर पंचायत शाहबाद का शुक्रिया अदा किया।



# मेनका भाटिया बनीं भारत परिषद की रामपुर जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को भारत परिषद भ्रष्टाचार विरोधी राष्ट्रीय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व न्यायाधीश एवं विधि सलाहकार राज्यपाल उत्तर प्रदेश चंद्रभूषण पांडे के अनुमोदन पर भारत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने जनपद रामपुर में मेनका भाटिया को भारत परिषद का जिलाध्यक्ष मनोनीत करते हुए जनपद रामपुर में भारत परिषद को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी है साथ ही प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह ने यह भी कहा है पूरे प्रदेश में मेन बॉडी में जनपद रामपुर में एक महिला को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है जिस जिम्मेदारी को पूरी लगन व मेहनत से मेनका भाटिया की पूर्ण जिम्मेदारी बनती है। उन्होनें मेनका भाटिया को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। इस दौरान मेनका भाटिया को जिलाध्यक्ष मनोनित होने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर है।



मेनका भाटिया




# रिपोर्ट दर्ज कराने को एसपी को दिया प्रार्थना पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम बमनपुरी निवासी एक दंपति ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर होली वाले दिन हुई घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। बमनपुरी निवासी दंपति का आरोप है कि गांव के ही चार लोगों ने शराब के नशे में उसके घर घुसे और शराब के पैसे मांगने लगे। पैसे ना देने पर उन्होंने दोनों पति-पत्नियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। दंपति का आरोप है कि दो बार तहरीर देने के पश्चात भी जब उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं हो पाई है तब उसने पुलिस अधीक्षक रामपुर को पत्र भेजकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापनों के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी के दूसरे गेट के सामने गली में
सम्पर्क सूत्र 9720093014

# केकेआर और हैदराबाद की नजर जीत पर

**केकेआर की बल्लेबाजी एक बड़ी चिंता का विषय है, जिसमें उनका मध्य क्रम विफल रहा है**




**कोलकाता, वार्ता।** कोलकता नाइट राइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 15वें मैच में ईडन गार्डन्स में आमने-सामने होंगे, जिसमें दोनों टीमें जीत के साथ फॉर्म में वापसी करना चाहेंगी। इस सीजन केकेआर की बल्लेबाजी एक बड़ी चिता का विषय रही है, जिसमें उनका मध्य क्रम विफल रहा है। क्विटन डी कॉक एकमात्र लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं, जबकि सुनील नरेन अभी भी सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी भूमिका के साथ तालमेल बिठा रहे हैं। वेंकटेश अय्यर, रिकू सिंह और आंद्रे रसेल प्रभावशाली पारी खेलने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ टीम की हालिया हार, जहां वे सिर्फ 116 रन पर ढेर हो गए, ने उनकी कमजोरियों को और उजागर कर दिया है। दूसरी ओर, एसआरएच के पास एक शक्तिशाली बल्लेबाजी इकाई है जो कुछ ही ओवरों में खेल को अपने कब्जे में ले सकती है। हालांकि, पिछले दो मैचों में उनके आक्रामक रवैये ने उलटा असर दिखाया है। ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की भूमिका इस मैच में महत्वपूर्ण होगी, जबकि हेनरिक क्लासेन और अनिकेत वर्मा ने मध्य और निचले क्रम में तेजी लाने की अपनी क्षमता दिखा चुके है। एसआरएच आईपीएल 2024 के फाइनल में केकेआर से अपनी दिल तोड़ने वाली हार के बाद हिसाब चुकता करने के लिए उत्सुक होगा। उस हार की याद पैट कमिस की टीम के लिए अतिरिक्त प्रेरणा का काम करेगी, जो शुरू से ही मैच पर हावी होने की कोशिश करेगी। अपनी बल्लेबाजी की समस्याओं के बावजूद, केकेआर का गेंदबाजी आक्रमण एक मजबूत पक्ष बना हुआ है। सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती बीच के ओवरों में महत्वपूर्ण होंगे। ईडन गार्डन्स में नरेन का रिकॉर्ड 6-33 की इकॉनमी से 60 मैचों में 71 विकेट उन्हें एक दुर्जेय खतरा बनाता है। स्पेंसर जॉनसन, वैभव अरोड़ा और हर्षित राणा की तेज गेंदबाजी तिकड़ी ने भी विपक्षी बल्लेबाजों को रोकने में अच्छा प्रदर्शन किया है

**हैदराबाद के पास शक्तिशाली बल्लेबाजी इकाई है जो खेल को अपने कब्जे में ले सकती है**

जबकि एसआरएच की बल्लेबाजी उनकी सबसे बड़ी ताकत रही है, उनके गेंदबाजी आक्रमण में निरंतरता के लिए संघर्ष करना पड़ा है। मोहम्मद शमी और पैट कमिस को केकेआर के बल्लेबाजों को रन बनाने से रोकने के लिए जल्दी ही अपनी लय हासिल करनी होगी। पिछले मैच में प्रभावित करने वाले युवा लेग स्पिनर जीशान अंसारी ईडन गार्डन्स की पिच पर अहम खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। हर्शल पटेल एकमात्र लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज रहे हैं, जिन्होंने डेथ ओवरों में अपनी विविधता का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया है। ईडन गार्डन्स में पारंपरिक रूप से बल्लेबाजों को तरजीह मिलती है, जहां पहली पारी में औसत स्कोर 167 रन रहा है। हालांकि, हाल के उच्च स्कोर वाले मैचों से पता चलता है कि पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों को 190-200 के बीच स्कोर बनाने का लक्ष्य रखना चाहिए। छोटी बाउंड्री पावर हिटर्स के लिए अतिरिक्त लाभ प्रदान करती हैं। बारिश की रुकावट के बिना मौसम गर्म रहने की उम्मीद है।

दोनों टीमें जीत के लिए बेताब हैं, इसलिए मुकाबला काफी करीबी होने की उम्मीद है। अगर केकेआर हेड, अभिषेक शर्मा और क्लासेन को जल्दी रोक लेता है, तो उनके पास वापसी करने का एक अच्छा मौका है।

हालांकि, अगर एसआरएच की बल्लेबाज़ी लय में आ जाती है, तो वे जीत सकते हैं। एसआरएच का संभावित एकादश: ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, नितीश कुमार रेढी, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), अनिकेत वर्मा, अभिनव मनोहर, पैट कमिस (कप्तान), जीशान अंसारी, हर्षल पटेल, मोहम्मद शमी इम्पैक्ट प्लेयर: एडम ज़म्पा/वियान मुल्डर **केकेआर का संभावित एकादश:** क्विटन डी कॉक (विकेटकीपर), सुनील नरेन, अजिक्य रहाणे (कप्तान), वेंकटेश अय्यर, रिकू सिंह, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती इम्पैक्ट प्लेयर: अंगकृष रघुवंशी।

# डफी टी20 गेंदबाजी रैंकिग में शीर्ष पर



**दुबई, वार्ता।** वेलिगटन में पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी मैच में अपनी टीम की शानदार जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी ने आईसीसी पुरुष टी20 गेंदबाजी रैंकिग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। डफी ने वेस्टइंडीज के स्पिनर अकील होसेन को शीर्ष स्थान से हटाकर यह मुकाम हासिल किया। डफी ने पिछले सप्ताह सात पायदान की छलांग लगाई थी और एडम जाम्पा के साथ संयुक्त रुप से पांचवें स्थान पर पहुंच गए थे और इस सप्ताह उन्होंने होसेन के अलावा वानिदु हसरंगा, आदिल राशिद और वरुण चक्रवर्ती को पीछे छोड़ दिया।

उन्होंने 18 रन देकर दो विकेट लिए, जिसमें सलामी बल्लेबाज हसन नवाज और तीसरे नंबर के बल्लेबाज ओमैर यूसुफ का विकेट शामिल है। बेन सीयर्स भी गेंदबाजों की सूची में 21 पायदान ऊपर चढ़कर 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि टिम सीफर्ट ने 38 गेंदों पर छह चौकों और 10 छक्कों की मदद से नाबाद 97 रन की पारी खेलकर बल्लेबाजों की सूची में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ आठवीं रैंकिग हासिल की है। उनके सलामी जोड़ीदार फिन एलन एक पायदान ऊपर चढ़कर 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के बाएं हाथ के स्पिनर सूफियान मुकीम 25 पायदान की छलांग लगाकर 86वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस रैंकिग में न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच नेपियर में खेला गया पहला वनडे भी शामिल है, जिसे घरेलू टीम ने 73 रन से जीता था। मार्क चैपमैन ने 111 गेंदों पर 13 चौकों और छह छक्कों की मदद से 132 रन की मैच विजयी पारी खेली, जिससे वह 24 पायदान की छलांग लगाकर 78वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं पाकिस्तान के बल्लेबाज सलमान आगा 58 रन की पारी के बाद छह पायदान की छलांग लगाकर 37वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वनडे गेंदबाजी रैंकिग में पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राउफ 38 रन देकर दो विकेट चटकाने के बाद नौ पायदान की छलांग लगाकर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि नसीम शाह एक पायदान की छलांग लगाकर 42वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### एलएसजी के गेंदबाज दिग्वेश पर जुर्माना

**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के गेंदबाज दिग्वेश सिंह पर मंगलवार रात भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उन्हें एक डिमेरिट अंक भी मिला है। दिग्वेश सिंह ने अनुच्छेद 2-5 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी की सजा को स्वीकार कर लिया। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है। इस बीच पंजाब किंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स को आठ विकेट से हरा दिया। उन्होंने 172 रनों के लक्ष्य को सिर्फ 16-2 ओवर में हासिल कर लिया। प्रभसिमरन सिंह और श्रेयस अय्यर ने तेज अर्धशतक जड़कर 22 गेंद शेष रहते आसान जीत सुनिश्चित की। इस जीत के साथ, पंजाब किंग्स ने लीग में अपना अपराजेय क्रम जारी रखा और सीजन की शुरुआत में खुद को मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित किया।

### ब्रिटेन की जोन्स कोलंबिया में कोर्ट पर गिर कर चोटिल

**बोगोटा, वार्ता।** ब्रिटेन की खिलाड़ी फ्रैन जोन्स को कोलंबिया में मैच के दौरान गिर गई जिसके बाद व्हीलचेयर पर उन्हे कोर्ट से बाहर निकाला गया। 24 वर्षीय खिलाड़ी बोगोटा में निर्णायक तीसरे सेट के नौवें गेम में सर्विस करने का प्रयास कर रही थीं, तभी वह फर्श पर गिर गईं। ब्रिटिश नंबर पांच खिलाड़ी जोन्स कोलसैनिटास कप के पहले दौर के मैच को पूरा नहीं कर पाईं। कोलसैनिटास कप के बयान में कहा गया कि शारीरिक समस्या के कारण फ्रांसेस्का जोन्स ने जूलिया रीरा के खिलाफ मैच से नाम वापस ले लिया है। हम ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। इस बीच, हीथर वॉटसन पहले दौर में इरीना श्यामनोविच से सीधे सेटों में हारने के बाद चार्ल्सटन ओपन से बाहर हो गई हैं। ब्रिटिश नंबर सात को बेलारूसी विश्व नंबर 215 ने 7-6 (10-8) 6-4 से हराया।

### धीमी ओवर गति के लिए पाकिस्तान पर लगा जुर्माना

**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान पर नेपियर में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गये पहले एकदिवसीय मैच में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) एलीट पैनल के मैच रेफरी जेफ क्रो ने मोहम्मद रिजवान की अगुआई वाली पाकिस्तान की टीम निर्धारित समय सीमा में दो ओवर कम फेंकने का दोषी पाये जाने पर यह जुर्माना लगाया है। आईसीसी मीडिया बयान में कहा गया कि रिजवान ने अपराध और जुर्माना स्वीकार कर लिया है इसलिए इस पर औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं रह गई।

# हॉकी इंडिया ने महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए की 40 संभावितों की घोषणा




**मौजूदा कोर समूह की 28 खिलाड़ियों ने अपना स्थान बरकरार रखा है**

**बेंगलुरु, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने यहां साई में चल रहे सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिग शिविर के लिए बुधवार को 40 सदस्यीय कोर समूह की घोषणा की। 23 मार्च को शुरू हुए इस शिविर में शुरू में 65 संभावित खिलाड़ी शामिल थे। पिछले दो सप्ताह के उनके प्रदर्शन के आधार पर अब समूह को घटाकर 40 खिलाड़ी कर दिया गया है।

मौजूदा कोर समूह की 28 खिलाड़ियों ने अपना स्थान बरकरार रखा है, वहीं 15वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उनके प्रभावशाली प्रदर्शन और शुरुआती राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में उनके प्रयासों के आधार पर कोर समूह के बाहर से 12 नए खिलाड़ियों का चयन किया गया है। गोलकीपिग विभाग में सविता, बिचू देवी खारीबाम, बंसरी सोलंकी और माधुरी किडो जैसे चार जाने-पहचाने नाम हैं, जिन्होंने कोर समूह में अपना स्थान बरकरार रखा है। उनके साथ असम हॉकी की समीक्षा सक्सेना भी हैं, जिन्हें राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है। डिफेंस में, मौजूदा कोर ग्रुप के आठ खिलाड़ियों महिमा चौधरी, निक्की प्रधान, सुशीला चानू पुखरामबम, उदिता, इशिका चौधरी, ज्योति छत्री, ज्योति और अक्षता अबासो ढेकाले को बरकरार रखा गया है। इस बीच, हॉकी बंगाल से अंजना डुंगडुंग और मणिपुर हॉकी से सुमन देवी थौदाम को टीम में शामिल किया गया है। मिडफील्ड इकाई में वैष्णवी विठल फाल्के, नेहा, सलीमा टेटे, मनीषा चौहान, अजमीना कुजूर, सुनेलिता टोप्पो, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी और बलजीत कौर जैसे अनुभवी नाम शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, चार नए खिलाड़ियों- हॉकी बंगाल से सुजाता कुजूर, हॉकी झारखंड से महिमा टेटे और अलबेला रानी टोप्पो और यूपी हॉकी से पूजा यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद शिविर में अपनी जगह बनाई है। फॉरवर्ड में टीम ने दीपिका सोरेंग, नवनीत कौर, संगीता कुमारी, दीपिका, रुतुजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग और मुमताज खान को बरकरार रखा है, जिन्होंने लगातार दमदार प्रदर्शन किया है। उनके साथ पांच नई आक्रामक प्रतिभाएं ओडिशा से दीपिका टोप्पो, हॉकी मध्य प्रदेश से ऋतिका सिंह, हॉकी कर्नाटक से अन्नू और चंदना जगदीश और हॉकी महाराष्ट्र से काजल सदाशिव अटपडकर शामिल है।

# बेंगलुरु ने गुजरात को 170 रन का टारगेट दिया

**लियम लिविंगस्टन 54 रन बनाकर आउट सिराज को 3 विकेट मिले**




**बेंगलुरु, वार्ता।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबीद्ध ने आईपीएल 2025 के 14वें मैच में गुजरात टाइटंस (जीटीद्ध को 170 रन का टारगेट दिया है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में गुजरात ने टास जीतकर गेंदबाजी चुनी।

बेंगलुरु ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 169 रन बनाए। लियम लिविंगस्टन (54 रनद्ध ने अर्धशतकीय पारी खेली। जितेश शर्मा ने 33 और टिम डेविड ने 32 रन बनाए। मोहम्मद सिराज ने 3 विकेट झटके। साई किशोर को 2 विकेट मिला। अरशद खान, प्रसिद्ध कृष्णा और ईशांत शर्मा ने एक-एक विकेट झटके। पारी की आखिरी बाल पर प्रसिद्ध कृष्णा ने टिम डेविड (32 रन) को बोल्ड कर दिया। बेंगलुरु ने 20 ओवर में 169 रन बनाए। 19वें ओवर में बेंगलुरु ने 7वां विकेट गंवाया। यहां लियम लिविंगस्टन (54 रन) को मोहम्मद सिराज ने जोस बटलर के हाथों कैच कराया। उन्होंने फिल साल्ट और देवदत्त पडिक्कल को बोल्ड किया। 18वें ओवर में लियम लिविंगस्टन ने फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने राशिद खान के ओवर में 3 छक्के मारे। 15वें ओवर में बेंगलुरु ने छठा विकेट गंवाया। यहां क्रुणाल पंड्या (5 रन) को साई किशोर ने काट एंड बोल्ड किया। 14वें ओवर में लियम लिविंगस्टन को जीवनदान मिला। राशिद खान के ओवर की दूसरी बाल पर जोस बटलर स्टंपिंग करने से चूक गए। यहां लिविंगस्टन 21 रन पर खेल रहे थे। इस ओवर की आखिरी बाल पर क्रणाल पंड्या ने चौका लगाकर टीम को 100 पार पहुंचाया। बेंगलुरु ने 13वें ओवर में पांचवां विकेट गंवाया। साई किशोर ने जितेश शर्मा को लान्ग आन पोजिशन पर कैच कराया।

जितेश ने 33 रन बनाए। 13वें ओवर में जितेश शर्मा और लियम लिविंगस्टन ने पांचवें विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। ओवर की पहली गेंद पर लिविंगस्टन ने सिंगल लिया और 50 रन की साझेदारी पूरी की। बेंगलुरु का चौथा विकेट 42 रन के स्कोर पर गिरा था। 11वें ओवर में लियम लिविंगस्टन को जीवनदान मिला। साई किशोर के ओवर की चौथी बाल पर लिविंगस्टन ने आगे निकलकर बड़ा शाट खेला। लान्ग आन पर खड़े राहुल तेवतिया के पास बाल गई, लेकिन उन्होंने आसान-सा कैच छोड़ दिया।

# पंजाब किंग्स ने लखनऊ को आठ विकेट से हराया

**अर्शदीप ने तीन विकेट लिए, प्रभसिमरन ने 69 व अय्यर ने नाबाद 52 रन बनाए**




**लखनऊ, वार्ता।** अर्शदीप सिंह (तीन विकेट) के बाद प्रभसिमरन सिंह (69), कप्तान श्रेयस अय्यर (नाबाद 52) और नेहाल वढेरा (नाबाद 43) रनों की आतिशी पारियों के दम पर पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 13वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को 22 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। पंजाब किंग्स की यह लगातार दूसरी जीत है और वह अंक तालिका में चार अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

172 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में प्रियांश आर्य (आठ) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तार श्रेयस अय्यर ने प्रभसिमरन सिंह के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। 11वें ओवर में दिग्वेश राठी ने प्रभसिमरन को आउटकर मैच का अपना दूसरा विकेट लिया। प्रभसिमरन ने 34 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्के लगाते हुए (69) रनों की पारी खेली। पंजाब किंग्स ने 16-2 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। श्रेयस अय्यर ने 30 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के लगाते हुए (नाबाद 52) रन बनाए। वहीं नेहाल वढेरा ने 25 गेंदों में तीन चौके और चार छक्कों की मदद से (नाबाद 43) रनों की पारी खेली। लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से दिग्वेश राठी ने दो विकेट लिए। इससे पहले निकोलस पूरन (44) और आयुष बडोनी (41) के जानदार पारियों के बाद अब्दुल समद के फर्राटा प्रदर्शन की मदद से लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने पंजाब किंग्स के खिलाफ सात विकेट पर 171 रन का स्कोर खड़ा किया आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत का बल्ला आज भी नहीं चला। एडम मार्करम (32) के बाद क्रीज पर आये कप्तान पंत का इस्तकबाल लखनऊ के दर्शकों ने खड़े होकर और शोर मचा कर किया मगर पंत आज भी प्रशंसकों की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे और मात्र दो रन के निजी स्कोर पर ग्लेन मैक्सवेल के हाथों अपना विकेट गंवा बैठे। इससे पहले भी मौजूदा सत्र के दो मैचों में पंत सस्ते में आउट हुए थे। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम पर टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एलएसजी की शुरुआत फीकी रही। पहले पॉवर प्ले में मेजबान टीम के तीन अहम विकेट मिचेल मार्श (0), एडन मार्करम (32) और ऋषभ पंत (2) मात्र 35 रन के कुल स्कोर पर पवेलियन की राह पकड़ चुके थे। ऐसे कठिन समय में निकोलस पूरन और बडोनी ने सूझबूझ भरी बल्लेबाजी करते हुए पिच पर टिके रहने की रणनीति अपनाई।

# उम्मीद नहीं थी अंतिम एकादश का बनूंगा हिस्सा: नेहल वढेरा



**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ पंजाब किंग्स की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले नेहल वढेरा को मंगलवार को मैच से पहले उम्मीद नहीं थी कि वह अंतिम एकादश में अपनी जगह बना पाएंगे। पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने मंगलवार को इकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स पर आठ विकेट से शानदार जीत के साथ टाटा आईपीएल 2025 सीजन में अपनी शानदार शुरुआत जारी रखी है। एलएसजी को 171/7 के कुल स्कोर पर रोककर, पीबीकेएस ने केवल 16-2 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया था। लगातार दूसरी जीत ने उन्हें अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। 25 गेंदों पर नाबाद 43 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलने वाले नेहल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जिस तरह से प्रभसिमरन और अय्यर बल्लेबाजी कर रहे थे, वह जबरदस्त था। वे एक ही प्रवाह के साथ आगे बढ़े और गेंद लगातार कनेक्ट होती रही और बाद में, जब मैं आया, तो मेरे मन में एक स्पष्ट विचार था कि अगर गेंद मेरी रेंज में है, तो मैं 100 प्रतिशत खेलूंगा। और अगर गेंद मेरी रेंज में नहीं है, तो मैं बस एक या दो रन लूंगा।

# कोवेंट्री का आईओसी अध्यक्ष चुना जाना सराहनीय: वोस

**लॉज़ेन, स्विटज़रलैंड, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय घुड़सवारी महासंघ (एफईआई) के अध्यक्ष इंगमार डी वोस ने मंगलवार को क्रिस्टी कोवेंट्री के नए अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) अध्यक्ष के रूप में चुनाव की सराहना करते हुए इसे दुनिया के लिए एक स्पष्ट संदेश बताया।

दो दिवसीय एफईआई फ़ोरम के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में डी वोस ने कहा कि पहले दौर में चुनाव जीतने के लिए क्रिस्टी कोवेंट्री को बधाई, जो मुझे लगता है कि यह बाहरी दुनिया को एक बहुत ही स्पष्ट संदेश देता है कि आईओसी में एक तरह की आम सहमति है। जिम्बाब्वे की ओलंपियन कोवेंट्री 20 मार्च को ग्रीस में 144वें आईओसी सत्र में अपने चुनाव के बाद आईओसी की पहली महिला अफ्रीकी अध्यक्ष बनीं। डी वोस ने कहा कि उन्होंने मतदान से पहले कोवेंट्री के साथ व्यापक चर्चा की। हमने नए अध्यक्ष के लिए हमारी प्राथमिकताओं के बारे में बात की। वह मूल रूप से इस बात पर सहमत थीं कि ध्यान फिर से खेल पर आना चाहिए। आईओसी का मुख्य पेशा ओलंपिक खेलों का आयोजन करना है और हमारा मानना है कि लोगों को इस दिशा में और अधिक आगे बढ़ना चाहिए। 2025 एफईआर फ़ोरम ने 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए योग्यता प्रणाली, जंपिग, इवेंटिग, ड्राइविग और पैरा-ड्राइविग के लिए नियम अपडेट और एक रणनीतिक ड्रेसेज एक्शन प्लान सहित प्रमुख विषयों को संबोधित किया। लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक और पैरालिपिक टीम और व्यक्तिगत स्पर्धाओं के लिए योग्यता अवधि जर्मनी के आचेन में 2026 एफईआर विश्व चैंपियनशिप के साथ शुरू होगी और 31 दिसंबर, 2027 को समाप्त होगी। एफईआई महासचिव सबरीना इबानेज़ ने कहा कि हमने इस बारे में अपने राष्ट्रीय और क्षेत्रीय महासंघों के साथ स्पष्ट परामर्श किया है, और फिर हम इस वर्ष योग्यता के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे और अगले वर्ष नियमों के लिए हमारे राष्ट्रीय और क्षेत्रीय महासंघों द्वारा हमारी आम सभा 2026 में में अनुमोदन किया जाएगा। 2026 तक एफईआई अध्यक्ष के रूप में अपना तीसरा और अंतिम कार्यकाल पूरा कर रहे डी वोस ने संगठन की स्थिरता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। 61 वर्षीय बेल्जियम निवासी ने कहा कि मुझे लगता है कि मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात एफईआई को अच्छे हाथों में छोड़ना है।

### रॉब वाल्टर ने दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच का पद छोड़ा

**केपटाउन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वाल्टर ने आज सोशल मीडिया पर अपने इस्तीफे की जानकारी देते हुए कहा कि प्रोटियाज को कोचिग देना एक अविश्वसनीय सम्मान की बात है और हमने साथ मिलकर जो हासिल किया है, उस पर मुझे बेहद गर्व है। खिलाड़ी, सहयोगी स्टाफ और दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट समुदाय इस पूरी यात्रा में शानदार रहे हैं। हालांकि अब मेरे लिए पद छोड़ने का समय आ गया है, लेकिन मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि टीम आगे बढ़ती रहेगी और और भी ऊंचाइयों को छुएगी। वाल्टर के कार्यकाल के दौरान दक्षिण अफ्रीका ने 2024 में अपने पहले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप फाइनल में पहुंचकर इतिहास रचा था। दक्षिण अफ्रीका ने इस दौरान लगातार आठ मैच जीत थे।

# रोनाल्डो ने गार्डियोला के लिए किया आग्रह

**रोनाल्डो ने राष्ट्रीय टीम के प्रबंधक पद के लिए मैनचेस्टर सिटी के पेप गार्डियोला के कार्यकाल को आगे बढ़ाने का आग्रह किया है**




**कियारियो डी जेनेरियो, वार्ता।** ब्राजील के पूर्व स्ट्राइकर रोनाल्डो ने ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) से राष्ट्रीय टीम के प्रबंधक पद के लिए मैनचेस्टर सिटी के पेप गार्डियोला के कार्यकाल को आगे बढ़ाने का आग्रह किया है।

उधर, गार्डियोला ने बार-बार खुद को सेलेकाओ से जोड़ने की अटकलों का खंडन किया है। उन्होने पिछले साल नवंबर में दो साल के लिए मैनचेस्टर सिटी से जुड़ने के अनुबंध विस्तार पर हस्ताक्षर किए थे। हालांकि रोनाल्डो ने सीबीएफ से 54 वर्षीय गार्डियालो को न छोड़ने का आह्वान किया, जिन्हें व्यापक रूप से अब तक के सबसे महान प्रबंधकों में से एक माना जाता है। रोनाल्डो ने ब्राजील के बैंड टीवी से कहा कि मैं कोशिश करूंगा, लेकिन यह वास्तव में सीबीएफ की तुलना में बहुत तेजी से किया जाना चाहिए। मैं गार्डियोला, जॉर्ज जीसस और एबेल फेरेरा को लक्ष्य बनाऊंगा। उन्होंने कहा कि ग्रेमियो के पूर्व प्रबंधक रेनाटो गौचो के नाम पर भी विचार किया जाना चाहिए। रोनाल्डो ने कहा कि यदि उनमें से कोई भी काम नहीं करता है, तो मेरे पास रेनाटो गौचो को लाने की योजना होगी, जो मुझे लगता है कि विश्व कप तक एक तत्काल समाधान प्रदान कर सकता है। वह ऐसे व्यक्ति हैं जो बहुत आसानी से टीम के विश्वास को जीत सकते हैं और मौजूदा स्थिति को बदल सकते हैं। ब्राजील पिछले शुक्रवार से प्रबंधक के बिना है, जब विश्व कप क्वालीफायर में अर्जेंटीना से टीम की 4-1 की हार के बाद डोरिवल जूनियर को बर्खास्त कर दिया गया था। पांच बार के विश्व कप विजेता वर्तमान में दक्षिण अमेरिकी क्षेत्र क्वालीफाइंग स्टैंडिग में चौथे स्थान पर हैं।

# सम्पादकीय

**गुरुवार, 3 अप्रैल 2025**

## वक्फ बिल पर रार

आज बुधवार को वक्फ संशोधन बिल लोक सभा पटल पर रखा गया। अगर यह बिल दोनों सदनों से पारित हो जाता है, तो इसे राष्ट्रपति के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। राष्ट्रपति की सहमति के बाद यह कानून बन जाएगा और वक्फ बोर्ड के प्रबंधन, संपत्तियों के नियमन और अन्य प्रस्तावित बदलाव लागू हो जाएंगे। आज इस बिल को पटल पर रखने के बाद बीजेपी के किरण रिजिजू ने इसकी उपलब्धियां गिनाई, तो विपक्ष ने इस पर हंगामा कर दिया। कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन के सांसदों ने इसका विरोध किया, तो एक बार संसद में हंगामा हो गया। इस बिल के जरिये बीजेपी यह जताने का प्रयास कर रही है कि वह गरीब मुसलमानों की हितैषी है। इससे पहले कभी सरकार का ध्यान इन पर नहीं गया। न तो इनकी शिक्षा का कोई अच्छा इंतजाम है और न ही रोजगार का। इन्हें इनके हाल पर जीवन जीने के लिए छोड़ रखा है। अब सरकार को इनका ख्याल कैसे आ गया, इस पर मंथन करने की जरूरत है। सरकार का मानना है कि मालदार मुसलमानों ने गरीब मुसलमानों की जमीन पर कब्जा कर रखा है। यदि यह बिल पास हो जाता है, तो उनकी जमीन उनको वापस मिल जाएगी। मोदी सरकार के पिछले दस साल और वर्तमान में अभी तक गरीब मुसलमानों के लिए क्या किया गया है, इस बात को ये गरीब लोग ही अच्छा जानते हैं। सरकार और विपक्ष दोनों ने इस मुद्दे पर अपनी कमर कस ली है, जिससे संसद में तीखी बहस और हंगामे की संभावना जताई जा रही है। आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस पर चर्चा के लिए 8 घंटे का समय निर्धारित किया है। हालांकि, विपक्ष ने 12 घंटे की मांग की थी, जिसे सरकार ने ठुकरा दिया। लोकसभा से पारित होने के बाद, विधेयक को राज्यसभा में पेश किया जाएगा। राज्यसभा में एनडीए के पास अभी बहुमत नहीं है, इसलिए वहां इसे पास कराने के लिए सरकार को सहयोगी दलों और कुछ अन्य सांसदों का समर्थन जुटाना होगा। यहां देरी या संशोधन की संभावना बढ़ सकती है। विपक्षी इस बिल का कड़ा विरोध कर रहे हैं। विपक्ष इसे असंवैधानिक और अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर हमला बता रहा है। क्या यह बिल मुस्लिम समुदाय को कमजोर करने की साजिश है। आज सरकार इन गरीबों की जमीन के बारे में सोच रही है, लेकिन भारत की जो जमीन चीन ने हथिया रखी है, उसके बारे में सरकार ने अभी तक कोई सुध नहीं ली है। इसके बावजूद इस बिल को लाकर उथल-पुथल पैदा करना चाहती है। आज देश में गरीब मुसलमान दयनीय हालत में जी रहे हैं। उनके रहने के लिए मकान नहीं हैं। स्कूलों में उनके बच्चों के एडमिशन नहीं हो पाते, जिसके कारण उनके बच्चे अनपढ़ रह जाते हैं और इसके बाद उनके सामने मजदूरी करने के अलावा और कोई रास्ता नहीं रह जाता। गरीब मुसलमानों की चिकित्सा के लिए अच्छे अस्पताल नहीं हैं। जिला चिकित्सालयों में इतनी अव्यवस्थाएं हैं कि मरीज के साथ गए तीमारदार खुद मरीज हो जाते हैं। भारत में वक्फ बोर्ड के पास 9.40 लाख एकड़ जमीन है।

## सरकार देश में भय का माहौल बना रही



मोदी सरकार देश में भय का माहौल बना रही है और व्यक्तियों के बीच भेदभाव कर रही है, आप्रवास एवं विदेशी विषयक विधेयक 2025 का कांग्रेस विरोध करती है, इससे देश में भय का माहौल बनेगा और यह संविधान की मूल भावना के विरुद्ध होगा, यह अधिकारियों को प्रताड़ना का अधिकार देता है, व्यक्तियों के बीच भेदभाव करता है, यह विदेशियों को मनमाने ढंग से देश से बाहर करने का अधिकार सरकार को देता है, यह विधेयक आव्रजन अधिकारी को असीमित अधिकार देता है, उसके निर्णय के विरुद्ध अपील भी नहीं की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि यह अधिकारी किसी भी व्यक्ति को विदेश जाने से रोक सकता है, यह विधेयक भारत के लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए संकट है। फिलहाल यह विदेशियों के लिए हैं, लेकिन जल्दी ही भारतीय नागरिकों पर भी इसकी छाया पड़ेगी।

**अभिषेक मनु सिंघवी**
**राज्यसभा सदस्य, कांग्रेस**

# न्यायपालिका में भ्रष्टाचार कोई नई बात नहीं...

**2022 में एक जिला जज के यहां छापेमारी में लाखों रुपये मिले, जिसमें भ्रष्टाचार के संदेह को बढ़ाया, 2017 में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तक को एक याचिका में शामिल किया गया, जिसमें मेडिकल कॉलेजों को अनुमति देने में कथित रिश्वतखोरी का आरोप था**



**विनीत नारायण**

भारत के इतिहास में पहली बार सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस रामस्वामी पर अनैतिक आचरण के चलते 1993 में संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था। पर कांग्रेस पार्टी ने मतदान के पहले लोकसभा से बहिर्गमन करके उन्हें बचा लिया। 1997 में मैंने भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस जे एस वर्मा के अनैतिक आचरण को उजागर किया तो सर्वोच्च अदालत, संसद व मीडिया तूफान खड़ा हो गया था। पर अंतत: उन्हें भी सज़ा के बदले तत्कालीन सत्ता व विपक्ष दोनों का संरक्षण मिला।

2000 में एक बार फिर मैंने भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डॉ. एएस आनंद के छह ज़मीन घोटाले उजागर किए तो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ये मामला चर्चा में रहा व तत्कालीन क़ानून मंत्री राम जेठमलानी की कुर्सी चली गई। पर तत्कालीन बीजेपी सरकार ने विपक्ष के सहयोग से उन्हें सज़ा देने के बदले भारत के मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष बना दिया। इसलिए मौजूदा विवाद जिसमें जस्टिस यशवंत वर्मा के घर जले नोटों के बोरे मिले, कोई चौंकाने वाली घटना नहीं है। न्यायपालिका को देश के लोकतांत्रिक ढांचे का आधार माना जाता है, जो संविधान की रक्षा और कानून के शासन को सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार है। सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय और अधीनस्थ न्यायालयों की एकीकृत प्रणाली के साथ यह संस्था स्वतंत्रता और निष्पक्षता के सि(ांतों पर खड़ी है। दुर्भाग्य से हाल के दशकों में न्यायाधीशों पर भ्रष्टाचार के बढ़ते आरोपों ने इसकी साख पर सवाल उठाए हैं। किसी न्यायाधीश के घर पर बड़ी मात्रा में नगदी मिलना एक गंभीर मुद्दा है। ऐसी घटनाओं से न सिर्फ़ न्यायपालिका पर कई सवाल उठते हैं बल्कि न्याय की आशा रखने वाली आम जनता का न्यायपालिका से विश्वास भी उठने लगता है।

भारत की न्यायपालिका का आधार संविधान में निहित है। अनुच्छेद 124 से 147 सर्वोच्च न्यायालय को शक्तियां प्रदान करते हैं, जबकि अनुच्छेद 214 से 231 उच्च न्यायालयों को परिभाषित करते हैं। यह प्रणाली औपनिवेशिक काल से विकसित हुई है, जब ब्रिटिश शासन ने आम कानून प्रणाली की नींव रखी थी। स्वतंत्रता के बाद, न्यायपालिका ने संवैधानिक व्याख्या, मूल अधिकारों की रक्षा और जनहित याचिकाओं के माध्यम से अपनी प्रगतिशील भूमिका निभाई है। 1973 के केशवानंद भारती मामले में मूल संरचना सि(ांत और 2018 के समलैंगिकता की अपराधमुक्ति जैसे फैसले इसकी उपलब्धियों के उदाहरण हैं। हालांकि न्यायपालिका की छवि आमतौर पर सम्मानजनक रही है, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोप इसकी विश्वसनीयता को चुनौती दे रहे हैं। 2010 में कलकत्ता हाई कोर्ट के जस्टिस सौमित्र सेन पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगे, जिसके बाद उन पर महाभियोग की प्रक्रिया शुरू हुई। यह स्वतंत्र भारत में पहला ऐसा मामला था। हाल के वर्षों में कुछ निचली अदालतों के न्यायाधीशों के घरों से असामान्य मात्रा में नकदी बरामद होने की खबरें सामने आई हैं। 2022 में एक जिला जज के यहां छापेमारी में लाखों रुपये मिले, जिसने भ्रष्टाचार के संदेह को बढ़ाया। 2017 में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तक को एक याचिका में शामिल किया गया, जिसमें मेडिकल कॉलेजों को अनुमति देने में कथित रिश्वतखोरी का आरोप था। हालांकि ये आरोप सि( नहीं हुए, लेकिन इसने संस्थान की छवि को काफ़ी हद तक प्रभावित किया। कई मामलों में वकील और कोर्ट स्टाफ पर पक्षपातपूर्ण फैसलों के लिए पैसे लेने के आरोप भी लगे हैं, जिससे यह संदेह पैदा होता है कि क्या न्यायाधीश भी इसमें शामिल हो सकते हैं। ये घटनाएं अपवाद हो सकती हैं, लेकिन इनका प्रभाव व्यापक है।

भ्रष्टाचार के ये आरोप न केवल जनता के भरोसे को कम करते हैं, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया की पवित्रता पर भी सवाल उठाते हैं। न्यायाधीशों पर भ्रष्टाचार के आरोपों के साथ-साथ कई अन्य चुनौतियां भी हैं जो भारत की न्यायपालिका की वर्तमान स्थिति को परिभाषित करती हैं। आँकड़ों की मानें तो मार्च 2025 तक, देश भर में 4.7 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। सर्वोच्च न्यायालय में 80,000 से अधिक और उच्च न्यायालयों में 60 लाख से अधिक मामले विचाराधीन हैं। यह देरी भ्रष्टाचार के लिए अवसर पैदा करती है, क्योंकि लोग त्वरित न्याय के लिए अनुचित साधनों का सहारा ले सकते हैं। देश भर में न्यायाधीशों के स्वीकृत 25,771 पदों में से लगभग 20: रिक्त हैं। इससे मौजूदा जजों पर दबाव बढ़ता है और पारदर्शिता बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया पर भी विवाद हुए हैं। कोलेजियम प्रणाली, जो न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए जिम्मेदार है, पर अपारदर्शिता और भाई-भतीजावाद के आरोप लगते रहे हैं। 2015 में राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) को असंवैधानिक ठहराने के बाद भी इस मुद्दे पर बहस जारी है। इतना ही नहीं न्यायिक जवाबदेही की कमी बाई एक गंभीर मुद्दा है। क्योंकि न्यायाधीशों को हटाने की प्रक्रिया जटिल है और महाभियोग दुर्लभ है। इसके अलावा, आंतरिक अनुशासन तंत्र कमजोर है, जिससे भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पाता। देखा जाए तो बड़ी संख्या में ग्रामीण और गरीब आबादी को कानूनी सहायता और जागरूकता की कमी का सामना करना पड़ता है। यह असमानता भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती है।

न्यायाधीशों पर भ्रष्टाचार के आरोपों का समाज पर प्रभाव बहुआयामी है। समय समय पर होने वाले सर्वेक्षण और सोशल मीडिया पर चर्चाएँ यह दर्शाते हैं कि लोग न्यायपालिका को पक्षपाती और भ्रष्ट मानने लगे हैं। यह लोकतंत्र के लिए खतरा है, क्योंकि न्यायपालिका पर भरोसा कम होने से कानून का सम्मान घटता है। जब किसी फैसले पर पैसे या प्रभाव से प्रभावित होने की आशंका उठती है, तो यह निष्पक्षता के सिद्धांत को कमजोर करता है। भ्रष्टाचार के आरोप सरकार और अन्य संस्थानों के लिए हस्तक्षेप का बहाना बन सकते हैं, जिससे न्यायिक स्वतंत्रता खतरे में पड़ती है। कई लोग मानते हैं कि 'न्याय बिकता है' और गरीबों के लिए यह पहुंच से बाहर है। ऐसा नहीं है कि भ्रष्टाचार से निपटने के लिए कुछ नहीं किया जा रहा। 1 जुलाई 2024 से लागू भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम में पारदर्शिता और तकनीक पर जोर दिया गया है। डिजिटल साक्ष्य और समयब) सुनवाई से भ्रष्टाचार के अवसर कम हो सकते हैं। वर्चुअल सुनवाई और ऑनलाइन केस प्रबंधन से प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जा रहा है, जिससे बिचौलियों की भूमिका कम हो सकती है।सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायाधीशों के लिए आचार संहिता को सख्त करने की बात कही जा रही है, हालांकि इसे लागू करने में चुनौतियां हैं।



# वैज्ञानिकता से परिपूर्ण भारतीय पंचांग की कालगणना

**इस बार विक्रम संवत् 2082 का शुभागमन भारतीय जीवन दर्शन की सबसे सुन्दर वसंत ऋतु में 30 मार्च 2025 का हुआ है जिसे सिद्धार्थ संवत्सर के नाम से जाना जाएगा, इस समय प्रकृति पतझड़ के माध्यम से अपने पुराने व जीर्ण-शीर्ण पत्रों रूपी वस्त्रों का त्यागकर हरितिमा युक्त कोपलों व पल्लवों रूपी नवीन वस्त्रों को धारण कर अपना श्रृंगार करती है जिसमें पशु-पक्षियों में नवजीवन का संचार होता है और कोयल पंचम स्वर में गायन कर मानव-मन को हर्ष और उल्लास से उल्लासित करती है**



**डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा**

धन्य है ऋषियों की ज्ञान परंपरा और उसकी परिणति है कालगणना की वैज्ञानिक दृष्टि से सटीकता एवं शुद्धता और उसी का आधार है भारतीय पंचांग जिसका संबंध ऋतु परिवर्तन, नव संवत्सर के शुभागमन पर विभिन्न धार्मिक पर्वों के आयोजन से है। पंचांग परंपरागत भारतीय कालदर्शक है। पंचांग दो शब्द पंच+अंग से मिलकर बना है जिसका शाब्दिक अर्थ है पांच अंग अर्थात पंचांग में वार, तिथि, नक्षत्र, करण और योग पांच चीजों का विशेष रूप से उल्लेख होता है। इसके अलावा पंचांग से त्योहार, ग्रहण आदि घटनाओं और शुभ मुहूर्त की जानकारी प्राप्त होती है। वैदिक साहित्य-ऋग्वेद, यजुर्वेद और अन्य प्राचीन ग्रंथो में वर्ष के लिए संस्कृत शब्द संवत्सर का प्रयोग किया गया है।

संवत्सर नाम वत्स से पड़ा है क्योंकि प्रत्येक ऋतु के चक्र को वत्स कहते हैं। ऋतु परिवर्तन का कारण सूर्य है इसलिए भारत में छह ऋतुएं-वसंत, ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमंत, शिशिर होती है। इसी वत्स के कारण वर्ष का नामकरण संवत्सर हुआ। नव संवत्सर का प्रारंभ चौत्र शुक्ल प्रतिपदा से होता है। इस बार विक्रम संवत् 2082 का शुभागमन भारतीय जीवन दर्शन की सबसे सुंदर वसंत ऋतु में 30 मार्च 2025 को हुआ है जिसे सिद्धार्थ संवत्सर के नाम से जाना जाएगा। इस समय प्रकृति पतझड़ के माध्यम से अपने पुराने व जीर्ण-शीर्ण पत्रों रुपी वस्त्रों को त्यागकर हरितिमा युक्त कोपलों व पल्लवों रुपी नवीन वस्त्रों को धारण कर अपना श्रृंगार करती है जिससे पशु-पक्षियों में नवजीवन का संचार होता है और कोयल पंचम स्वर में गायन कर मानव-मन को हर्ष और उल्लास से उल्लासित करती है। गांव-देहात में महिलाएं वसंत ऋतु के गीत गुनगुनाकर हृदयस्थ खुशी के भावों को प्रकट करती हैं। नव संवत्सर से नवरात्रि का श्रीगणेश होता है। नवरात्रि शक्ति जागरण का पर्व है जिसमें शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक शक्तियों को जाग्रत कर ऋतु परिवर्तन के साथ अनुकूलन करने की क्षमता का विकास होता है ताकि हम हर क्षेत्र में प्रगतिपथ पर आरुढ़ हो सकें।

भारतीय ऋषियों ने पंचांग की रचना की जो पूर्णत: वैज्ञानिक है क्योंकि समय निर्धारण के लिए ऋषियों ने सटीक समय मापन पद्धति को विकसित कर अपनाया जिससे आज के खगोलविज्ञानी भी सहमत है और वे भी मानते हैं कि हजारों वर्ष पहले विकसित ऋषियों की समय मापन पद्धति पूर्णत: शुद्ध व सटीक है क्योंकि भारतीय कालगणना का सूक्ष्मतम अंश परमाणु है तथा महत्तम ब्रह्मा की आयु है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि नई पीढ़ी तक नववर्ष पर पंचांग की वैज्ञानिकता और महत्ता का ज्ञान पहुंच रहा है। भारत के महान गणितज्ञ भास्कराचार्य ने आज से हजारों साल पहले लिखे अपने ग्रंथ में भारतीय ईकाइयों की विशद विवेचना की है।

उनके अनुसार एक विपल आज के 0.4 सेकंड के बराबर है तथा त्रुटि का मान सेकंड का 33750वां भाग है। एक पल में 60 विपल अर्थात 24 सेकंड होते हैं। 60 पल में एक घटी अर्थात 24 मिनट होते हैं। ढाई घटी का एक होरा होता है जिसका मान एक घंटा है। 2 घंटे की एक लग्न होती है ए3 होरा का एक प्रहर होता है। 24घंटे अर्थात एक अहोरात्र में 60 घटी या 12 लग्न या 24 होरा या 8 प्रहर होते हैं। इस होरा से ही अंग्रेजी का हावर बना है। दिन के प्रथम होरा और उसके स्वामी ग्रह के आधार पर दिनों का नामकरण हुआ। सृष्टि का प्रारंभ चौत्र शुक्ल प्रतिपदा रविवार के दिन हुआ। इस दिन के प्रथम होरा का स्वामी ग्रह सूर्य था इसलिए इस दिन का नाम रविवार, उसके अगले दिन के प्रथम होरा का स्वामी चंद्रमा तो सोमवार और अगले दिन प्रथम होरा का स्वामी मंगल था तो मंगलवार हुआ।

इसी प्रकार शेष वारों के नाम प्रथम होरा के स्वामी ग्रह के आधार पर बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार निर्धारित हुए। पंचांग का निर्माण भूत, भविष्य, वर्तमान की गणना के लिए किया गया जैसे 7 दिनों को मिलाकर सप्ताह, चार सप्ताह का एक मास, दो मास की एक ऋतु, 6 ऋतुओं का एक वर्ष, 100 वर्षों की एक शताब्दी, 360 वर्ष का एक दिव्य वर्ष, 12,000 दिव्य वर्ष का एक महायुग होता हैं। चारों युग-सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग को मिलकर एक महायुग बनता है। 71 महायुग से 1 मन्वंतर और 14 मन्वंतरों से एक कल्प बनता है। एक कल्प ब्रह्मा का एक दिन है। धार्मिक एवं शुभ कार्यों के समय हम संकल्प मंत्र पढ़ते हैं--ऊं विष्णु विष्णुर्विष्णु: द्वितीय परार्ध श्री श्वेत वाराहकल्पेवैवस्वतमन्वन्तरे अष्टाविंशति तमे कलियुगे कलि प्रथमचरणे भारतवर्षे भरत खण्डे जम्बूद्वीपे आर्यावर्तेक देशान्तर्गते सिद्धार्थ संवत्सरे। इस मंत्र से हमें ज्ञात होता है कि इस समय 28वीं चतुर्युगी के कलियुग का प्रथम चरण, ब्रह्मा का द्वितीय परार्ध, श्वेतवाराह कल्प, वैवस्त मन्वंतर और सिद्धार्थ संवत्सर चल रहा है। 30 कल्प,14 मन्वंतर और 60 संवत्सर होते हैं। ब्रह्मा की 100 वर्ष की आयु 31नील10 खरब 40अरब वर्ष है। पंचांग में तिथि, वार, नक्षत्र, करण और योग इन पांच चीजों का मुख्य रूप से उल्लेख है। एक दिन को तिथि कहा गया है जो पंचांग के आधार पर 19 घंटे से 26 घंटे तक की होती है। चंद्र मास में 30 तिथियां होती हैं जो दो पक्ष-शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष में बंटी है। शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा से चतुर्दशी और पूर्णिमा मिला कर 15 तिथि, वहीं कृष्ण पक्ष में प्रतिपदा से चतुर्दशी और अमावस्या मिलकर 15 तिथि होती हैं। आकाश में तारामंडल के विभिन्न रूपों में दिखाई देने वाले आकार को नक्षत्र कहते हैं। मूलत: 27 नक्षत्र माने गए हैं-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी से लेकर रेवती तक 27 नक्षत्र हैं। चंद्रमा इन 27 नक्षत्र में भ्रमण करता है। 12 मासों के नाम आकाशमंडल के 12 नक्षत्रों के नाम पर रखे गए हैं जिस मास की पूर्णिमा को चंद्रमा जिस नक्षत्र में होता है उसी के नाम पर उस मास का नाम रखा गया है।

# गणेश शंकर विद्यार्थी की लेखनी से कांपती थी ब्रिटिश सरकार...

**26 अक्टूबर 1890 को उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद के अतरसुइया मोहल्ले में एक स्कूल हैडमास्टी जयनारायण के घर जन्मे विद्यार्थी जी प्रारम्भिक शिक्षा उर्दू तथा अंग्रेजी में हुई इलाहाबाद में शिक्षण के दौरान ही उनका झुकाव पत्रकारिता की ओर हुआ, हिन्दी साप्ताहिक 'कर्मयोगी' के सम्पादन में वे पंडित सुन्दर लाल की सहायता करने लगे**





**योगेश कुमार गोयल**

गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकारिता जगत के ऐसे महान पुरोधा थे, जिनकी लेखनी से ब्रिटिश सरकार इस कदर भयभीत रहती थी कि क्रांतिकारी लेखन के लिए उन्हें अंग्रेज सरकार द्वारा पांच बार सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा दी गई। उनके लेखों में ऐसी गजब की ताकत थी कि उनकी पत्रकारिता ने ब्रिटिश शासन की नींद हराम कर दी थी। जब उनकी कलम चलती थी तो ब्रिटिश हुकूमत की जड़ें हिल जाती थी। बेमिसाल क्रांतिकारी पत्रका. रिता के कारण ही गणेश शंकर विद्यार्थी और उनका अखबार 'प्रताप' आज के दौर में भी पत्रकारिता जगत के लिए आदर्श माने जाते हैं। वह एक निर्भीक पत्रकार, समाजसेवी, महान क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानी थे। वे स्वयं तो एक उच्च कोटि के पत्रकार थे ही, उन्होंने अनेक युवाओं को लेखक, पत्रकार तथा कवि बनने की प्रेरणा और ट्रेनिंग दी। कांग्रेस के विभिन्न आन्दोलनों में भाग लेने तथा ब्रिटिश सत्ता के अत्याचारों के विरुद्ध 'प्रताप' में निर्भीक लेख लिखने के कारण वे पांच बार जेल गए। जब भी उन्हें अंग्रेज सरकार द्वारा गिरफ्तार किया जाता तो उनकी अनुपस्थिति में 'प्रताप' का सम्पादन माखनलाल चतुर्वेदी तथा बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' सरीखे साहित्य के दिग्गज संभाला करते थे।

26 अक्तूबर 1890 को उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद के अतरसुइया मोहल्ले में एक स्कूल हैडमास्टर जयनारायण के घर जन्मे विद्यार्थी जी की प्रारम्भिक शिक्षा उर्दू तथा अंग्रेजी में हुई। इलाहाबाद में शिक्षण के दौरान ही उनका झुकाव पत्रकारिता की ओर हुआ। हिन्दी साप्ताहिक 'कर्मयोगी' के सम्पादन में वे पंडित सुन्दर लाल की सहायता करने लगे। कानपुर में अध्यापन के दौरान उन्होंने कर्मयोगी सहित कई और अखबारों में लेख लिखे और पत्रकारिता के जरिये स्वाधीनता आन्दोलन से गहरे जुड़ गए। कुछ समय बाद उन्होंने पत्रकारिता, सामाजिक कार्यों तथा स्वाधीनता आन्दोलन से जुड़ाव के चलते 'विद्यार्थी' उपनाम अपना लिया और गणेश शंकर से 'गणेश शंकर विद्यार्थी' हो गए। उनकी उत्कृष्ट लेखनशैली से प्रभावित होकर हिन्दी पत्रकारिता जगत के पुरोधा पं. महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 1911 में अपनी साहित्यिक पत्रिका 'सरस्वती' में उपसम्पादक के पद पर कार्य करने का ऑफर दिया किन्तु विद्यार्थी जी को ज्वलंत समाचारों, समसामयिक तथा राजनीतिक विषयों में ज्यादा दिलचस्पी थी, इसलिए उन्होंने द्विवेदी जी का प्रस्ताव स्वीकारने के बजाय महामना पं. मदन मोहन मालवीय के हिन्दी साप्ताहिक 'अभ्युदय' में नौकरी ज्वाइन की। 9 नवम्बर 1913 को उन्होंने एक क्रांतिकारी पत्रकार के रूप में कानपुर से स्वयं 'प्रताप' नामक पत्रिका निकालना शुरू कर दिया। प्रताप के जरिये विद्यार्थी जी किसानों, मजदूरों और ब्रिटिश अत्याचारों से कराहते गरीबों का दुख-दर्द उजागर करने लगे। ब्रिटिश शासनकाल की उत्पीड़न और अन्याय की क्रूर व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाना उनकी पत्रकारिता का सबसे महत्वपूर्ण अंग था, जो ब्रिटिश हुकूमत को फूटी आंख न सुहाया और इसीलिए अपनी इसी क्रांतिकारी पत्रकारिता का खामियाजा उन्हें कई मुकद्दमों, भारी जुर्माने और कई बार जेल जाने के रूप में भुगतना पड़ा। 1920 में उन्होंने 'प्रताप' का दैनिक संस्करण निकालना शुरू कर दिया, जो मूलत: किसानों, मजदूरों और पीड़ितों का हिमायती समाचारपत्र बना रहा। उन्होंने 'प्रताप' के अलावा 'प्रभा' नामक एक साहित्यिक पत्रिका तथा एक राजनीतिक मासिक पत्रिका का भी प्रकाशन किया। घटना जनवरी 1921 की है, जब रायबरेली के एक ताल्लुकदार सरदार वीरपाल सिंह ने किसानों पर गोलियां चलावाई थी। 'प्रताप' के संपादक गणेश शंकर विद्यार्थी ने उस घटनाक्रम का पूरा विवरण अपने अखबार में छापा, जिसके लिए उन्हें तथा 'प्रताप' छापने वाले शिवनारायण मिश्र पर मानहा. नि का मुकद्दमा दर्ज किया गया और उन्हें जेल हो गई। 16 अक्टूबर 1921 को विद्यार्थी जी ने स्वयं गिरफ्तारी दी और 22 मई 2022 को जेल से रिहा हुए। जेल में रहते हुए उन्होंने एक डायरी लिखी और रिहाई के बाद उन्होंने उसी पर आधारित 'जेल जीवन की झलक' नामक एक ऐसी श्रृंखला छापी, जिसे अत्यधिक पसंद किया गया और 'प्रताप' के साथ पाठकों का काफिला जुड़ता गया। उसके बाद तो अंग्रेजों ने उन्हें वक्त-बेवक्त लपेटने का कोई अवसर नहीं छोड़ा लेकिन विद्यार्थी अपने क्रांतिकारी विचारों से जरा भी नहीं डिगे।जेल से रिहाई के कुछ ही समय बाद भड़काऊ भाषण देने के आरोप में उन्हें ब्रिटिश सरकार द्वारा फिर गिरफ्तार कर लिया गया और 1924 में तब रिहा किया गया, जब उनका स्वास्थ्य बहुत खराब हो गया था। 1925 में राज्यसभा विधानसभा चुनाव में वे कानपुर से चुने गए और कांग्रेस के कानपुर अधिवेशन की स्वागत-समिति के प्रधानमंत्री भी नियुक्त हुए लेकिन 1929 में उन्होंने पार्टी की मांग पर त्यागपत्र दे दिया, जिसके बाद वे 1930 में उत्तर प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष चुन लिए गए और उन्हें प्रदेशभर में सत्याग्रह आन्दोलन का नेतृत्व करने की अहम जिम्मेदारी दी गई। उसी दौरान उन्हें फिर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया और गांधी-इरविन पैक्ट के बाद 9 मार्च 1931 को उनकी जेल से रिहाई हुई। स्वाधीनता संग्राम के उस दौर में हिन्दू-मुस्लिम एक-दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग कर रहे थे लेकिन ब्रिटिश हुकूमत ने दोनों समुदायों की भावनाओं को भड़काने का ऐसा खेल खेला कि जगह-जगह हिन्दू-मुस्लिम साम्प्रदायिक दंगे भड़कने लगे और देशभर में साम्प्रदायिक हिंसा फैलने लगी। कानपुर शहर भी साम्प्रदायिक दंगों की आग में झुलस उठा। गणेश शंकर विद्यार्थी का मन इन दंगों से बड़ा व्यथित हुआ और वे स्वयं इन दंगों को रोकने तथा दोनों समुदायों में भाईचारा कायम करने के लिए लोगों को समझाते हुए घूमने लगे। कई जगहों पर वे लोगों को समझाने में सफल भी रहे और इन दंगों के दौरान उन्होंने हजारों लोगों की जान बचाई भी लेकिन वे स्वयं दंगाइयों की एक ऐसी टुकड़ी में फंस गए। जो उन्हें पहचानते नहीं थे। उसके बाद उनकी बहुत खोज की गई किन्तु वे कहीं नहीं मिले। आखिर में उनका पार्थिव शरीर एक अस्पताल में लाशों के ढ़ेर में पड़ा मिला, जो इतना फूल गया था कि लोग उसे पहचान भी नहीं पा रहे थे। हजारों लोगों की जान बचाने के बावजूद गणेश शंकर विद्यार्थी स्वयं धार्मिक उन्माद की भेंट चढ़ गए।

## माटी अब भी पूछती

पैदा क्यों होते नहीं, भगत सिंह से वीर
माटी अब भी पूछती, कब जागेगी पीर?
स्वप्न सिसकते रह गए, कहां गई वह बात
चिंगारी तो जल रही, राख हुई सौगात।
नारे मंच पर गूंजते, हुई जुबां है मौन
जोश बिखरकर रह गया, जज्बा लाए कौन।
होते हैं भाषण बहुत, पर खामोश ज़मीर
शब्द बचे हैं युद्ध के, गए कहां रणधीर?
भारत माता पूछती, कौन बने कुर्बान
लाल हुए थे जो कभी, लगते अब अनजान?
सबके हित की बात का, बुझने लगा उबाल
सत्ताओं की सांकलें, बांध रहीं भूचाल।
सत्ताओं की सांकलें, बांध रहीं तक़दीर
खुद को खुद से हारकर, भारत खड़ा अधीर।



**प्रियंका सौरभ**

# ईरान की परमाणु जिद हिला देगी अमेरिका के चूल

## यूएस बॉम्बर तेहरान की तरफ आते नजर आए, तो आईआरजीसी कमांडर अमेरिकी मिलिट्री बेस राख में मिला देंगे

**तेहरान।** अरब में महायुद्ध के सायरन बज रहे हैं। यहां किसी भी वक्त अमेरिका और ईरान की जंग शुरू हो सकती है, जिसकी वजह है ईरान की परमाणु जिद। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने साफ कर दिया है, वो ट्रम्प से परमाणु वार्ता नहीं करेंगे। सिर्फ इतना ही नहीं ईरान ने ट्रम्प को धमकी दी है कि अगर यूएस बॉम्बर तेहरान की तरफ आते नजर आए, तो आईआरजीसी कमांडर अमेरिकी मिलिट्री बेस राख में मिला देंगे।

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने देश को संबोधित किया। संबोधन ईद पर था, लेकिन मंच से खामेनेई ने साफ कर दिया कि अमेरिका आग से खेल रहा है और ईरान वाशिंगटन को उसी के लहजे में जवाब देगा। उन्होंने कहा कि वो हम पर हमला करने की धमकी दे रहे हैं, जिसकी हमें संभावना नहीं लगती, लेकिन यदि अगर वो कोई शरारत करेंगे तो उन्हें निश्चित रूप से करारा जवाब मिलेगा। तेहरान से निकली इस धमकी और इन नारों की गूंज से वाशिंगटन तक में हड़कप है। डर है कि अगर अमेरिका ने ईरान पर हमला किया, तो ईरान अमेरिकी को दहला सकता है और इसकी संभावनाएं खामेनेई के संबोधिन के बाद बेहद ज्यादा बढ़ गई हैं। दरअसल, इसकी वजह देश को संबोधित करने के दौरान ईरानी सुप्रीम लीडर के हाथों में मौजूद ये राइफल है, जो साल 1980 के दशक की है। इससे पहले खामेनेई के हाथों में ये राइफल एक अगस्त 2024 को नजर आई थी। तब खामेनेई ने हमास नेता इस्माइल हानिया की मौत पर देश को संबोधित किया था, जिसके बाद एक अक्टूबर के दिन ईरान ने हानिया और नसरल्लाह की मौत का बदला इजरायल से लिया था। अब खामेनेई के पास ये राइफल अमेरिका की धमकियों के बीच एक बार फिर नजर आई है। ऐसे में माना जा रहा है कि ईरान बहुत जल्द अमेरिका के खिलाफ बारूदी एक्शन ले सकता है। एक तरफ खामेनेई के रिएक्शन से अमेरिका पर एक्शन का रास्ता साफ हो गया है, तो वहीं ईरानी कमांडर्स के रुख से ऐसे सिग्नल मिल रहे हैं कि ईरान अमेरिकी हमले का इंतजार नहीं करना चाहता। माना जा रहा है कि ईरान अमेरिकी एक्शन से पहले ही उसे बारूदी संदेश भेज सकता है। दरअसल, आईआरजीसी के कमांडर अमेरिकी एयरबेस पर प्री एम्प्टिव स्ट्राइक की मांग कर हैं। आईआरजीसी कमांडर चाहते हैं कि ईरान डिएगो ग्रासिया एयरबेस के पास मिसाइल दागे, लेकिन इस मिसाइल से बेस को नुकसान नहीं होगा, बल्कि मिसाइल बेस के करीब समंदर में जाकर गिरेगी, अमेरिका के इस बेस की ईरान से दूरी 3846 किमी है। हाल ही में अमेरिका ने यहां 7बी-2 बॉम्बर तैनात किए थे। दरअसल, अमेरिकी बेस के पास मिसाइल दागकर ईरान ट्रम्प को अपनी क्षमता



और शक्ति का परिचय देना चाहता है ताकि ट्रम्प ईरान पर हमले के ख्याल को अपने जहन से निकाल दें। इधर, आईआरजीसी एयरफोर्स के कमांडर आमिर अली हाजीजादेह ने भी अमेरिका को धमकी दी है। उन्होंने अपने एक बयान में कहा है, जो शीशे के घर में रहते हैं, वो दूसरों पर पत्थर नहीं फेंकते। अमेरिका के अरब में करीब 10 बेस हैं, 50 हजार से ज्यादा सैनिक मौजूद हैं। मतलब वो शीशे के घर में मौजूद हैं। साफ है ईरान के रडार में अमेरिका के कई बेस हैं। अगर ट्रम्प बारूदी कदम उठाते हैं, तो ईरान इन्हें दहलाकर अपना प्रतिशोध पूरा करेगा। ईरान की तैयारी इसपर मोहर भी लगा रही हैं। दरअसल, चीन ने मिसाइलों से लदा कार्गो शिप ईरान भेजा था, जो ईरान के बांदर अब्बास पोर्ट पहुंच चुका है। दावा है कि इसमें चीन की लॉन्ग रेंज मिसाइलें मौजूद हैं। आईआरजीसी ने नेवातिम एयरबेस पर मिसाइल ड्रिल शुरू कर दी है। सैटेलाइट तस्वीरें से खुलासा हुआ है कि ईरान मिसाइलों की एक्यूरेसी टेस्ट कर रहा है।

### ईरान खुद को कर रहा तैयार

ईरान की इन तैयारियों को अमेरिका से जोड़कर देखा जा रहा है। दावा है कि ईरान ट्रम्प के हर संभावित कदम के लिए खुद को तैयार कर रहा है। इधर ईरान से आ रही खबरों के बीच डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर ईरान को बारूदी धमकी भेजी है। ट्रम्प ने अपने एक बयान में कहा है कि अगर ईरान डील नहीं करता, तो बमबारी होगी और ऐसी बमबा. री होगी, जो पहेल कभी नहीं देखी गई। दूसरी बार राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ऐसे पहली बार है जब डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर स्पष्ट शब्दों पर बमबारी की बात की है। हालांकि ट्रम्प और ईरान के बीच अरब के देश एक दीवार की तरह खड़े हैं। हाल ही में आई एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सऊदी, कुवैत और कतर ने ईरान को गुप्त आश्वा. सन दिया है। वो ईरान पर हमले के लिए अपने एयरस्पेस का इस्तेमाल नहीं होने देंगे। रिपोर्ट में ये भी दावा है कि ट्रम्प ईरान पर हमला करने वाले थे, लेकिन इन तीनों देशों से अमेरिका को ऐसा करने से रोक दिया। हालांकि ये देश ट्रम्प को कबतक रोक पाएंगे ये कहना बेहद मुश्किल है। इधर, 2 हफ्ते बाद भी हूती पर अमेरिका की स्ट्राइक जारी है। अमेरिका ने एक बार फिर सना और अल हुदैदा पर एयरस्ट्राइक की।

### अमेरिका का डफ-9 रीपर ड्रोन तबाह

दावा है कि अमेरिका की लेटेस्ट स्ट्राइक में 40 हूती लड़ाकों की मौत हो गई। वहीं, हूती के टॉप मिसाइल एक्सपर्ट अब्दुल खालिक बदरुद्दीन अल-हौथी के भी मारे जाने की खबर है। हूती ने भी अमेरिका पर जबरदस्त पलटवार किया है। हूती का दावा है कि उसके हमले में अमेरिका का डफ-9 रीपर ड्रोन तबाह हो गया। हूती प्रवक्ता याह्या सारी ने कहा कि हमारी सेना ने सफलतापूर्वक अमेरिका का डफ-9 ड्रोन मार गिराया है। वो हमें तबाह करने के मिशन पर था, लेकिन हमने उसे जहन्नुम पहुंचा दिया। ये दुश्मन का 16वां ड्रोन है, जिसे हमने तबाह किया है। हूती भले इसे बड़ी कामयाबी बता रहा है, लेकिन ट्रम्प ने साफ कर दिया है कि अमेरिका के मौजूदा हमले अभी सिर्फ शुरुआत भर है। अगर लाल सागर में हूती के मिसाइल अटैक बंद नहीं हुए, तो पहले असली तबाही हूती देखेगा और उसके बाद हूती का प्राजोयक ईरान। ट्रम्प के रुख से साफ है, वो किसी भी कीमत पर ईरान को परमाणु शक्ति हासिल करने देना नहीं चाहते, फिर चाहे इसके लिए उन्हें अरब में महायुद्ध ही क्यों ना छेड़ना पड़े।

# गाजा में पर्याप्त भोजन का दावा खारिज

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को इजरायल के गाजा में पर्याप्त भोजन है, के दावे को हास्यास्पद बताते हुए खारिज कर दिया। गाजा में सहायता पहुंचाने के लिए जिम्मेदार इजरायली सैन्य एजेंसी सीओजीएटी ने दिन में पहले कहा कि अगर हमास नागरिकों को भोजन उपलब्ध कराता है, तो लंबे समय के लिए पर्याप्त भोजन है।

संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने संयुक्त राष्ट्र की प्रतिक्रिया के बारे में पूछे जाने पर संवाददाताओं से कहा ''हास्यास्पद। हम अपनी आपूर्ति के अंतिम चरण में हैं।'' उन्होंने कहा कि बेकरियों को ''मज़े के लिए'' बंद नहीं किया गया है क्योंकि मुख्य सामान गायब हैं। विश्व खाद्य कार्यक्रम ने एक अप्रैल को घोषणा की कि उसके गोदामों में आटा खत्म हो गया है और जब तक इजरायल क्रॉसिग को फिर से नहीं खोलता और आपूर्ति की अनुमति नहीं देता तब तक उसकी बेकरियां संचा. लित नहीं हो सकतीं। वहीं इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने बुधवार को सेना से गाजा पट्टी पर सैन्य हमले तेज करने की घोषणा की और इसके बाद सेना बफर ज़ोन स्थापित करने के लिए गाजा पट्टी में अतिरिक्त क्षेत्रों पर कब्जा करेगी। श्री काट्ज ने एक बयान में कहा, ह्इस विस्तार में युद्ध क्षेत्रों से गाजा की आबादी को व्यापक रूप से निकाला जाएगा। गौरतलब है कि इज़रायल ने 18 मार्च को दो महीने का युद्ध विराम के बाद हमले तेज कर दिए और फलिस्तीनी एन्क्लेव पर घातक हवाई और ज़मीनी हमले फिर से शुरू कर दिए। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि नए सिरे से किए गए इज़रायली हमलों में अब तक 1,042 फलिस्तीनी मारे गए हैं और अन्य 2,542 घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2023 से इजरायल और हमास के बीच शुरू हुए युद्ध में मरने वालों की संख्या बढ़कर 50,399 हो गई है।



**इजरायली रक्षा मंत्री ने की गाजा पट्टी पर हमले तेज करने की घोषणा, पट्टी में अतिरिक्त क्षेत्रों पर कब्जा करेगी सेना**

# पाकिस्तान के राष्ट्रपति जरदारी अस्पताल में भर्ती



**कराची।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की तबीयत खराब होने पर उन्हें मंगलवार शाम एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राष्ट्रपति अपने पैतृक शहर गए हैं। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। मीडिया के अनुसार श्री जरदारी अपने पैतृक शहर गए हुए थे और उन्हें बुखार और संक्रमण की शिकायत होने पर डॉक्टरों ने उन्हें आगे की जांच के लिए कराची ले जाने का फैसला किया। डॉक्टर उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रहे हैं। उनके परिवार के सदस्य भी अस्पताल में उनसे मिलने गए। प्रधानमंत्री शरीफ ने जरदारी के स्वास्थ्य की जानकारी ली व उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# पाक ने अफगानों का सामूहिक निर्वासन टाला

**इस्लामाबाद।** पाक ने अवैध रूप से देश में घुसे अफगानिस्तान के नागरिकों के सामूहिक निर्वासन की शुरुआत को 10 अप्रैल तक के लिए टाल दिया है।

पाकिस्तान के अखबार डॉन ने यह रिपोर्ट दी। अखबार ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि एक अप्रैल से दस अप्रैल तक के लिए स्थगन मुस्लिम त्योहार ईद के कारण है जो रमजान के पवित्र महीने के अंत का प्रतीक है। पाकिस्तान में तीस लाख अफगानों को कथित तौर पर निर्वासन के लिए नामित किया गया है।



# नेपाल में प्रदर्शनों के बीच संवाद का दौर

**काठमांडू/रक्सौल।** नेपाल में राजशाही समर्थक प्रदर्शनों के बीच जांच, गिरफ्तारी और कूटनीतिक संवाद का दौर शुरू हो गया है। नेपाल की सरकार अबतक करीब चौबीस कथित आंदोलनकारियों को सलाखों के पीछे भेज चुकी है।

सरकार ने गृह मंत्रालय को काठमांडू के तिनकुने में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन की जांच का आदेश दिया है। इन्ही प्रतिकूल हालातों के बीच नेपाल के विदेश मंत्री आरजू राणा ने भारतीय अधिकारियों से बात की है और भारत में नेपाल के राजदूत डा. शंकर शर्मा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है। नेपाल में प्रतिकूल राजीतिक हालातों के बीच भारत में नेपाल के राजदूत डा. शंकर शर्मा ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है। यह मुलाकात इस लिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि इस वर्ष 12 मार्च को काठमांडू के त्रिभुवन अंतराष्ट्रीय हवाईअड्डा पर अपने पूर्व राजा ज्ञानेंद्र के स्वागत में आंदोलनका. रियों ने भारत के हिदूवादी पहचान वाले राजनेता योगी आदित्यनाथ की तस्वीर के साथ प्रदर्शन किया था। उस प्रदर्शन में राजशाही और हिदू राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग की गई थी। दूसरी तरफ नेपाल के विदेश मंत्री आरजू राणा ने पहले भारतीय अधिकारियों से राजशाही समर्थक आंदोलन के मुद्दे पर बात की है। हालांकि भारत लगातार तटस्थ रह कर नेपाल में बदलते हालातों पर नजर रखे हुए है, फिर भी इस मुद्दे पर नेपाल द्वारा भारत से किए जा रहे इन कूटनीतिक संवादों के राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। इधर नेपाल की सरकार ने गृह मंत्रालय को हिसक तिनकुने विरोध प्रदर्शन की जांच करने का भी निर्देश दिया है, जिसमें लोग घायल हुए और हताहत हुए थे। जिला पुलिस रेंज के प्रवक्ता एसपी अपिल राज बोहरा के अनुसार, काठमांडू पुलिस ने राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवींद्र मिश्रा और महासचिव धवल शमशेर राणा सहित 24 लोगों को राजशाही आंदोलन से संबंधित अरा. जकता, आगजनी और लूटपाट के आरोप में गिरफ्तार किया है। ए गिरफ्तारियां जिला पुलिस रेंज काठमांडू द्वारा की गईं। इसके अलावा 41 लोग हिरासत में लिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि 28 मार्च को हुए प्रदर्शनों के हिसक हो जाने पर कीर्तिपुर निवासी फोटो पत्रकार सुरेश रजक और सबिन महारजन की मौत और बड़े पैमाने पर आगजनी की घटनाएं हुईं थी।

नेपाल सरकार ने जनता से राजशाही समर्थक प्रदर्शनों में भाग लेने से बचने का आग्रह किया है। मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग ने भी मंगलवार को मंत्रिमंडल बैठक की ब्रीफिग के दौरान इस आशय की घोषणा की थी।



# अमेरिकी आयात पर इजरायल ने शुल्क रद्द किए

**तेल अवीव।** इजरायल सरकार ने अमेरिका से आयातित वस्तुओं पर सभी सीमा शुल्क रद्द कर दिए हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कार्यालय ने एक बयान में कहा, ''प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, वित्त मंत्री बेजेल स्मोट्रिच और अर्थव्यवस्था एवं उद्योग मंत्री नीर बरकत के निर्देश पर इजरायल ने अमे. रिका, इजरायल के सबसे बड़े व्यापा. रिक साझेदार से आने वाले उत्पादों पर अब तक लगाए गए सभी सीमा शुल्क रद्द कर दिए हैं।'' बयान में कहा गया कि अमेरिका और इजरायल के बीच 1985 के मुक्त व्यापार समझौते के तहत अमेरिका से आयातित 99 प्रतिशत वस्तुओं को सीमा शुल्क से छूट दी गई थी।







